✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 296 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 26 मार्च 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बक्सर जिले में विकास योजनाओं का उदघाटन-शिलान्यास करते सीएम नीतीश कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### सांसद गिरधारी यादव को जदयू ने भेजा नोटिस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के भीतर मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। पार्टी ने बांका से सांसद गिरधारी यादव के खिलाफ कथित दल-विरोधी गतिविधियों को लेकर लोकसभा अध्यक्ष को अयोग्यता का नोटिस सौंपा है। बताया जा रहा है कि लोकसभा में जदयू के नेता दिलेश्वर कामत ने स्पीकर को पत्र लिखकर गिरधारी यादव की सदस्यता समाप्त करने की मांग की है। आरोप है कि उन्होंने पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधियां की हैं।

### रामनवमी से पहले गया में 400 डीजे जब्त

**गया (नबिटा ब्यूरो)।** रामनवमी त्योहार को लेकर इस बार भी बिहार पुलिस ने व्यापक तैयारी कर रखी है। गया में पुलिस ने रामनवमी का जुलूस निकलने से पहले बड़ी करवाई भी किया है। पिछले दो दिनों में जिला पुलिस ने 400 डीजे बाजा को जब्त किया है, जबकि जुलूस निकलने से पहले दो समुदायों के बीच हुए झगड़े के बाद 6 लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है। सैंकड़ों लोगों से बाउंड पेपर भी भरवाए गए हैं, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की सख्त निगाह भी है। यह जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार ने दी।

### मई में ऑनलाइन होगी डीएलएड प्रवेश परीक्षा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से बिहार डीएलएड प्रवेश परीक्षा 2026 का आयोजन अप्रैल अंतिम या मई के पहले सप्ताह में होगा। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए 3,08,560 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया कि डीएलएड का सत्र जुलाई में शुरू कर लिया जाएगा। डीएलएड प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन होगी।

### सरकारी विद्यालयों में अब वंदे मातरम से शुरू होगी दिनचर्या

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** सूबे के सभी सरकारी स्कूलों में दिन का आरंभ राष्ट्रगीत वंदे मातरम से होगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में बुधवार को निर्देश जारी किया है। केन्द्र सरकार के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने राष्ट्रगीत को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग ने इसके पालन को लेकर सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, स्थानिक आयुक्त, सभी प्रमंडलीय आयुक्त, सभी जिलाधिकारी और सभी आरक्षी अधीक्षकों को इस संबंधी आदेश जारी किया है।

### बंगाल चुनाव के लिए बिहार के सीमावर्ती जिलों में अलर्ट

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम बंगाल में अगले माह होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बिहार चौकस है। चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल के नजदीक के जिलों किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया को लेकर अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में स्थानीय प्रशासन से लेकर केंद्र व राज्य सरकार की आसूचना इकाइयों को सक्रिय किया गया है।

## मुख्यमंत्री ने बक्सर को 592 व भोजपुर को 269 करोड़ की दी सौगात

# भोजपुर में की जायेगी सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा/बक्सर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के क्रम में बक्सर में 592 करोड़ एवं भोजपुर में करोड़ रुपये की विकासात्मक योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके बाद मुख्यमंत्री आरा के कृषि उत्पादन बाजार समिति प्रांगण में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भोजपुर में विकास के कई कार्य कराये गये हैं। हमलोग 20 साल से लगातार बिहार के विकास में लगे हैं। हमारी सरकार ने 2005 से ही भोजपुर जिले में विकास के सभी काम कराये हैं। जिले में अनेक पुलों एवं पथों का निर्माण कराया गया है। गंगा नदी पर वीर कुंवर सिंह सेतु का निर्माण कराया गया है। बक्सर से भोजपुर पथ का 4 लेन चौड़ीकरण कराया गया है। सोन नदी पर 6-लेन नये कोईलवर पुल तथा आरा शहर में आरओबी का निर्माण कराया गया है। वीर कुंवर सिंह



कृषि महाविद्यालय की स्थापना की गयी है। आरा में रिंग रोड तथा शहर के पथों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। आरा में सम्प हाउस का निर्माण कराया जा रहा है। आरा-छपरा पथ तथा बिहिया में सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। संदेश से कोईलवर तक नहर बांध पर पथ निर्माण तथा धरहरा तक नहर बांध पर सड़क निर्माण किया जा रहा है। बिहियां-पीरो पथ में बाईपास का निर्माण किया जा रहा है। तरारी में सूर्य मंदिर परिसर का विकास किया जा रहा है। 10 प्रखंडों में नये प्रखंड/अंचल कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। सात निश्चय-3 के तहत अगले 5 वर्षों 2025 से 2030 के बीच भोजपुर में अनेक काम कराये जायेंगे। भोजपुर में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना कर नये उद्योग लगाये जाएंगे। डेयरी को बढ़ावा देने के लिए जिले के शेष 17 गांवों में दुग्ध उत्पादन समितियों का गठन तथा सभी 226 पंचायतों में सुधा दूध बिक्री केन्द्र खोला जायेगा। सभी 14 प्रखण्डों में आदर्श विद्यालय तथा डिग्री कलेज की स्थापना की जायेगी। सभी 14 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों को विशिष्ट अस्पताल तथा भोजपुर सदर अस्पताल को अति विशिष्ट अस्पताल बनाया जायेगा। भोजपुर में खेलों के लिए सेंटर आफ एक्सीलेंस की स्थापना की जायेगी। सबका सम्मान-जीवन आसान निश्चय के तहत कठिनाइयों को दूर कर लोगों के लिए सरकारी सुविधाएं प्राप्त करना आसान बनाया जायेगा।

## नए लोगों को आवंटित किये जायेंगे सरेंडर किए गए घाट : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने बुधवार को खनन विभाग की उपलब्धियों और राजस्व वसूली को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विभाग ने अवैध बालू लदे ट्रैक्टर पकड़ने वाले 24 खनन योद्धाओं को 5-5 हजार रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बिहार में ओवरलोडिंग और अवैध खनन लगभग बंद हो गया है, इसलिए केवल ट्रैक्टर ही पकड़े गए। खनन योद्धाओं का सम्मान सुरक्षित तरीके से किया गया और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनके विवरण सार्वजनिक नहीं किए जा रहे हैं। विजय सिन्हा ने बताया कि भोजपुर जिले में निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूला गया और राज्य के 10 जिलों ने अपने लक्ष्यों से ज्यादा राशि प्राप्त की है। अब तक 3,252 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला जा चुका है और उम्मीद है कि साल के अंत तक यह 3,800 करोड़



रुपये के लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जिन लोगों ने घाट सरेंडर किया है, उन्हें फिर से वह घाट नहीं दिया जाएगा। सरेंडर किए गए घाटों को नए लोगों को आवंटित किया जाएगा। 23 मार्च को रोहतास में तीन और गया में एक बड़े माइंस का टेंडर संपन्न हुआ। गोपालगंज में हाल ही में हुई घटना की शिकायत मिलने पर दोषी पदाधिकारियों और थानेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी को पत्र भेजा गया है और प्रमाण मिलने पर कठोर कार्रवाई होगी।

## थार की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के दरिहट थाना अंतर्गत भड़कुड़िया गांव के समीप बुधवार को थार की चपटे में आने से बाइक सवार एक युवक की मौके पर हीं मौत हो गई। हालांकि इस घटना में गंभीर रूप से घायल एक अन्य युवक ने भी अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया जबकि घायल दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान भड़कुड़िया गांव निवासी स्वर्गीय सत्यनारायण कुशवाहा के पुत्र विकास कुमार एवं मिराज अंसारी के पुत्र रुस्तम अंसारी के रूप में हुई है जबकि घायल नागा पासवान भी भड़कुडिया गांव का ही रहने वाला है। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि बाइक सवार तीनों युवक भड़कुड़िया गांव से डिहरी की तरफ जा रहे थे तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार थार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।




टक्कर के बाद बाइक सवार दो युवक सड़क से दूर जा गिरे लेकिन बाइक चालक थार के चक्के के नीचे फंस गया और 50 मीटर दूर तक घसीटता रहा। हालांकि स्थानीय लोगों ने जब उक्त वाहन को पकड़ने का प्रयास किया तो चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंची दरिहट थाने की पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले में दरिहट थानाध्यक्ष रविरंजन प्रियदर्शी ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पटना से बक्सर तक बनेगा मरीन ड्राइव : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को बक्सर दौरे के दौरान बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि पटना से कोईलवर तक मरीन ड्राइव बनाने का काम शुरू हो चुका है और अब इसे आगे बढ़ाते हुए कोईलवर से बक्सर तक विस्तारित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा बल्कि गंगा किनारे बसे इलाकों के विकास को भी नई रफ्तार देगा। मरीन ड्राइव बनने के बाद पटना से बक्सर का सफर और आसान और तेज हो जाएगा। सम्राट चौधरी ने सड़कों में हुए सुधार का जिक्र करते हुए कहा कि एक समय था जब पटना से बक्सर पहुंचने में 5 घंटे लगते थे और लोग ट्रेन पर निर्भर रहते थे लेकिन अब डबल इंजन सरकार के कारण यह दूरी घटकर डेढ़ से दो घंटे रह गई है। उन्होंने इसे सरकार की बेहतर योजना और तेजी से हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर



विकास का परिणाम बताया। डिप्टी सीएम ने बताया कि बक्सर-चौसा सड़क को फोरलेन बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा, 2024 के केंद्रीय बजट के तहत बक्सर में गंगा नदी पर फोरलेन पुल का निर्माण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आग्रह पर यह बड़ा प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ जिससे इलाके की कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। सम्राट चौधरी ने कहा कि बक्सर अब सिर्फ ऐतिहासिक और धार्मिक पहचान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि औद्योगिक रूप से भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यहां सीमेंट फैक्ट्री का शिलान्यास और उद्घाटन हो चुका है। जल्द ही बक्सर और डुमरांव बेवरेज इंडस्ट्री के बड़े केंद्र बनेंगे, जहां पेप्सी और कोका-कोला जैसे ब्रांड का उत्पादन होगा। रोजगार और निवेश को लेकर उन्होंने बड़ा दावा करते हुए कहा कि अब यहां के युवा 'मेड इन यूएसए' नहीं बल्कि बक्सर में बनी कोल्ड ड्रिंक्स पिएंगे। उन्होंने इसे देश की सबसे बड़ी बेवरेज उत्पादन इकाइयों में से एक बताते हुए कहा कि इससे बड़े स्तर पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार का लक्ष्य एक करोड़ लोगों को रोजगार देना है ताकि बिहार से पलायन पूरी तरह रोका जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की योजना है कि मजदूरी के लिए अब किसी को राज्य से बाहर न जाना पड़े।

## सड़क दुर्घटना में दंपति की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में पति-पत्नी की मौत हो गई जबकि उनकी 11 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा नेमदारगंज थाना क्षेत्र के चेता बीघा गांव के पास उस समय हुआ जब परिवार एक पारिवारिक कार्यक्रम से लौट रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेली टोला निवासी पंकज कुमार (35) अपनी पत्नी सुषमा देवी (35) और बेटी परी कुमारी (11) के साथ अपनी साली के बेटे के जन्मदिन समारोह में शामिल होकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

## रामनवमी को लेकर सुरक्षा सख्त, पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में रामनवमी पर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। राज्य भर में किसी भी हालात से निपटने के लिए सुरक्षाबलों की 45 अतिरिक्त कंपनियां तैनात की गई हैं। साथ ही पुलिसकर्मियों की छुट्टियां भी रद्द कर दी गई हैं। बुधवार को डीजीपी विनय कुमार ने सभी रेंज आईजी, डीआईजी और जिलों के एसपी के साथ सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि शरारती और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। किसी भी प्रकार के अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आएं। पूरे राज्य में 29 मार्च तक अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। रामनवमी पर्व शुक्रवार को मनाया जाएगा। करीब दो घंटे तक चली समीक्षा बैठक के दौरान सुरक्षा इंतजामों की जानकारी ली गई। बैठक में डीजीपी विनय कुमार और डीजी (अभियान) कुंदन कृष्णन ने सभी जिलों के एसपी को कई सुरक्षा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम करने, सीसीटीवी से कड़ी निगाह रखने, सादे लिबास पुरुष और महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती एवं बम एवं डॉग स्क्वायड को सक्रिय रखने के निर्देश दिए।

## सेल्फी ले रहे तीन युवक गंगा में डूबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र स्थित दमराही घाट पर छठ पूजा के दौरान बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया। गंगा नदी में स्नान करने गए तीन युवक डूब गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया। लोगों का कहना है कि छठ पर्व के अवसर पर दमराही घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित थे। इसी दौरान तीन युवक गंगा नदी में उतरे। तीनों सेल्फी लेने लगे। इसी बीच तेज धारा के कारण संतुलन खो बैठे और डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया और तत्काल बचाव कार्य शुरू किया गया। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से दो युवकों को गंगा नदी से बाहर निकाला गया और तुरंत इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान गणेश कुमार (18) और रोहित कुमार (19) के रूप में हुई है। दोनों कंकड़बाग के हनुमान नगर के निवासी बताए जा रहे हैं। तीसरे युवक की तलाश अभी जारी है। मालसलामी थाना प्रभारी ने बताया कि लापता युवक की खोज के लिए एनडीआरएफ की टीम की मदद ली जा रही है। गोताखोरों की सहायता से गंगा नदी में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

# बिहार में दिन में सस्ती व शाम में महंगी होगी बिजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में बिजली उपभोक्ताओं, खासकर स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपयोगकर्ताओं के लिए 1 अप्रैल 2026 से बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। बिहार विद्युत विनियामक आयोग ने टाइम ऑफ डे टैरिफ को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब बिजली की दरें दिन और समय के हिसाब से अलग-अलग होंगी। इस नई व्यवस्था के लागू होने के बाद राज्य के करीब 87 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर इसका असर देखने को मिलेगा। नई व्यवस्था के तहत दिन के समय बिजली सस्ती और शाम के पीक आवर में महंगी हो जाएगी। आयोग के फैसले के अनुसार सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली की खपत करने पर उपभोक्ताओं को केवल 80 प्रतिशत ही भुगतान करना होगा। यानी अगर इस अवधि में 100 रुपये की बिजली खर्च होती है तो उपभोक्ता को मात्र 80 रुपये ही चुकाने होंगे। वहीं, शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक के समय को पीक आवर माना गया है, जब बिजली की मांग सबसे अधिक होती है। इस दौरान बिजली उपयोग करने पर उपभोक्ताओं को ज्यादा भुगतान करना होगा। उदाहरण के तौर पर यदि इस अवधि में 100 रुपये की बिजली खपत होती है तो उपभोक्ता को 120 रुपये तक चुकाने पड़ सकते हैं।



हालांकि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए यह बढ़ोतरी कुछ कम रखी गई है और उनसे करीब 110 प्रतिशत तक ही राशि ली जाएगी। इसके अलावा रात 11 बजे से सुबह 9 बजे तक की अवधि को सामान्य समय माना गया है। इस दौरान बिजली की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और उपभोक्ताओं को सामान्य दर पर ही बिजली मिलेगी। इस नई प्रणाली का उद्देश्य बिजली की मांग को संतुलित करना और पीक समय में लोड कम करना है। पहले यह व्यवस्था केवल औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं तक सीमित थी लेकिन अब इसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले सभी उपभोक्ताओं पर लागू किया जा रहा है। बिजली कंपनी के प्रस्ताव पर विचार करने के बाद आयोग ने कृषि उपभोक्ताओं को छोड़कर अन्य सभी श्रेणियों के लिए इस प्रणाली को मंजूरी दी है। इसके साथ ही जिन उपभोक्ताओं के पास स्मार्ट मीटर नहीं है लेकिन उनका लोड 10 किलोवाट से अधिक है, उन्हें भी इस नई दर प्रणाली के दायरे में लाया जाएगा। ऊर्जा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से उपभोक्ताओं को बिजली के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और वे पीक समय में कम तथा ऑफ-पीक समय में अधिक बिजली का उपयोग करेंगे जिससे बिजली व्यवस्था पर दबाव कम होगा।



# संजय सरावगी ने स्थापना दिवस को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## पांच अप्रैल से 12 अप्रैल तक भाजपा मनाएगी स्थापना दिवस, होंगे कई कार्यक्रम


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में भाजपा पार्टी का स्थापना दिवस बड़े स्तर पर मनाएगी। भाजपा का स्थापना दिवस पांच अप्रैल से 12 अप्रैल तक मनाया जाएगा। स्थापना दिवस को लेकर आज प्रदेश कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी भी उपस्थित हुए और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पांच से सात अप्रैल को पार्टी पदाधिकारी कार्यालय की सजावट करेंगे, छह अप्रैल को सभी कार्यालयों में विकास यात्रा होगी। कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वजारोहण करेंगे। ध्वज के साथ सेल्फी लेना और सोशल मीडिया पर पोस्ट करना है। 6 या 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक और सक्रिय सदस्यों के साथ स्थापना दिवस मनाया जाएगा। आठ और नौ अप्रैल को जिला कार्यालय में सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न चयनित विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान सात से 12 अप्रैल तक गांव बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा जिसमें सभी पार्षद, पंचायत सदस्य के ऊपर के जनप्रतिनिधियों सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता भाग लेंगे। यह कार्यक्रम एक विधानसभा में 50 बड़े गांव में आयोजित किए जाएंगे। संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए संयोजक बनाए गए हैं। इस टोली में प्रदेश महामंत्री राधामोहन शर्मा, पूर्व विधायक पवन जायसवाल, पिंकी कुशवाहा, सत्यपाल नरोत्तम और राजीव रंजन को शामिल किया गया है। इसके लिए 13 भागों में क्षेत्रवार कार्यक्रम प्रभारी बनाए गए हैं। मिथिला के लिए जहां डॉ रागिनी रानी को प्रभारी बनाया गया वहीं तिरहुत के लिए संजय तिवारी, मगध के लिए स्वाति सिन्हा, शाहाबाद- जनार्दन शर्मा जोगी, चंपारण के लिए अर्जुन गुप्ता को दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा सारण के लिए गौतम कुमार, भागलपुर के लिए विट्टू सोनी, कोशी के लिए पूनम शर्मा, सीमांचल-अमरेश कुमार ओझा, पटना-निधि सिंह, मुंगेर के लिए सुशांत कुमार और बेगूसराय के लिए अर्चना ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में मुख्यालय सह प्रभारी दिलिप मिश्रा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी प्रभात मालाकार, सोशल मीडिया सह संयोजक अंबरीश शर्मा मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा जन अपेक्षाओं का सपना : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/सिवान।** स्वास्थ्य मंत्री एवं सिवान के विधायक मंगल पांडेय ने सिवान सदर विधानसभा क्षेत्र के कचहरी ढाला (रेल गुमटी) पर रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण की स्वीकृति मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि यह बहुप्रतीक्षित परियोजना लंबे समय से स्थानीय लोगों की मांग रही है जिसे अब स्वीकृति मिलने से सिवान के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह कदम 'विकसित सिवान' और 'विकसित बिहार' की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय है जो आने वाले समय में क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम करेगा। श्री पांडेय ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को कोटिशः बधाई एवं धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और रेल मंत्रालय के सक्रिय सहयोग से ही इस तरह की जनहितकारी योजनाएं साकार हो रही हैं। कचहरी ढाला, जो सिवान जंक्शन के समीप स्थित है वहां आए दिन जाम और रेल फाटक के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब इस ओवर ब्रिज के निर्माण से न सिर्फ यातायात व्यवस्था सुगम होगी, बल्कि शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच बेहतर संपर्क भी स्थापित होगा। श्री पांडेय ने कहा कि इस रोड ओवर ब्रिज के निर्माण से आम नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी जिससे उनके समय और संसाधनों की बचत होगी। साथ ही एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी जो किसी भी शहर के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी जिससे सिवान के समग्र विकास को गति प्राप्त होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगी, बल्कि सिवान को एक विकसित और आधुनिक शहर के रूप में स्थापित करने में भी अहम भूमिका निभाएगी।

# चिपको आंदोलन दिवस पर पर्यावरण रक्षकों को विधानसभा अध्यक्ष ने किया स्मरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने चिपको आंदोलन दिवस के अवसर पर आंदोलन के प्रारंभिक प्रणेता चंडी प्रसाद भट्ट, प्रमुख पर्यावरणविद् सुंदरलाल बहुगुणा तथा महिला नेतृत्वकर्ता गौरा देवी सहित सभी पर्यावरण रक्षकों को नमन किया। उन्होंने उन सभी लोगों को याद किया जिन्होंने वृक्षों को आलिंगन कर प्रकृति संरक्षण का अमर संदेश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि 1974 में रैणी गांव से शुरू हुआ चिपको आंदोलन आज भी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा देता है। यह आंदोलन हमें याद दिलाता है कि वन, जल और धरती की रक्षा ही सच्ची मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि चिपको आंदोलन केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का प्रतीक है। यह दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण और पेड़ों की सतत रक्षा के लिए संकल्पित होने का अवसर प्रदान करता है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमें इस गौरवशाली विरासत को आत्मसात करते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए।

# इंटर के बाद कैरियर की नई दिशा : कौशल विकास योजना से फ्री कम्प्यूटर शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जंदाहा / वैशाली।** इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए जंदाहा स्थित कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान द्वारा सत्र 2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत युवाओं को कौशल विकास योजना के माध्यम से निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाएगी। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा जो शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में लगभग 20 वर्षों का अनुभव रखते हैं तथा इंटरनेशनल टीचर एक्सीलेंस अवार्ड से अलंकृत हैं ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा-आप सभी छात्र-छात्राओं को इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। यह उपलब्धि आपके उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। अब समय है कि आप अपने कैरियर को नई दिशा देने के लिए कौशल आधारित एवं डिजिटल शिक्षा को अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए तैयार करना है। संस्थान में विभिन्न प्रकार के रोजगारोन्मुखी कोर्स संचालित किए जा रहे हैं जिनमें कुशल युवा प्रोग्राम, डीसीए, टैली ए.आई, डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम प्रमुख हैं। इन कोर्सों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे वे प्रतिस्पर्धी माहौल में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। संस्थान प्रबंधन ने बताया कि नामांकन सीमित सीटों के आधार पर लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे शीघ्र नामांकन कराकर इस अवसर का लाभ उठाएं। कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी क्षेत्र में लंबे समय से युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

# बिहार दिवस पर डॉ. एन विजयलक्ष्मी की भरतनाट्यम प्रस्तुति ने मोहा मन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस आयोजित के अंतिम दिन पटना के गांधी मैदान के पास मौजूद श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसके भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में योजना एवं विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन विजयलक्ष्मी की भरतनाट्यम प्रस्तुति आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। उनकी प्रस्तुति ने अलग ही शमां बांध दिया जिसमें शक्ति, अराधना और देशभक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। डॉ. विजयलक्ष्मी का व्यक्तित्व प्रशासनिक दक्षता और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का अद्वितीय उदाहरण है। बचपन से ही भरतनाट्यम के प्रति उनका गहरा रूझान रहा है, जिसे उन्होंने अपने व्यस्त प्रशासनिक दायित्वों के साथ निरंतर साधना के तौर पर बनाए रखा।

# अशोक अष्टमी पर सम्राट अशोक को नमन, विधानसभा अध्यक्ष ने दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सम्राट अशोक महान की जयंती अशोक अष्टमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस मौके पर उन्होंने मगध साम्राज्य की गौरवशाली परंपरा और सम्राट अशोक के आदर्शों को स्मरण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मगध की पावन भूमि पाटलिपुत्र में जन्मे चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने अपनी खड्ग-शक्ति के बल पर अखंड भारत को एकसूत्र में पिरोया। उन्होंने कहा कि कलिंग के युद्ध में हुए नरसंहार से व्यथित होकर सम्राट अशोक ने हिंसा का मार्ग त्यागकर तथागत बुद्ध के करुणा और अहिंसा के पथ को अपनाया जो उनके जीवन का सबसे बड़ा परिवर्तन था। उन्होंने कहा कि सम्राट अशोक के शिलालेखों की शाश्वत वाणी आज भी भारत की आत्मा में गूंजती है। उनके काल की महान धरोहर अशोक चक्र आज राष्ट्रध्वज की शान है जबकि अशोक स्तंभ देश के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में उनकी अमरता का प्रमाण है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्राट अशोक के धम्म, करुणा और सहिष्णुता के आदर्श आज भी समाज को एकजुट रखने और सशक्त, समरस तथा समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरणा देते हैं।

# दिल्ली हाई कोर्ट के लालू यादव की याचिका खारिज करने का बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया स्वागत

## कानून के हाथ लंबे होते हैं, कोई नहीं बचता : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दिल्ली हाई कोर्ट के राजद अध्यक्ष और पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव के लैंड-फॉर-जॉब्स मामले में सीबीआई की एफआईआर को रद्द करने की याचिका खारिज किए जाने के फैसले को लेकर बिहार भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि कानून के हाथ काफी लंबे होते हैं। उन्होंने कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि कानून अपना काम करती है। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि जिन्होंने भ्रष्टाचार किया है, उस पर कानून अपना काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अदालत को 'कुछ' लगा होगा तब ही यह फैसला लिया है जो भ्रष्टाचार करेगा, घोटाला करेगा, तो कोर्ट उचित फैसला लेती है। उन्होंने कहा कि कानून इस देश का सबसे बड़ा है, इसलिए जिन लोगों ने घोटाला किया है, भ्रष्टाचार किया है, निश्चित रूप से कानून उस तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री और केंद्र में रेल मंत्री रहते जो किया है, वह सबके सामने है। ऐसे में वे कानून की पकड़ में हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के 15 साल के 'जंगलराज' में बिहार में और भी बहुत सारे घोटाले हुए जिसके कारण हजारों करोड़ रुपये लालू परिवार के पास गए जिससे बिहार का विकास बाधित हुआ। लालू यादव जब रेल मंत्री बने तब वहां भी घोटाले हुए जिससे बिहार बहुत बदनाम भी हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर भ्रष्टाचार हुआ है, जनता के पैसों की लूट हुई है तो सजा तो भुगतना ही पड़ेगा। इससे पहले भी भ्रष्टाचार को लेकर लालू यादव को सजा मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मुझे तो लगता है कि यह पूरा परिवार घोटाला करने और अकूत संपत्ति बनाने को लेकर ही राजनीति करता रहा है।

# दानापुर पुलिया हादसा सरकार की लापरवाही का नतीजा : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढिबरा गांव में विजय सिंह पथ-ढिबरा सड़क परियोजना के तहत निर्माणाधीन पुलिया के दीवार ढहने की घटना अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक है। इस हादसे में दो मजदूर मलबे में दब गए जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हादसा बिहार सरकार की घोर लापरवाही, भ्रष्टाचार और घटिया निर्माण कार्य का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में विकास के नाम पर सिर्फ कागजी योजनाएं चल रही हैं जबकि जमीनी स्तर पर गुणवत्ता और सुरक्षा की पूरी तरह अनदेखी की जा रही है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आखिर किसकी जिम्मेदारी तय होगी? क्या सरकार यह बताएगी कि बिना मानक के निर्माण कार्य कैसे हो रहा था? मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या इंतजाम किए गए थे? यह साफ है कि सरकार ठेकेदारों को खुली छूट देकर जनता की जान के साथ खिलवाड़ कर रही है। राजेश राम ने राज्य सरकार से मांग की कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा घायल मजदूरों का समुचित इलाज सुनिश्चित करते हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए।

# रामनवमी पर न्यू मार्केट व्यावसायिक संघ करेगा राम भक्तों की सुविधाओं का देखभाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ पिछले 42 वर्षों से श्रद्धालु जो प्रसाद अथवा प्रभु हनुमान जी के दर्शनार्थी आते हैं, उनके लिए सभी सुविधाओं की व्यवस्था करते आ रहे हैं। इस कड़ी में इस वर्ष भी 27 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में श्री रामनवमी पूजा समिति, न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ रामभक्तों की सभी सुविधा का देखभाल करेगा। उक्त बात की जानकारी संघ द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान न्यू मार्केट व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष अरुण रस्तोगी ने दी। वहीं अपने संबोधन में संघ के सचिव संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। कोषाध्यक्ष बैजनाथ अग्रवाल ने बताया कि हमारी संस्था वर्ष 2017 से महाभंडारे का भी आयोजन करते आ रही है। साथ ही इस वर्ष जागरण का भी आयोजन होने जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 27 मार्च को प्रातः 10 बजे से हमारी संस्था द्वारा कार्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। मौके पर संघ के संस्थापक सदस्य प्रदीप गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक रणवीर जैन, सदस्य सुमन सिकदर, राजकुमार जयसवाल, अंकित मेहरा, शशांक प्रसाद, सचिन, रितेश सिंघल, विजय शर्मा, महेश बहरूस सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पीएलआइ योजना के विरुद्ध यूएफबीयू आंदोलन को व्यापक समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी तत्काल वार्तात्मक समाधान की मांग करते हैं। सुलह प्रक्रिया लंबित रहने के दौरान थोपे जा रहे विभाजनकारी पीएलआई फार्मूले के विरुद्ध देशव्यापी स्वतःस्फूर्त भागीदारी गहरे विरोध को दर्शाती है। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने कहा है कि संशोधित परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव फार्मूले के एकतरफा लागू किए जाने के खिलाफ शुरू किए गए आंदोलन को बैंकिंग उद्योग में व्यापक और जबरदस्त समर्थन मिला है। शाखाओं से लेकर प्रशासनिक कार्यालयों तक, कर्मचारियों और अधिकारियों ने स्वतःस्फूर्त रूप से तथा उच्च स्तर की एकजुटता और गंभीरता के साथ भाग लिया है जो इस मुद्दे पर गहरी भावना और निष्पक्षता, सामूहिक अधिकारों एवं औद्योगिक सौहार्द की रक्षा के प्रति कार्यबल के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। जमीनी स्तर पर मिली प्रतिक्रिया स्पष्ट करती है कि विरोध केवल प्रोत्साहन भुगतान तक सीमित नहीं है।

# रविवार को रोटरी क्लब द्वारा होगा 'चलो दिल से' वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पटना के सभी रोटरी क्लब जिला गवर्नर रोटेरियन नम्रता के कुशल नेतृत्व में 'चलो दिल से' शीर्षक से वॉकाथॉन एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 29 मार्च को प्रातः सात बजे कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत इनकम टैक्स गोलंबर से 7 बजे वॉकाथॉन के साथ होगी जिसे पटना के जिलाधिकारी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वॉकाथॉन में रोटरी इंटरनेशनल के महिला सशक्तिकरण एवं समाज के समग्र विकास हेतु किए जा रहे मानवीय कार्यों को प्रदर्शित करने वाली आकर्षक झांकी भी शामिल होगी। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं एवं पटना के सभी रोटरी क्लबों के रोटेरियन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे जो लैंगिक समानता और सामाजिक प्रगति के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता दर्शाएगा। वॉकाथॉन का समापन आर ब्लाक के पास स्थित रोटरी भवन में होगा जहां महिला सशक्तिकरण पर सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री अशोक चौधरी होंगे। विशिष्ट अतिथियों में एडीजीपी आर. मलार विजी, एमएलसी कोमल सिंह, रोटेरियन बिंदु सिंह तथा मेडिवर्सल हॉस्पिटल के नवनीत शामिल होंगे। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण एवं कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली विशिष्ट महिलाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा।

# अनुसूचित जाति पर शीर्ष अदालत का फैसला स्वागतयोग्य : लखेन्द्र पासवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** उच्चतम न्यायालय के केवल हिंदुओं, सिखों और बौद्धों को ही अनुसूचित जाति के रूप में मान्यता देने के फैसले का बिहार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री सह एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लखेन्द्र पासवान ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि हिंदू, बौद्ध या सिख धर्म के अलावा किसी अन्य धर्म को अपनाने वाले व्यक्ति को अनुसूचित जाति (एससी) का सदस्य नहीं माना जा सकता है। शीर्ष कोर्ट ने कहा ईसाई या मुस्लिम धर्म अपनाने पर व्यक्ति का अनुसूचित जाति का दर्जा खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस फैसले से ऐसे लोगों पर अंकुश लगेगा जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लोग जो इस्लाम या ईसाई धर्म में परिवर्तित होने के बाद भी आरक्षण का लाभ उठाते रहते हैं।

# श्री पंचरूपी हनुमान मंदिर राजवंशी नगर में भव्य तरीके से मनेगी रामनवमी

## रात्रि के ढाई बजे भक्तों के दर्शन के लिए खुल जाएगा मंदिर का पट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में भव्य तरीके से रामनवमी पर्व मनाया जाएगा। इस संबंध में मंदिर प्रांगण में आयोजित प्रेस वार्ता में मंदिर न्यास के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिरीक्षक राजीव रंजन ने बताया कि 27 मार्च के दिन आयोजित होने वाले रामनवमी उत्सव के लिए मंदिर की ओर से विशेष तैयारी की गई है इसके तहत मंदिर की साज सज्जा और पेंटिंग कराई गई है। उन्होंने बताया कि 27 मार्च के शुरुआत होने के बाद रात्रि के 1:00 बजे से 2.30बजे तक रामजी एवं हनुमान जी की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी जिसके तहत उन्हें पंचामृत इत्र और गंगाजल से स्नान कराकर नया वस्त्र धारण कराया जाएगा और इसके बाद उनकी विशेष आरती की जाएगी। आरती के उपरांत 2:30 बजे से मंदिर का पट भक्तों के दर्शन व प्रसाद चढ़ाने के लिए खुल जाएगा और भक्त हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि भक्तों की सुविधा को देखते हुए मंदिर में स्त्री व पुरुष के प्रवेश के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है। दोनों का निकास भी अलग होगा। बीपीएससी के तरफ से पुरुष भक्त और चिड़िया खाना की तरफ से महिला भक्तों का प्रवेश होगा। इसके लिए मंदिर से लेकर बीपीएससी और चिड़ियाखाना की तरफ नवीन सिंहा पार्क तक भक्तों की सुविधा के लिए छाया के लिए टेंट लगाया गया है जिसमें पंखा व पानी की व्यवस्था की गई है।

# महासप्तमी पर गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में विशेष पूजन

## महाष्टमी पर गो-पूजन व भव्य आयोजन की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर राजधानी पटना के गर्दनीबाग स्थित ठाकुरबाड़ी में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने महासप्तमी के दिन यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना और आरती की। प्रो नंदन ने बताया कि महाष्टमी के अवसर पर राज्य के सभी मठ-मंदिरों में गो-पूजन करने का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में भी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पुष्पांजलि के बाद गो-पूजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में कई प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# बिहार दिवस: आईपीआरडी पवेलियन में रिकार्डतोड़ सेल्फी

## आईपीआरडी पवेलियन में 1200 से अधिक लोगों ने ली सेल्फी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार दिवस के तीन दिवसीय भव्य आयोजन में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पवेलियन में वर्चुअल सेल्फी का जबरदस्त क्रेज देखा गया। 22 से 24 मार्च तक चले इस कार्यक्रम में 1200 से अधिक लोगों ने विभाग के इस स्टॉल पर इनोवेटिव वर्चुअल सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ली। समापन दिवस 24 मार्च को सबसे अधिक भीड़ उमड़ी जहां आगंतुक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टेम्पलेट वाली वर्चुअल सेल्फी लेने के लिए सबसे ज्यादा उत्साहित नजर आए। यह टेम्पलेट पूरे तीन दिनों में सबसे लोकप्रिय रहा। पहले दिन (22 मार्च) यहां 300 से अधिक आगंतुक अनूठी सेल्फी लेने पहुंचे, अगले दिन यह संख्या बढ़कर 400 के आसपास पहुंच गई और आखिरी दिन करीब 500 लोगों ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं अखबार में छपी तस्वीरों वाली सेल्फी का आनंद लिया। यहां कई लोग दोबारा अपने परिचितों की सेल्फी खिंचवाने पहुंचे। दर्शकों ने इसे मनोरंजक, यादगार और अलग अनुभव वाला प्रयास कहते हुए सराहा।

# आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड

## भारत की उभरती कंपनियों में निवेश के साथ संपत्ति सृजन का अनूठा अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रायपुर / पटना।** आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं के तहत आइसीआइसीआइ प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लांच किया है। यह फंड ग्राहकों को उभरती हुई लिस्टेड कंपनियों के एक बड़े समूह में निवेश करने और एक अनुशासित, इंडेक्स-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने में मदद करता है। यह फंड स्मॉलकैप 250 इंडेक्स को ट्रैक करता है जिसमें निफ्टी 500 के अंतर्गत 251वें से 500वें स्थान तक की 250 कंपनियां शामिल होती हैं। हालांकि नियामकीय कारणों से कंपनी हमेशा इंडेक्स के अनुरूप सभी शेयर्स में उसी अनुपात में निवेश नहीं कर सकती जिससे कभी-कभी ट्रैकिंग एरर हो सकता है। यह फंड उन छोटी सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश का अवसर देता है जो अपने विकास के शुरुआती चरण में हैं और समय के साथ बढ़ने की क्षमता रखती हैं। इस नए फंड के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड ग्राहकों को उभरती कंपनियों की विकास क्षमता में भाग लेने और लंबे समय में धन बनाने का एक सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है। यह उन दीर्घकालिक निवेशकों के लिए उपयुक्त है, जो बाजार के विभिन्न सेक्टर्स में उभरती कंपनियों में व्यवस्थित निवेश चाहते हैं। इस फंड का नियम-आधारित तरीका निवेश में अनुशासन बनाए रखता है और अलग-अलग तरह के बिजनेस में निवेश का मौका देता है।

# 'समृद्धि यात्रा' में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्योग विभाग द्वारा लगाए स्टॉल का किया अवलोकन

## औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार हेतु 1750 एकड़ नई भूमि की पहचान की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**सासाराम।** 'समृद्धि यात्रा' के अंतर्गत रोहतास जिले में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उद्योग विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिले के औद्योगिक विकास और स्थानीय उद्यमिता को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न नवाचारों और संभावनाओं को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया। स्टॉल विजिट के दौरान स्थानीय उद्यमियों द्वारा मुख्यमंत्री को उनके चित्र का आकर्षक फोटो फ्रेम तथा भगवान बुद्ध की एक सुंदर 3डी मॉडल भेंट स्वरूप प्रदान की गई। मुख्यमंत्री ने इन रचनात्मक प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए स्थानीय प्रतिभा एवं उद्यमशीलता की प्रशंसा की और इसे आत्मनिर्भर बिहार की दिशा में सकारात्मक कदम बताया। इस दौरान डालमिया सीमेंट के स्टेट कॉरपोरेट अफेयर्स हेड कॉरपोरेट अफेयर्स सीनियर जनरल मैनेजर राजेश कुमार ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया। उद्योग विभाग के इस स्टॉल में प्रमुख रूप से रोहतास स्थित डालमिया सीमेंट द्वारा अपने प्रस्तावित औद्योगिक विस्तार की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कंपनी द्वारा एक अत्याधुनिक 3डी मॉडल के माध्यम से भविष्य की योजनाओं और संभावित विकास का खाका प्रस्तुत किया गया जिसे मुख्यमंत्री ने गहन रुचि के साथ देखा। इस अवसर पर रोहतास प्रशासन द्वारा जिले में औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार हेतु लगभग 1750 एकड़ नई भूमि की पहचान की जानकारी भी मुख्यमंत्री को दी गई। जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा इस प्रस्तावित भूमि का विवरण एवं संभावनाएं प्रस्तुत की गईं जिस पर मुख्यमंत्री ने संतोष व्यक्त करते हुए इसे जिले के औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। उक्त स्टॉल का आयोजन जिला उद्योग केंद्र, रोहतास एवं डालमिया सीमेंट के संयुक्त सहयोग से किया गया था जिसमें स्थानीय उद्योगों, निवेश की संभावनाओं एवं रोजगार सृजन के अवसरों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। जिला उद्योग केंद्र, रोहतास के महाप्रबंधक आशीष रंजन ने कहा कि रोहतास जिला औद्योगिक विकास की दृष्टि से तेजी से उभर रहा है। हाल ही में बिहार सरकार ने मेसर्स रोहतास सीमेंट (ए यूनिट ऑफ डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड), बंजारी, रोहतास को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नियमावली-2016 के नियम-7 के उप नियम के आलोक में 1 मिलियन टीपीडी से अतिरिक्त विस्तार कर 0.5 मिलियन टीपीडी (अर्थात कुल 15 मिलियन टीपीडी) क्षमता का सीमेंट निर्माण इकाई की स्थापना हेतु कुल एक सौ सात करोड़ बत्तीस लाख रूपये के निजी पूंजी निवेश की स्वीकृति दी गयी है। इकाई की स्थापना होने पर राज्य में पूंजी निवेश के साथ-साथ कुल 594 कुशल एवं अकुशल कामगारों का प्रत्यक्ष नियोजन हो सकेगा।

# लोक आस्था का महापर्व चैती छठ संपन्न, भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर की सुख-समृद्धि की कामना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ बुधवार की सुबह भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हो गया। सुबह लगभग 5:57 बजे सूर्योदय होते ही व्रतियों ने घाटों पर खड़े होकर भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया और अपने परिवार, समाज तथा देश की खुशहाली की कामना की। अहले सुबह से ही श्रद्धालु विभिन्न छठ घाटों पर पहुंचने लगे थे। शहर की विभिन्न समितियों द्वारा घाटों तक जाने और वहां ठहरने की बेहतर व्यवस्था की गई थी। तार बंगला मोड़ पर दुकानदार संघ के ललन सिंह गदर, नारायण सिंह समेत अन्य लोगों द्वारा रोशनी की उत्तम व्यवस्था की गई थी जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा हुई। वहीं डिहरी के समीप स्थित सोन नदी तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने एक साथ छठ व्रत किया। यहां श्री कृष्ण पूजा कमिटी द्वारा करीब एक किलोमीटर सड़क और दो किलोमीटर घाट क्षेत्र में विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई थी। नदी में जलस्तर अधिक होने के कारण कमेटी द्वारा मिट्टी भरकर सुरक्षित रास्ता तैयार किया गया जिससे व्रतियों को घाट तक पहुंचने में कोई कठिनाई नहीं हुई। इसी तरह इमलिया घाट, बाल गोविंद बिगहा और शिवगंज स्थित शिवम पूजा कमिटी द्वारा भी घाटों को रोशनी से सजाया गया जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। रोहतास एसपी रौशन कुमार के निर्देश पर डिहरी नगर थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार शाम से ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बुधवार को सुबह 4 बजे से ही सभी प्रमुख घाटों पर भारी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात रहे। एसडीएम निलेश कुमार ने भी विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान राजद के पूर्व प्रत्याशी गुड्डू चंद्रवंशी सहित कई जनप्रतिनिधि घाटों पर मौजूद रहे। वहीं शहर के विधायक एवं लोजपा के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह ने श्री कृष्ण छठ घाट पर श्रद्धालुओं के साथ अर्घ्य अर्पित किया। चैती छठ पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। मान्यता है कि इस कठिन व्रत के पालन से संतान सुख और परिवार में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

# ऑप्टोमेट्री छात्रों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव, उद्योग-अकादमिक सहयोग से खुलेंगे रोजगार के नए अवसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार एवं अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के बीच विद्यार्थियों के प्रशिक्षण, क्लिनिकल एक्सपोजर एवं प्लेसमेंट को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी के तहत ऑप्टोमेट्री एवं अन्य स्वास्थ्य विज्ञान के विद्यार्थियों को अत्याधुनिक उपकरणों के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप तथा रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस अवसर पर नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज के ऑप्टोमेट्री अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। चयन प्रक्रिया के तहत विद्यार्थियों का मूल्यांकन लिखित परीक्षा, तकनीकी साक्षात्कार एवं एचआर राउंड के माध्यम से किया गया। ड्राइव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया जिसमें कई छात्रों का प्रारंभिक चयन भी हुआ जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य की संभावनाएं मजबूत हुई हैं। कार्यक्रम में प्रो-चांसलर गोविंद नारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकार के उद्योग-अकादमिक सहयोग से विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिलता है जो उनके पेशेवर विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वहीं कुलपति डॉ. जगदीश सिंह ने इसे समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कुलाधिपति के सलाहकार डॉ. एम. के. सिंह, कुलसचिव डॉ. आलोक प्रताप तथा संकाय निदेशक डॉ. नीरज कुमार ने भी इस पहल को विद्यार्थियों के लिए लाभकारी बताते हुए कहा कि यह समझौता गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, नैदानिक दक्षता और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देगा। प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख अरिंदम मुखर्जी ने प्लेसमेंट प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी जबकि ऑप्टोमेट्री विभाग के प्रभारी विवेक सिन्हा ने विभाग की उपलब्धियों और विद्यार्थियों की तैयारियों पर प्रकाश डाला। वहीं, अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल की ओर से महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रवि रंजन ने संस्थान के कार्यक्षेत्र और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। मानव संसाधन प्रतिनिधि सिमरन पांडेय एवं ऑप्टोमेट्रिस्ट रोशन ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें करियर संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को दीर्घकालिक एवं लाभकारी बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह सहयोग शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा तथा विद्यार्थियों के करियर को नई दिशा देगा।

# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ छठ महापर्व संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** छठ महापर्व का समापन उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ हुआ जिसमें व्रती पुरुष और महिलाओं ने नदी और तालाब के घाटों पर जाकर सूर्य को अर्घ्य दिया और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में छठ महापर्व की तैयारियां पूरी हो गई थीं और सभी छठ घाटों पर सुविधा एवं पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी रही वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा भी विशेष ख्याल रखा गया। इस अवसर पर लोगों ने एक-दूसरे को प्रसाद बांटकर बधाई दी जिसमें ठेकुआ, गन्ना, सेब, अमरूद और अन्य फल शामिल थे। व्रती महिलाओं ने सूर्य देव को धन्यवाद देने और उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए अर्घ्य दिया जो जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और समृद्धि की कामना के लिए दिया जाता है। ठेकुआ गेहूं के आटे, गुड़ और घी से बनाया जाता है जो शुद्धता और सात्विकता का प्रतीक है जबकि गन्ना शक्ति और एकता का प्रतीक है और सेब तथा अमरूद आरोग्य और ऊर्जा का प्रतीक है। छठ महापर्व का यह अंतिम दिन लोगों के लिए उत्साह और भक्ति का प्रतीक है जिसमें वे अपने परिवार और समाज के साथ मिलकर सूर्य देव की पूजा करते हैं और एक-दूसरे के साथ मिलकर इस पर्व की खुशियों को बांटते हैं। इस अवसर पर घाटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी और व्रती महिलाओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। सामाजिक कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन ने भी इस अवसर पर विशेष व्यवस्था की जिससे लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।

### आवश्यक सूचना। / (नोटिस)


Court of Spl. Judge Pocso - Garhwa
Schedule XLIII - High Court (M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
Returnable date within one month.
Printed by : Prisoners of B. M. C. Jail, Hotwar, Ranchi, Phone : 0651 - 2276012

**नाम**– (1) रोहित कुमार, पिता–अरुण साव, पता–खुर्रा, थाना–बड़गड़, जिला–गढ़वा, झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप बड़गड़ थाना कांड सं0–04/26, दिनांक–29.01.2026, धारा–64(2), 351(2), 352, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं 4/6 पोक्सो एक्ट 2012 के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे हैं। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, पोक्सो, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के द्वारा दिनांक–16.03.2026 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–19.03.2026 को आपके घर पर उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से फिरार चल रहे हैं। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–18.04.2026 तक माननीय न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, पोक्सो, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड, के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–18.04.2026 तक माननीय न्यायालय, विशेष न्यायाधीश, पोक्सो, व्यवहार न्यायालय, गढ़वा, जिला–गढ़वा, झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

**पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।**

PR 375991 (Police) 25-26 (D)


# नवाचार और उत्कृष्ट नेतृत्व के लिए शिक्षिका ममता पाण्डेय हुईं सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड डिहरी के मध्य विद्यालय सिधौली की शिक्षिका ममता पाण्डेय को टीबीटी मंच के माध्यम से 101 शिक्षकों के सम्मान समारोह का सफल नेतृत्व करने एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान डाइट (जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान) के प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार मौर्य द्वारा मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र देकर प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीरज कुमार मौर्य ने कहा कि ममता पाण्डेय एक मेहनती एवं प्रतिभाशाली शिक्षिका हैं जिन्होंने नवाचार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिक्षकों के प्रयास से शिक्षा का स्तर और बेहतर होता है। बिहार दिवस के उपलक्ष्य में 22 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में टीबीटी शिक्षकों का थीम 'कबाड़ से जुगाड़–शिक्षक करें नवाचार' रखा गया था। इस दौरान शिक्षकों ने घर में उपलब्ध बेकार वस्तुओं से टीएलएम (शिक्षण सामग्री) तैयार कर आकर्षक प्रस्तुतीकरण किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत, लोकनृत्य सहित विभिन्न प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

# मुख्यमंत्री की 'समृद्धि यात्रा' पर राजद नेता का हमला, उद्योग के वादों को बताया हास्यास्पद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** राजद चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ. ओ. पी. आनन्द ने मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान किए गए घोषणाओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा किए गए अधिकांश वादे आज तक धरातल पर नहीं उतर सके हैं। डॉ. आनन्द ने सवाल उठाते हुए कहा कि पाली पुल और पाण्डुका पुल जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य अब तक अधूरे हैं जबकि रोपवे परियोजना भी ठप हो चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि जनता के मुद्दों से दूर होकर केवल औपचारिकताओं तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि स्कूल भवन तो बन गए, लेकिन शिक्षकों की कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है। वहीं इंद्रपुरी पार्क की स्थिति को लेकर उन्होंने चिंता जताई और कहा कि यह अपनी अंतिम अवस्था में पहुंच चुका है। डॉ. आनन्द ने सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नए टेंडरों में कमीशनखोरी चरम पर है और योजनाओं का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी, मिड-डे मील और मनरेगा जैसी योजनाओं में अनियमितताओं का भी आरोप लगाया। उद्योगों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि रोहतास जिले में बंद पड़े रोहतास इंडस्ट्री, पीपीसीएल सहित कई उद्योगों को पुनर्जीवित करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि 20 वर्षों के शासन में यदि विकास हुआ है तो सरकार उसे सार्वजनिक करे। अंत में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की यह समृद्धि यात्रा अब 'विदाई यात्रा' बनती जा रही है और रोहतास जिले के विकास की उम्मीदें अब कम होती जा रही हैं।

# चैता गायन दुगोला कार्यक्रम, विधायक ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के सूर्यपुरा प्रखंड के हुकाड़ीह गांव में मंगलवार की देर रात चैती छठ के अवसर पर स्थानीय कलाकारों के द्वारा चैता दूगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक एवं आरएलएम प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे हुए और उनके बीच उत्साह देखा गया। विधायक आलोक कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को बचाने और समाज में भाईचारे को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान जदयू प्रखंड अध्यक्ष रवि पटेल ने कलाकारों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कलाकार हमारी संस्कृति के संवाहक हैं और उनके सम्मान से ही लोक परंपराएं जीवित रहती हैं। अतिथियों ने प्रस्तुतियों की सराहना की। दूगोला कार्यक्रम में डेढ़गांव और महुअरी की टीमों ने भाग लिया। सभी अतिथियों ने उनकी प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर विजय चौधरी, परवीन कुमार पटेल, प्रीतेश पटेल (वार्ड), मोहन चौधरी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। भाजपा नेता अखिलेश कुमार, अजय सौंदीक, पैक्स अध्यक्ष रघुकुल तिलक और रामबचन यादव भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने देर रात तक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

# काली मंदिर स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** मंडला क्षेत्र के बिक्रमगंज प्रखंड के मनी पंचायत अंतर्गत केशोडीह गांव में बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यह आयोजन श्री काली मंदिर समिति केशोडीह के तत्वावधान में मां भगवती मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के 25 वां वर्षगांठ के निमित्त बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन पिछले चार दिनों से आचार्य बाल व्यास श्री अयोध्या जी के मार्गदर्शन में चला। आचार्य रमेश मिश्रा ने भारतीय संस्कृति के विशेषता को भी कथा के माध्यम से उजागर किया। बताया गया कि हम सब को भी ऋषि मुनियों की भांति जीवन जीना चाहिए। इससे अध्यात्म एवं राष्ट्रीयता को बल मिलता है। भंडारा के साथ ही कथा की पूर्णाहुति हो गई। समिति के अध्यक्ष शोभनाथ प्रसाद एवं सचिव सोनू सिंह ने सभी आए हुए अतिथियों का धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी। भंडारे में बड़ी संख्या में मां, बहन सहित भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य, जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र शाह, शिव शिष्य अंजनी गुप्ता एवं श्रद्धालु भक्त तथा कार्यकर्ता मनोज कुमार, प्रदुमन कुमार, राहुल कुमार, रोहित प्रसाद, मदन गुप्ता, नीतीश, अमन इत्यादि की सहभागिता रही।

## बिजली चोरी के आरोप में हुई कार्रवाई

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिजली चोरी के खिलाफ विभाग की कार्रवाई जारी है। बिक्रमगंज में विद्युत विभाग की टीम ने छापेमारी कर चार लोगों पर बिजली चोरी का मामला दर्ज किया है।


## शपथ-पत्र

मैं निर्भय प्रताप सिंह उर्फ अजय कुमार, पिता सुदेश नारायण सिंह, ग्राम कटैया, थाना- देव, जिला- औरंगाबाद (बिहार), सत्य एवं निष्ठापूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड सं.-5542 2845 7967 पर मेरा नाम निर्भय प्रताप सिंह अंकित है। मेरे नाम से बैंक ऑफ बड़ौदा में बचत खाता है जिसका खाता सं.- 62890100004776 पर मेरा नाम निर्भय प्रताप सिंह अंकित है। मेरे नाम से भारतीय जीवन बीमा निगम में एक पॉलिसी है जिसका पॉलिसी सं.- 513715223 पर मेरा अजय कुमार अंकित है। उक्त दोनों नाम अजय कुमार उर्फ निर्भय प्रताप सिंह दोनों नाम मेरा ही है इस नाम का अन्य कोई व्यक्ति मेरे गांव में नहीं है मैं दोनों नामो से जाना पहचाना जाता हूं।
मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।
शपथ पत्र सं. 8264 दिनांक 25.3.26

**शपथकर्ता**
**निर्भय प्रताप सिंह**



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर
### ई–प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### निविदा सूचना संख्या – DWSD/MED/RRP/10/2025-26 (1st Call) / दिनांक 25.03.2026

1. कार्य का नाम :– वित्तीय वर्ष 2025–26 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में **32mm** व्यास के **I.M-II** हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य ''टर्न की'' के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि(रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | Chainpur & Ramgarh | 134 Nos. | 19,75,160.00 | 40,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-2 | Patan & Pandwa | 117 Nos. | 17,24,580.00 | 34,500.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-3 | Manatu & Tarhasi | 137 Nos. | 20,19,380.00 | 40,500.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-4 | Lesliganj | 80 Nos. | 11,79,200.00 | 24,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-5 | Satbarwa & Medininagar | 126 Nos. | 18,57,240.00 | 37,500.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-6 | Bishrampur & Nawa Bazar | 115 Nos. | 16,95,100.00 | 34,000.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-7 | Pandu & Untari Road | 79 Nos. | 11,64,460.00 | 23,500.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-8 | Chhattarpur & Naudiha Bazar | 113 Nos. | 16,65,620.00 | 33,500.00 | 5000.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-9 | Hariharganj & Pipra | 84 Nos. | 12,38,160.00 | 25,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-10 | Hussainabad | 81 Nos. | 11,93,940.00 | 24,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |
| MED RRP-11 | Haidernagar & Mohammadganj | 70 Nos. | 10,31,800.00 | 21,000.00 | 2500.00 | 02 (दो) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 02.04.2026 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 09.04.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि **Online** जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 09.04.2026 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.04.2026 / 05.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 9973742366 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।**

PR 376024 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

# रामनवमी पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था संबंधी बैठक




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** रामनवमी त्योहार 2026 को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के वातावरण में मनाने हेतु जिलाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधि-व्यवस्था संबंधी बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर समय से उपस्थित होकर विधि-व्यवस्था का संधारण सुनिश्चित करें।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र (तलवार आदि) के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी तथा मोटरसाइकिल के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। बाइकरों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

सिविल सर्जन, नवादा को निर्देश दिया गया है कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जीवनरक्षक दवाओं के साथ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करें। आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि जल आपूर्ति की समुचित व्यवस्था रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्व के दौरान चौक-चौराहों पर ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से शराबियों की सघन जांच की जाएगी। शोभा यात्रा में शराब के प्रभाव में पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त पुलिस वाइकर्स टीमों द्वारा निरंतर गश्ती की जाएगी तथा शरारती तत्वों की पहचान हेतु विशेष टीमों का गठन किया गया है।

जिलाधिकारी ने नगर परिषद/नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारियों एवं अन्य संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा शोभा यात्रा में लगाए गए झंडे एवं पताकाएं जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के अंदर हटाना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि बिना अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) के कोई भी जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। असामाजिक तत्वों एवं अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश प्रसारित करने वालों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा-चिकसौरा मुख्य मार्ग पर स्थित जमुआरा गांव के समीप सोमवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

मृतक की पहचान परवलपुर थाना क्षेत्र के कुशवाहा गांव निवासी राम प्रवेश पासवान के 19 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक की पहचान चिकसौरा थाना क्षेत्र के जमुआरा गांव निवासी दुन्दन पासवान के 20 वर्षीय पुत्र कौशलेंद्र कुमार के रूप में हुई है, जिसका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पंकज कुमार अपने ननिहाल जमुआरा गांव आया हुआ था। घटना के समय दोनों ममेरे भाई एक ही बाइक पर सवार होकर चिकसौरा बाजार से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पंकज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कौशलेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। चिकसौरा थानाध्यक्ष ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड अंतर्गत चंडी थाना क्षेत्र के अकैड़ गांव निवासी मिथलेश प्रसाद के 20 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार का दनियावां थाना क्षेत्र के होरिल बिगहा गांव के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार के संध्या करीब आठ बजे युवक अपने बाइक से दनियावां जा रहा था इसी दौरान दनियावां-चंडी मुख्य मार्ग के होरिल बिगहा गांव के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर युवक की मौत हो गई। सूचना मिलते ही दनियावां पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा शव को परिजनों को सौंप दिया।

# नगर परिषद नवादा का 2026-27 का बजट पारित



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** नगर परिषद नवादा के कार्यालय कक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने किया। इस दौरान उप मुख्य पार्षद एवं सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों की उपस्थिति में बजट को सर्वसम्मति से अनुमोदन मिला। बैठक का संचालन कार्यपालक पदाधिकारी सतेंद्र प्रसाद वर्मा ने किया। इस अवसर पर नगर प्रबंधक शशि प्रकाश, प्रधान सहायक विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। बजट में शहर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रस्तुत बजट के अनुसार कुल अनुमानित आय 221 करोड़ 73 लाख रुपये तथा कुल अनुमानित व्यय 208 करोड़ 04 लाख रुपये रखा गया है। इस प्रकार 13 करोड़ 68 लाख रुपये का अनुमानित लाभ दर्शाया गया है। केंद्र एवं राज्य सरकार से लगभग 163 करोड़ 37 लाख रुपये प्राप्त होने का अनुमान है। वहीं आगामी वित्तीय वर्ष में संपत्ति कर वसूली का लक्ष्य 2 करोड़ 60 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। विकास योजनाओं के तहत नगर परिषद ने विभिन्न मदों में बजट का प्रावधान किया है। इसमें भूमि क्रय के लिए 2 करोड़, मार्केट कॉम्प्लेक्स हेतु 1 करोड़, सामुदायिक भवन एवं वेंडिंग जोन के लिए 1-1 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा शहरी गरीबों के लिए आवास योजना में 2 करोड़, पुस्तकालय हेतु 50 लाख तथा सड़क एवं नाला निर्माण के लिए 45 करोड़ 50 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। जलापूर्ति प्रणाली और हर घर जल योजना के लिए 6 करोड़, पब्लिक लाइट हेतु 8 करोड़, सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय के लिए 8 करोड़ तथा ओपन जिम एवं पार्क विकास के लिए 29 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं, सार्वजनिक शौचालय, पार्किंग और सौंदर्यीकरण कार्यों पर भी पर्याप्त राशि खर्च की जाएगी। बैठक में यह भी बताया गया कि बिहार नगर पालिका अधिनियम 2007 के तहत शहरी गरीबों के लिए 25 प्रतिशत राशि आरक्षित रखते हुए लगभग 67 करोड़ 05 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। इस बजट से शहर के समग्र विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई है।

# गायत्री शक्तिपीठ का 13वां वार्षिकोत्सव और चार दिवसीय महायज्ञ 1 अप्रैल से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ (नवादा)।** हिसुआ के बीच बाजार स्थित गायत्री शक्तिपीठ में 13वां वार्षिकोत्सव सह 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन आगामी 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। यह चार दिवसीय धार्मिक आयोजन भक्ति, आध्यात्म और संस्कारों का संगम होगा। शक्तिपीठ की संयोजिका चंपा देवी ने बताया कि इस वर्ष का आयोजन गुरुदेव के अखंड दीपक एवं माता जी के जन्म शताब्दी वर्ष को समर्पित है। कार्यक्रम के तहत 1 अप्रैल को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। 2 अप्रैल को देव पूजन एवं अग्नि स्थापना की जाएगी, वहीं संध्या बेला में भक्ति गीत-संगीत और आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। 3 अप्रैल को 24 कुंडीय महायज्ञ के साथ विभिन्न धार्मिक संस्कार जैसे मुंडन, उपनयन एवं दीक्षा संपन्न कराए जाएंगे। अंतिम दिन 4 अप्रैल को दीप महायज्ञ, महाप्रसाद वितरण एवं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

चंपा देवी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति, परिवार, समाज और राष्ट्र निर्माण के साथ "गृहे-गृहे यज्ञ" के संकल्प को साकार करना है। इसके तहत हर घर में यज्ञ की परंपरा को बढ़ावा दिया जा रहा है। शांति कुंज हरिद्वार से आए गायत्री परिवार के परिव्राजक हिसुआ प्रखंड के कोसला, बजरा, बगोदर, महम्मदपुर, धमोल, प्रोफेसर कॉलोनी, यादव नगर एवं छोटी पाली सहित विभिन्न गांवों में दीप यज्ञ के माध्यम से आध्यात्मिक जागरूकता फैला रहे हैं।

# सड़क दुर्घटना में अखिलेश के निधन पर कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने जताया शोक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** विधायक विभा देवी एवं पूर्व मंत्री राजबल्लभ यादव के सुपुत्र अखिलेश यादव के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन पर बिहार सरकार के कृषि मंत्री रामकृपाल यादव शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान रामकृपाल यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि इतनी कम उम्र में इस तरह का असमय निधन न केवल परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

भावुक होते हुए उन्होंने कहा कि एक पुत्र का इस प्रकार अचानक चले जाना किसी भी परिवार के लिए असहनीय पीड़ा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि ऐसे कठिन समय में समाज के सभी वर्गों को एकजुट होकर शोकाकुल परिवार का संबल बनना चाहिए।

अंत में उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति दें।

# नालंदा में मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारी तेज मंत्री ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नालंदा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी की गयी है । मुख्यमंत्री 26 मार्च को नालंदा दौरे पर पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर सभी विभागों द्वारा युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल दीपनगर स्टेडियम का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मंत्री श्रवण कुमार ने संबंधित अधिकारियों के साथ पूरे आयोजन स्थल का भ्रमण किया और मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पार्किंग स्थल, पेयजल, स्वच्छता और विद्युत व्यवस्था सहित तमाम बिंदुओं की विस्तार से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर आम लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। पर्याप्त संख्या में कुर्सियां, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का दौरा महत्वपूर्ण है, इसलिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं और भीड़ प्रबंधन की समुचित योजना तैयार रखी जाए। श्रवण कुमार ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया।

## रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** कौआकोल थाना परिसर में बुधवार को सदर एसडीओ अमित अनुराग की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी पूजा शोभा यात्रा से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में रामनवमीं शोभा यात्रा को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि रामनवमी पूजा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के सहयोग से शांतिपूर्ण माहौल में शोभा यात्रा सम्पन्न करेंगे। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि शोभा यात्रा की पूरी तैयारी पहले से कर लें ताकि रूट के अनुसार सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया जा सके।

# सखी सहायता केंद्र ने किया स्वच्छता किट का वितरण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** प्रखण्ड के बापू इंटर विद्यालय पांडेयगंगौट में समग्र शिक्षा के तहत किशोरियों के लिए अधिष्ठापित सखी सहायता केंद्र के तत्वावधान में छात्राओं के बीच 'एडोलेसेंट किट' (किशोरी स्वच्छता किट) का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि वितरित की गई किट में मुख्य रूप से सैनिटरी पैड,हैंड सैनिटाइजर, एंटीसेप्टिक रुमाल व कॉटन आदि वस्तुएं शामिल है। सखी सहायता केंद्र के प्रतिनिधि व शिक्षिका ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल आदत नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की पहल से छात्राओं में झिझक दूर होती है और वे अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग होती हैं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना की और इसे छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए जरूरी बताया।

# लोन नहीं चुकाने पर बैंक ने होटल नीलगिरी को किया नीलाम

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार में वित्तीय अनुशासन को लेकर एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है, जहां शहर के खंदकपर स्थित होटल नीलगिरी को बैंक द्वारा नीलाम कर दिया गया। होटल के मालिक उदय शंकर कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक से लगभग 4 करोड़ रुपये का लोन लिया था, जिसे वे तय समय सीमा में चुकाने में असफल रहे। बैंक की ओर से बार-बार नोटिस और चेतावनी दिए जाने के बावजूद जब ऋण की अदायगी नहीं की गई, तो अंततः बैंक ने कानूनी प्रक्रिया के तहत सख्त कदम उठाते हुए संपत्ति की नीलामी कर दी। पटना से आए बैंक के रिकवरी प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि ऋण की कोई भी किस्त जमा नहीं की गई थी, जिससे ब्याज सहित बकाया राशि लगातार बढ़ती गई। इसी के आधार पर होटल नीलगिरी को नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया। नीलामी प्रक्रिया के दौरान सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को यह संपत्ति 6 करोड़ 75 लाख रुपये में आवंटित कर दी गई। बैंक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूरी प्रक्रिया बैंक के नियमों और कानूनी प्रावधानों के अनुरूप ही संपन्न की गई है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई है और इसे लोन डिफॉल्ट के मामलों में एक सख्त उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

# टीकाकरण सुदृढ़ीकरण को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड परिसर में बुधवार को टीकाकरण सुदृढ़ीकरण को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. मृत्युंजय कुमार की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गावी जीरो डोज बच्चों की पहचान और उन्हें टीकाकरण से जोड़ने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता ने बताया कि प्रखंड के कम टीकाकरण वाले दस सेशन साइट को चिन्हित किया गया है, जिन्हें जनप्रतिनिधियों विशेषकर मुखियों के सहयोग से मॉडल सेशन के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान चलाकर टीकाकरण को सुदृढ़ करना आवश्यक है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। डॉ. गुप्ता ने एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए बताया कि 14 वर्ष तक की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए यह टीका सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपील की कि चिन्हित गांवों में विशेष बैठक आयोजित कर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें

# मोरा तालाब पंचायत प्रीमियर लीग का धमाकेदार आगाज, पहले ही मैच में टाइगर राइडर की शानदार जीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मोरा तालाब पंचायत के पचासा गांव स्थित ब्रह्मस्थान मैदान के समीप मोरा तालाब पंचायत प्रीमियर लीग 2026 का भव्य शुभारंभ 25 मार्च को फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट की शुरुआत के साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों और क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस क्रिकेट लीग की खास बात यह है कि इसमें केवल मोरा तालाब पंचायत के खिलाड़ी ही भाग ले रहे हैं। आयोजकों के अनुसार इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर छिपी प्रतिभाओं को मंच देना और ग्रामीण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11,000 रुपये नकद, ट्रॉफी एवं अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे, जबकि उपविजेता टीम को 6,000 रुपये के साथ ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के सभी मैच डे-नाइट फॉर्मेट में खेले जा रहे हैं और लाइव स्कोर CricHeroes ऐप पर उपलब्ध कराया जा रहा है। खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए हर विकेट और छक्के पर विशेष इनाम की भी व्यवस्था की गई है। इस आयोजन का नेतृत्व अंकित कुमार उर्फ बिट्टू यादव कर रहे हैं, जिनके साथ पंचायत प्रतिनिधि और स्थानीय क्रिकेट प्रेमी सक्रिय सहयोग दे रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में टाइगर राइडर टीम ने जीत दर्ज कर शानदार शुरुआत की। इस मौके पर बिट्टू कुमार उर्फ अंकित यादव, पप्पू यादव (वार्ड परिषद), नीतीश कुमार (जदयू युवा नेता), सोमेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, वहीं सैकड़ों की संख्या में दर्शकों ने मैच का आनंद लिया।

# तेलहाडा विश्वविद्यालय की स्थापना का सांसद कौशलेंद्र कुमार ने लोकसभा में उठाया मामला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सांसद कौशलेन्द्र कुमार ने लोकसभा नियम-377 के तहत नालंदा विश्वविद्यालय अधिनियम-2010 की तरह ही तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय की पुनर्स्थापना की आवश्यकता पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 26 दिसंबर, 2009 को तेल्हाड़ा स्थल का भूमि पूजन कर तिलाधक (तेल्हाड़ा) विश्वविद्यालय की स्थापना का संकल्प व्यक्त किए थे। उन्हीं के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए मैं तेल्हाड़ा प्राचीन महाविहार के पुनरुत्थान (रिवाईवल) के लिए एवं नालंदा के ऐतिहासिक शैक्षणिक पहचान को पुनः स्थापित करने के लिए तेल्हाड़ा विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग करता हूं। इसके लिए सरकार के संस्कृति, शिक्षा और विदेश मंत्रालय के साथ-साथ पर्यटन मंत्रालय को एक समन्वय समिति बनाकर स्थानीय समुदाय, पुरातत्व विशेषज्ञों और बौद्ध संगठनों एवं राज्य सरकार के साथ बैठक करके प्रस्ताव तैयार किया जाए। तेल्हाड़ा एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थल है, जो कि 1वीं से 12वीं शताब्दी ई.तक एक प्राचीन बौद्ध मठ और शिक्षा केन्द्र महाविहार था। यह हाल की खुदाई से भी प्रमाणित हुआ है। प्रसिद्ध चीनी भिक्षु ह्वेनसांग ने 7वीं शताब्दी में तेल्हाड़ा के दौरा का उल्लेख भी किया है। सांसद ने मांग करते हुए कहा कि नालंदा में शिक्षा और संस्कृति विरासत एवं प्राचीन समय में बौद्ध अध्ययन के एक प्रमुख केन्द्र तेल्हाड़ा में विश्वविद्यालय की स्थापना किया जाए।

# राजबल्लभ यादव के घर रोज पहुंच रही नेताओं की फौज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** प्रदेश के पूर्व मंत्री राजवल्लभ प्रसाद एवं नवादा की विधायक विभा देवी के छोटे पुत्र अखिलेश यादव की सड़क हादसे में मौत के बाद सांत्वना देने वाले नेताओं का तांता लगा हुआ है। प्रतिदिन नेताओं की फौज पीड़ित परिजन से मिलने पहुंच रही है। जहां मंगलवार को झंझारपुर विधानसभा के पूर्व विधायक गुलाब यादव पहुंचे, वहीं बाढ़ के वर्तमान विधायक भी सांत्वना देने के लिए विधायक विभा देवी एवं पूर्व मंत्री राजबल्लभ प्रसाद यादव से मुलाकात की। बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री राम कृपाल यादव के साथ-साथ कल ही बेउर जेल से छूटे मोकामा के विधायक अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार भी अपने लाव लश्कर के साथ सांत्वना देने के लिए राजबल्लव यादव के पथरा इंग्लिश आवास पर पहुंच गए । सबों ने इस दुख की घड़ी में उनके साथ होने की बात कही और कहा कि यह घटना सचमुच में दुखदाई है। उन्होंने भी घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि ऐसे हॉस्पिटल वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए । मंत्री रामकृपाल यादव ने विधायक विभा देवी से भी उनके घर पर मुलाकात कर सांत्वना दी ।

## एक नजर

### कौआकोल के जंगली इलाकों में हाथियों का तांडव

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखंड के दरावां पंचायत में हाथियों के झुंड ने दस्तक देकर ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। प्रखण्ड के नेढला,भुआलटांड़ समेत आधा दर्जन गांवों में हाथियों के पहुंचने से अफरा-तफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने रात भर मशालें जलाकर और शोर मचाकर हाथियों को खदेड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों के अनुसार हाथियों की मौजूदगी से डरे-सहमे ग्रामीणों ने पूरी रात जागकर (रतजग्गा कर) काटी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग की टीम भी पूरी मुस्तैदी से जुटी हुई है। हाथियों का झुंड फिलहाल गोपालपुर आहर एवं नावाडीह जंगल में होने की सूचना है। जमुई डीएफओ के नेतृत्व में कौआकोल वन विभाग और कोलकाता से बुलाए गए विशेषज्ञों की विशेष टीम इलाके में कैंप कर रही है ताकि किसी भी अनहोनी को रोका जा सके। बता दें कि प्रखण्ड के जंगली इलाकों में बसे दर्जनों गांवों में इन दिनों हाथियों का आतंक चरम पर है। रुक-रुक कर हो रहे हाथियों के हमले से ग्रामीण खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

### भगवान सूर्य की प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के प्रसिद्ध सोखोदेवरा सूर्य मंदिर स्थित छठ घाट तालाब आस्था और भव्यता का अनूठा संगम देखने को मिला। छठ पूजा के पावन अवसर पर तालाब के बीचों-बीच स्थापित भगवान सूर्य की आकर्षक प्रतिमा इस बार विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई नजर आई। प्रतिमा की सुंदरता और मंदिर की सजावट को देखने के लिए स्थानीय ग्रामीणों के अलावे आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जहां लोग भगवान भास्कर की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर सुख-समृद्धि की कामना किया। वहीं छठ गीतों और 'जय छठी मैया' के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। श्रद्धालुओं का कहना है कि इस बार की सजावट और विशेष रूप से सूर्य देव की प्रतिमा ने पर्व के उत्साह को दोगुना कर दिया है। घाट पर सुरक्षा और प्रबंधन के लिए स्थानीय प्रशासन और पूजा समिति के सदस्य भी मुस्तैद दिखे, ताकि आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता पर जोर

**कौआकोल।** स्थानीय ग्रामीणों को दवाइयों की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रखण्ड के जोगाचक गांव में 'अजीत फार्मा मेडिकल एजेंसी' नामक थोक दवा दुकान का शुभारंभ हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि चिकित्सक एवं पूर्व मुखिया डॉ० चन्द्रिका प्रसाद रहे। उन्होंने विधिवत फीता काटकर प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। दुकान के संचालक श्रीकांत प्रसाद (डीलर) ने बताया कि यह एजेंसी क्षेत्र के अन्य दवा दुकानों और स्वास्थ्य केंद्रों को उचित दर पर दवाइयां उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर डॉ० चन्द्रिका प्रसाद ने प्रोपराइटर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण दवाओं की उपलब्धता से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी और उन्हें दूर-दराज के शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

### सूर्यदेव को अर्घ्य दान कर मन्नतें मांगी

**नारदीगंज,नवादा।** चार दिवसीय चैती छठपर्व को लेकर ऐतिहासिक द्वापरकालीन हंड़िया सूर्य मंदिर के अलावा अन्य छठ घाट पर छठव्रती व श्रद्धालुओं ने भगवान सूर्यदेव को अर्घ्यदान कर मन्नतें मांगी। इस दौरान बीडीओ सोनिया ढनढननिया, पंचायत सेवक रवि कुमार, थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, एसआई अखिलेश कुमार, एएसआई संजय मिश्रा समेत अन्य पुलिस बल विधि व्यवस्था के संधारण में लगे रहे। महिला पुलिसकर्मी भी जगह जगह तैनात रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मी का दल भी मौजूद रहे। हंड़िया सूर्य मंदिर के अध्यक्ष रौशन कुमार, गौतम कुमार, उप मुखिया संतोष कुमार समेत अन्य स्वयंसेवक दल छठपर्व में आये श्रद्धालुओं व छठव्रती के सेवा में भूमिका निभा रहे थे। अधिकारियों ने कहा यह छठपर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया।

### चार दिवसीय छठ पूजा सम्पन्न

**कौआकोल।** कौआकोल प्रखण्ड में बुधवार को उदीयमान सूर्य को व्रतियों ने अर्घ्य प्रदान किया। इसी के बाद चार दिवसीय चैती छठ पूजा हर्षोल्लास व भक्तिमय माहौल में संपन्न हो गया। प्रखण्ड के रानीबाजार सूर्य मंदिर छठ घाट,सोखोदेवरा सूर्य मंदिर छठ घाट,नावाडीह,भोरमबाग,मधुरापुर, पचम्बा,बाजितपुर आदि विभिन्न छठ घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा की और सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं विभिन्न छठ घाटों के अलावे ग्रामीणों के सौजन्य से बनाये गए कृत्रिम छठ घाटों पर छठी मईया की गीतों के बीच श्रद्धालुओं में काफी उत्साह रहा। रानीबाजार सूर्य मन्दिर छठ घाट पर स्थानीय पूजा कमिटी ने साफ-सफाई के व्यापक इंतजाम किए थे।

## उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ महापर्व संपन्न
# छठ पर्व प्रकृति का पर्व : डॉ. नीतू कुमारी नवगीत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शकुराबाद (जहानाबाद)।** रघुनाथगंज सूर्य मंदिर परिसर में लोक आस्था तथा विश्वास के महान पर्व छठ का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया जिसमें हजारों ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। महापर्व के चौथे दिन उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही महापर्व संपन्न हुआ। रघुनाथगंज छठ पूजा समिति के सदस्यों ने पूरी व्यवस्था इस ढंग से की थी कि छठ व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। सभी ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ महापर्व की हर गतिविधि में हिस्सा लिया। पूजा को सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन ने भी भरपूर सहयोग दिया। सोमवार की संध्या छठ व्रतियों ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया था। मंगलवार की सुबह उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य दिया गया। इस अवसर पर रघुनाथगंज सूर्य मंदिर समिति की अध्यक्ष और बिहार की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि छठ पर्व प्रकृति



का पर्व है। इस महापर्व में लोकगीतों की भी विशिष्ट भूमिका है और जितने भी प्रकार की पूजा होती है, उन सभी के लिए अलग-अलग प्रकार के लोकगीत हैं। उन्होंने कहा कि छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है। संतान प्राप्ति, सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश तथा विश्व के कई देशों में कार्तिक एवं चैत्र शुक्ल षष्ठी को यह पर्व मनाया जाता है। यह चार दिवसीय कठिन निर्जला व्रत पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और कृतज्ञता का प्रतीक है। मुख्य रूप से महिलाएं संतान की लंबी उम्र, उनके स्वस्थ भविष्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह कठिन व्रत रखती हैं। सूर्य देव को जीवन और ऊर्जा का स्रोत माना गया है। रघुनाथगंज सूर्य मंदिर पर भी ऐसी ही अद्भुत सामूहिक पूजा संपन्न हुई जिसके लिए सभी ग्रामवासी बधाई के पात्र हैं। सभी पर छठी मैया की कृपा बनी रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रघुनाथगंज सूर्य मंदिर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, सचिव दीपु कुमार, रतनी पंचायत समिति के राजेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, शंकर प्रसाद, उदय प्रसाद, सुनील प्रसाद, पुरुषोत्तम कुमार, गौतम कुमार, चंदन कुमार, सलमान कुमार, मुकेश कुमार, धीरज कुमार, विक्रांत कुमार, बिट्टू कुमार, सुधीर कुमार, मन्नू और निक्कू कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 4518 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, हाइवा जब्त, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया जी।** बहेरा थाना क्षेत्र के थाना गेट के समीप बुधवार को चलाए जा रहे सघन वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शेरघाटी-2 के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में एक हाइवा वाहन से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की गई। पुलिस ने संदेह के आधार पर हाइवा वाहन को रोककर जब तलाशी ली तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। वाहन में ऊपर से गिट्टी लदा हुआ था जबकि उसके नीचे सुनियोजित तरीके से अंग्रेजी शराब छिपाकर रखी गई थी, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। तलाशी के दौरान कुल 4518 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। मौके से दो व्यक्तियों को




गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक की पहचान नीरज यादव, साकिन ठाठा, थाना-मानसी डीह, जिला-खगड़िया के रूप में हुई है जबकि दूसरे आरोपी से पूछताछ जारी है। पुलिस दोनों से गहन पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है। इस कार्रवाई में प्रयुक्त हाइवा वाहन को भी जब्त कर बहेरा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस के अनुसार पूरी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। इस मामले में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# पूर्व मध्य रेल के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि
### डीडीयू जं. से धनबाद जं. तक 180 किमी प्रति घंटे की गति से सफलतापूर्वक किया गया स्पीड ट्रायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल द्वारा रेल परिचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए मिशन रफ्तार के तहत महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह के नेतृत्व में ग्रैंडकॉर्ड रेलखंड के पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. से धनबाद जं. तक 180 किमी प्रति घंटे तक की गति के साथ स्पेशल ट्रेन द्वारा स्पीड ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न की गयी। यह पूर्व मध्य रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस स्पीड ट्रायल के सफलापूर्वक संपन्न होने के साथ ही पूर्व मध्य रेल की उपलब्धियों में एक और अध्याय जुड़ गया है। यह रेलवे की



तकनीकी क्षमता को दर्शाता है। साथ ही यह भविष्य में तेज और सुरक्षित यात्रा का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। पूर्व मध्य रेल यात्रियों के संरक्षित परिचालन हेतु कृतसंकल्प है। इसके तहत बिहार, झारखंड एवं उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के लगभग 412 किलोमीटर लंबे ग्रैंड कॉर्ड रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ फेंसिंग किया जा रहा है। इनमें प्रधानखंटा से धनबाद, नेसुबो गोमो, कोडरमा, गया, सोननगर होते हुए पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तक 412 किलोमीटर रेलखंड में फेंसिंग का अधिकांश कार्य पूरा हो चुका है।

## श्री रामनवमी शोभा यात्रा को लेकर दोपहर दो बजे से सुबह 2 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित
### जनता अधिकारी एवं कर्मचारी को तंग न करे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** रामनवमी पर्व के अवसर पर 26 मार्च को गया शहर में आजाद पार्क से राम जन्मोत्सव शोभायात्रा का जुलूस का आयोजन निर्धारित है। यह शोभायात्रा आजाद पार्क से चलकर विष्णुपद तक जाएगी। शोभायात्रा 26 मार्च के दोपहर 2 बजे से लेकर 27 मार्च की मध्यरात्रि करीब 2.00 बजे तक गया शहर के विभिन्न जगहों रास्तों से गुजरेगी। इस दौरान सभी स्थानों पर भारी संख्या में श्रद्धालु और आमजन रास्तों पर झंडे एवं ऊंची गाड़ियों से परिचालन करते हैं। अतः सुरक्षा की दृष्टि इस समयावधि में सभी स्थानों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। गया शहर के सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से निवेदन है कि सभी लोग अपने-अपने जरूरी कार्य जैसे कि पानी, मोबाइल चार्जिंग इत्यादि समय से पूर्व कर लें। इसके साथ ही सभी से निवेदन है कि इस समयावधि में उपभोक्ता शांति और सहयोग बनाए रखें, बार-बार कर्मचारियों और पदाधिकारियों को फोन कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने हेतु दबाव नहीं बनाएं। इस दौरान यदि कही भी कोई घटना दुर्घटना हो तो संबंधित फ्यूसकॉल सेंटर के साथ-साथ कनीय विद्युत अभियंता, सहायक अभियंता एवं मेरे मोबाइल पर तत्काल सूचना दें। वही लोगों ने कहा कि जिस इलाके से शोभा यात्रा समाप्त हो उस इलाके में तुरंत बिजली बाहाल कराए जाएं।

# फल्गु नदी घाट पर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** लोक आस्था के महान पर्व छठ के अवसर पर आज प्रातःकाल फल्गु नदी के विभिन्न घाटों पर उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने का पावन अनुष्ठान श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। सुबह होते ही घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी जहां व्रतियों ने दूध एवं जल से सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे घाट क्षेत्र में भक्ति, आस्था और विश्वास का अद्भुत संगम देखने को मिला। व्रती महिलाओं एवं पुरुषों ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की, वहीं छठ गीतों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने



कहा कि भगवान भास्कर की आराधना का यह महापर्व छठ पूजा सनातन परंपरा का अत्यंत पवित्र और महान पर्व है। उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति, सूर्य और जीवन के मूल तत्वों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान करता है। उन्होंने आगे कहा कि छठ पर्व हमें एकता, अनुशासन और समर्पण का संदेश देता है तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। इस पावन अवसर पर सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर से अपने परिवार और समाज के सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हैं। प्रशासन की ओर से घाटों पर सुरक्षा और सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई थी जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## भव्य एवं ऐतिहासिक होगी रामनवमी शोभा यात्रा, झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र : राजू वर्णवाल




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** श्री रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष 26 मार्च 2026 को गया शहर में भव्य एवं ऐतिहासिक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। श्री रामनवमी पूजा केंद्रीय समिति, गया जी द्वारा आयोजित इस शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार शोभायात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से आने वाली आकर्षक झांकियां और कलाकार विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी। वही समिति के अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने कहा कि यह शोभायात्रा गया की धार्मिक आस्था, एकता और सांस्कृतिक वैभव का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अपील की कि वे बढ़-चढ़कर भाग लें और इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाएं। राम भक्त भगवान राम को मानने वाले हिन्दू धर्म को आगे बढ़ायें। हम श्री राम के वंशज हैं इस देश में रहने वाले सनातन धर्म के लोग भगवान राम को मानते हैं उनके पूजन करते हैं। सिर्फ साल में भगवान राम के लिए एक दिन सभी गयावासियों से आग्रह करेंगे कि आप जरुर आएं। कल जो गया जी का दृश्य होगा और जो मौसम होगा वह मनमोहक झांकियां होगी। वही समिति के कार्याध्यक्ष क्षितिज मोहन सिंह ने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा को और भी भव्य एवं व्यवस्थित बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। देश के विभिन्न राज्यों से कलाकारों और झांकियों को आमंत्रित किया गया है जिससे यह आयोजन पूरे देश में एक अलग पहचान बनाएगा।

## छात्रों का दल परिभ्रमण के लिए रवाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** जोरावरपुर गांव से छात्र-छात्राओं का एक दल मंगलवार को पटना के दर्शनीय स्थलों के भ्रमण के लिए रवाना हुआ। इस दल में 30 छात्र-छात्राएं शामिल हैं जो मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण (बिहार दर्शन) योजना के तहत पटना के विभिन्न ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। पंचायत के प्रमुख प्रतिनिधि नारायण पासवान और गांव के अध्यक्ष सनाउल्लाह खान ने इस दल को हरी झंडी दिखाकर विदा किया।

## फुटपाथ दुकानदारों को स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के तहत दुकान हो आवंटित : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला, सूबे की राजधानी पटना के बाद राज्य का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण गयाजी जिला के प्रमुख सड़कों के किनारे हजारों दुकान लगा कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाले फुटपाथ दुकानदारों को जिला प्रशासन द्वारा द्वारा वेंडर जोन बना कर अविलंब दुकान आवंटित करने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने किया। मांग करने वालों में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, धर्मेंद्र कुमार निराला, सुनील कुमार पासवान आदि ने कहा कि सन 2014 में देशभर के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कानून बना कर संविधान के सातवें खंड अर्थात अनुच्छेद 19 (1) के तहत स्ट्रीट वेंडिंग को एक बुनियादी अधिकार के रूप में मान्यता दी गई है।

# चैता प्रतियोगिता का आयोजन, देर रात तक गूंजते रहे लोकगीत



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के बरई स्थित सूर्य मंदिर परिसर में छठ पूजा के पावन अवसर पर भव्य चैता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं चैता प्रेमी देर रात तक मौजूद रहे और लोकगीतों का आनंद उठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव ने की जबकि मंच संचालन वीरेंद्र दांगी ने किया। मुख्य अतिथि टिकारी विधायक अजय दांगी शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने छठ पूजा के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे लोकआस्था का महान पर्व बताया। राजद प्रखंड प्रभारी डॉ. रामाशीष कुमार ने छठ पूजा को स्वच्छता, श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक बताया। पूर्व मुखिया अमित यादव ने शिक्षा के प्रसार पर जोर देते हुए छठ पर्व की महत्ता बताई। सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने चैती छठ के महत्व के साथ-साथ समसामयिक मुद्दों पर भी विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान झारखंड के व्यास राजमुनि एवं बिहार के व्यास सुरेंद्र चिंगारी के बीच चैता प्रतियोगिता आयोजित की गई। दोनों कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहन यादव, पंचायत समिति सदस्य पति हरेंद्र दांगी, संतोष यादव, सरपंच चंचल यादव, मिथिलेश कुमार, अजय कुमार टुनटुन, बिनोद यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# छठ महापर्व शांतिपूर्ण सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** लोक आस्था के महापर्व 'छठ' का समापन आज उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ अत्यंत हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हो गया। खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत केनी घाट, सरबहदा अईमा रौनिया इत्यादि घाट पर हजारों की संख्या में छठ व्रतियों और श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर की पूजा अर्चना की। इस वर्ष केनी घाट पर विधि-व्यवस्था काफी सराहनीय रही। घाट पर पानी के किनारे तक पहुंचने के लिए की गई विशेष व्यवस्था के कारण छठ व्रतियों को पूजा करने में काफी



सुविधा हुई। प्रशासन और स्थानीय स्वयंसेवकों की सक्रियता से हर साल होने वाली भीड़ के बावजूद, इस बार यातायात प्रबंधन इतना सटीक था कि सड़क पर जाम की समस्या उत्पन्न नहीं हुई। श्रद्धालुओं का आवागमन सुगम बना रहा। नदी के किनारे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे जिससे व्रती बिना किसी डर या असुविधा के पानी में उतरकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दे सके। केनी घाट पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया था। स्थानीय लोगों और पूजा समिति के समन्वय से पूरा आयोजन अनुशासित रहा।

# बिजली चोरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, 12 लोगों पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, गया ग्रामीण के कार्यपालक अभियंता इं. विनोद कुमार के नेतृत्व में बिजली चोरी रोकने हेतु सघन छापेमारी अभियान चलाया गया है। इस कार्रवाई के दौरान कुल 12 उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया जिनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी एफ आई आर दर्ज कराई गई है। दो औद्योगिक परिसर भी शामिल हैं।

इस मौके पर कार्यपालक अभियंता ने बताया कि इस छापेमारी की मुख्य बात यह रही कि पकड़े गए लोगों में दो औद्योगिक परिसर भी शामिल हैं। इन परिसरों में बड़े पैमाने पर बिजली की चोरी की जा रही थी जिससे विभाग को भारी राजस्व की क्षति हो रही थी।

**भारी जुर्माना और सख्त चेतावनी**

पकड़े गए सभी 12 लोगों पर विभाग द्वारा भारी जुर्माना लगाया गया है। इं. बिनोद कुमार ने सख्त लहजे में कहा कि बिजली चोरी एक दंडनीय अपराध है और इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करें अन्यथा पकड़े जाने पर न केवल भारी जुर्माना देना होगा, बल्कि जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। इस बड़ी कार्रवाई से क्षेत्र के बिजली चोरों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग अब उन फीडरों पर विशेष नजर रख रहा है जहां बिजली का नुकसान अधिक हो रहा है।

## मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप, सात घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी (गया)।** डोभी थाना क्षेत्र के सीताचक गांव में एक मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर ईंट-पत्थर चले जिसमें लगभग सात लोग घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाराचट्टी ले जाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के बाद दोनों पक्षों द्वारा आवेदन दिया गया है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों के ग्यारह-ग्यारह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दोनों पक्षों से तीन तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान एक पक्ष से मोहम्मद तसलीम अंसारी, मोहम्मद मोनाजिर हुसैन और मोहम्मद मिन्हाज अंसारी के रूप में हुई है जबकि दूसरे पक्ष से शिवनंदन यादव, जीतन मांझी और दीपु कुमार को गिरफ्तार किया गया है।


बिहार सरकार

**SOUTH BIHAR POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD., PATNA**
(A Govt. of Bihar undertaking)
(Regd. office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)
email-cecivilsbpdcl@gmail.com
(Department of civil of SBPDCL)
**NOTICE INVITING TENDER**
**NIT No. 29 /PR/SBPDCL/2026**
**(Through e - procurement mode only -** www.eproc2.bihar.gov.in**)**

Online e-Tender is invited by Chief Engineer (Civil), SBPDCL from eligible and experienced Agency/Firm/Company/State or Central Govt. Undertaking who have necessary experience, for the work mentioned below--

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | E.M.D. | Cost of BOQ | Bid Processing Fee | Completion time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Electric Supply Circle, CGRF, STF Office at ESC Aurangabad. | Rs. 2,97,02,115/- | Rs. 5,94,042/- | Rs. 11,800 /- | Rs. 3,540/- | 9 Months |
| 2 | Switchyard PCC with gravelling, cover slab of cable trench, approach road and height extension of boundary wall at 33/11kV PSS Jagdishpur | Rs. 33,13,700/- | Rs. 66,274/- | Rs. 5900/- | Rs. 590/- | 4 months |
| 3 | Provision of approach road for TRW Barun, Aurangabad | Rs. 37,13,632/- | Rs. 74,273/- | Rs. 5900/- | Rs. 590/- | 3 months |

| | |
|---|---|
| BOQ sale start Date | **15.04.26** through website **www.eproc2.bihar.gov.in** |
| Date of pre bid meeting | **16.04.26** |
| Period of Sale of Tender documents up to: | **20.04.26(up to 1:00 P.M.)** through website **www.eproc2.bihar.gov.in** |
| Online receipt of tender up to:- | **21.04.26(up to 3:00 PM)** EMD, Bid processing fee and cost of BOQ to be paid through online mode i.e. internet payment gateway (Credit/debit), Net banking, NEFT/RTGS to BSEDC, Patna before last date and time of opening of Technical Part. |
| Date of opening of Technical Part: | **On 21.04.26 after 3:30 PM** |
| Date of opening of Price Part: | To be notified after Technical Bid Evaluation (**www.eproc2.bihar.gov.in**) |

**Chief Engineer (Civil)**
PR- 027316 (B & C) 2025-26
विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



बिहार सरकार

**बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0**
**(बिहार सरकार का उपक्रम)**
**परियोजना निदेशक का कार्यालय, औरंगाबाद।**
Mobile No- 8292763916]E-mail-duda.aurangabad.bihar@gmail.com

**निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा आमंत्रण सूचना (ई–टेंडरिंग द्वारा www.eproc2.bihar.gov.in)

निविदा संख्याः–15/2025–2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन दाता का नाम एवं पता | **परियोजना निदेशक, बुडको, (औरंगाबाद)** गया समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने, गयाजी। |
| 2 | निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि | दिनांक– 24/03/2026 |
| 3 | निविदा कागजात डाउनलोड करने की अवधि | दिनांक 10/04/2026 से 18/04/2026 के 17.00 बजे तक। (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 4 | प्री बीड मीटिंग का समय स्थान/तिथि | दिनांक– 12.04.2026 समय 13.00 बजे स्थान– कार्यालय कक्ष, परियोजना निदेशक. बुडको, (गयाजी) |
| 5 | संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय | दिनांक–18.04.2026 के 17.00 बजे तक (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि/समय | दिनांक– 20.04.2026 के 17.00 बजे के बाद (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 7 | वित्तीय बीड खोलने की तिथि/समय | तकनीकी बीड के निष्पादन के पश्चात। (on website www.eproc2.bihar.gov.in) |
| 8 | अग्रधन, सभी शपथ–पत्र, Existing Committment (मूल में), परिमाण विपत्र के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अंतिम तिथि/समय एवं स्थान | दिनांक–20.04.2026 के 17.00 बजे तक 1. मुख्य महाप्रबंधक, बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि० (बुडको) बेस्ट बोरिंग केनाल रोड, राजापुर पुल, पटना–800001, बिहार, पटना का कार्यालय। 2. परियोजना निदेशक, औरंगाबाद, बुडको का कार्यालय। गयाजी समाहरणालय परिसर में डी0आर0डी0ए0 के सामने,गयाजी |

9 कार्य का विवरणः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्कुलिंडिग मोनसून अवधि माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत देव अन्तर्गत मदनपुर पथ से लख्खी बगीचा श्मशान घाट तक सम्पर्क पथ निर्माण कार्य। (वित्तीय 2024–2025) | 42,15,025.00 | 84,300.00 | 11,800.00 | As Per Eproc | 4 माह |

नोटः– 1. Bidders should submit Bid Processing fee through on line payment as per amount generated on website www.eproc2.bihar.gov.in

**परियोजना निदेशक,**
बुडको, औरंगाबाद

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।
**PR. No. 27233 (B&C) 25-26**
नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

संपादकीय

## पीएम नरेंद्र मोदी का अनोखा रिकॉर्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम अब एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। उन्होंने राज और केन्द्र में सत्ता के शीर्ष पर अधिकतम समय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। हालांकि दोनों को अलग-अलग करके देखें तो इस मामले में पहले से स्थापित रिकॉर्ड में वो अभी पीछे हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मार्च 2026 को भारत में सबसे लंबे समय तक सरकार के प्रमुख (मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री) रहने का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने 8 हजार 931 दिनों से अधिक समय तक लगातार शासन करके सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का कुल 8 हजार 930 दिनों का रिकॉर्ड तोड़ा है। यह 7 अक्टूबर 2001 से जारी उनके अटूट सेवा काल को दर्शाता है। मोदी के नाम यह निर्बाध शासनकाल का रिकॉर्ड भी है। पहले वो 2001 से लेकर 2014 तक सीएम और 2014 से अब लगातार प्रधानमंत्री हैं। वो तीसरे प्रधानमंत्री हैं, जो मुख्यमंत्री भी रहे। इसके अलावा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार शपथ लेने के बाद से मोदी ने 3 बार गुजरात के सीएम और लगातार 3 लोकसभा चुनाव जीतने वाले प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया है। खास बात यह भी है कि 24 साल से देश की निरंतर सेवा करते समय मोदीजी ने एक दिन का भी अवकाश नहीं लिया। साथ ही अपनी पार्टी और गठबंधन को लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटाया। मोदी के नाम एक और रिकॉर्ड पिछली बार बना था, जब इंस्टाग्राम पर उनके 100 मिलियन फॉलोअर्स हो गए थे। यह संख्या अमेरिकी राष्ट्रपति के फॉलोअर्स की संख्या से दोगुनी है। इसी तरह यू-ट्यूब पर उनके सबस्क्राइबर्स की संख्या 3 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। अगर मोदी के प्रधानमंत्री के रूप में ही कार्यकाल की बात करें तो अभी पंडित जवाहरलाल नेहरू तथा श्रीमती इंदिरा गांधी के पीएम के रूप में कार्य दिनों से मोदी पीछे हैं। उदाहरण के लिए नेहरूजी कुल 6129 दिन प्रधानमंत्री रहे। यानी देश की आजादी 15 अगस्त 1947 से लेकर 27 मई 1964 तक। इसी तरह श्रीमती इंदिरा गांधी 14 जनवरी 1966 से लेकर 1977 तक तथा 14 जनवरी 1980 से लेकर 31 अक्टूबर 1984 तक प्रधानमंत्री रहीं। लेकिन पंडित नेहरू तथा श्रीमती गांधी कभी भी मुख्यमंत्री नहीं रहे। प्रधानमंत्री के योगदान की प्रशंसा करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदीजी के कार्यकाल ने विकास की पहल, जनकल्याण के उपायों और देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करके भारत को एक नया रूप दिया है। सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में उन्होंने कहा कि मोदीजी की दशकों की सेवा ने अपने आप में एक युग का निर्माण किया है। चाहे वह गरीबों को उनके अधिकार दिलाना हो, या विकास में नए कीर्तिमान स्थापित करना हो, वैश्विक मंचों पर देश का गौरव बढ़ाना हो, मोदी युग ने भारत को पूरी तरह से बदल दिया है। इसीलिए लोगों का उन्हें सच्चा प्यार मिला। और समर्थन हर गुजरते दिन के साथ और भी बढ़ता गया। वह भारत के सच्चे प्रधानसेवक हैं। जहां तक मोदीजी की कार्यशैली की बात है तो उन्होंने इस मामले में अपनी अलग छाप छोड़ी है। अपनी कट्टर हिंदूवादी छवि को सहेजते हुए भी उन्होंने दुनिया के सभी देशों के राजनेताओं को प्रभावित किया है। देश में भी एक विकास पुरूष की छवि निर्मित की है। हालांकि उनकी विदेश नीति को लेकर कई बार सवाल उठते रहे हैं, लेकिन मोदी ने सभी के अच्छे सम्बन्ध की तलवार की धार पर चलने वाली नीति अख्तियार की है। बावजूद इसके विश्व के सभी बड़े राजनेताओं से उनके अच्छे रिश्ते रहे हैं। हालांकि देश को मोदी के अवदान का आकलन तो भावी इतिहास ही करेगा।

# संवैधानिक मर्यादा का खुलेआम अतिक्रमण

**पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रशासन का अपने राज्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ हुआ व्यवहार हर दृष्टि से अस्वीकार्य और डर पैदा करने वाला है। ममता बनर्जी ने कहा कि राष्ट्रपति भाजपा के एजेंडा में फंस गई हैं। भाजपा उनसे अपना एजेंडा पूरा करवा रही है। ममता बनर्जी इसके राज्यपाल से लेकर चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियां और यहां तक की कई बार न्यायपालिका को भी इसी भाषा में आरोपित कर चुकी हैं। अभी तक राष्ट्रपति का पद उनके अपमान और दुर्व्यवहार से बचा हुआ था। राष्ट्रपति को आरोपित करना वास्तव में राजनीतिक पतन की पराकाष्ठा है।**

**अवधेश कुमार**

आखिर हमारी राजनीति कहां पहुंच गई है जहां नेता यह भी नहीं समझ रहे कि किसी प्रतिस्पर्धी पार्टी या चुनाव के लिए हम जो कुछ कर रहे हैं इसका कितना भयानक असर हो सकता है। राष्ट्रपति के पद को स्तरहीन दलीय राजनीति से बाहर रखा जाना चाहिए। ममता बनर्जी कह रहीं हैं कि आप 50 बार आयें तो सभी कार्यक्रमों में उपस्थित होना संभव नहीं होगा। भाजपा की चिंता सत्ता होती है और मेरी चिंता मेरे राज्य की जनता होती है। यानी वह कह रहीं हैं कि आप भाजपा का एजेंडा पूरा करने के लिए बार-बार पश्चिम बंगाल आतीं हैं और उम्मीद करती हैं कि मैं आपके स्वागत के लिए रहूं तो ऐसा नहीं हो सकता। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बंगाल यात्रा के दौरान ममता बनर्जी एसआईआर को लेकर धरने में शामिल थीं। क्या ममता बनर्जी की इस तरह की भाषा और व्यवहार को सामान्य लोकतांत्रिक मर्यादा और संविधान की भावनाओं के अनुरूप भी माना जा सकता है?



राष्ट्रपति मुर्मू पश्चिम बंगाल में एक कार्यक्रम को संबोधित करने गईं थीं। 9वां अंतरराष्ट्रीय संथाल फिल्म महोत्सव व कॉन्फ्रेंस बागडोगरा हवाई अड्डा के पास सिलीगुड़ी महकमा परिषद के गोंसाईपुर में आयोजित किया गया। दरअसल, कार्यक्रम विधाननगर में आयोजित होना था लेकिन पश्चिम बंगाल प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए इसे स्थानांतरित कर दिया। कार्यक्रम के लिए प्राप्त स्थान तक पहुंचना कठिन था और इतना छोटा था कि ज्यादा लोग शामिल नहीं हो सकते थे। स्वाभाविक था कि राष्ट्रपति विधान नगर भी गईं, संथाल भाई-बहन वहां भी थे। वहां उन्हें अपना असंतोष प्रकट करने तथा सच्चाई अभिव्यक्त करने को बाध्य होना पड़ा। वस्तुतः बंगाल की धरती पर उतरने के समय से ही सरकार द्वारा राष्ट्रपति की अवहेलना और अपमान की शुरुआत हो गई। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति पद के प्रोटोकॉल के अनुसार कोई उपस्थित नहीं था। सामान्य प्रोटोकॉल और परंपरा के अनुसार राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए राज्यपाल रहते हैं, सामान्य तौर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री या अगर किसी कारणवश वह नहीं आ सकीं तो उनकी जगह कोई मंत्री रहते हैं। इसके साथ प्रदेश के पुलिस महानिदेशक और मुख्य सचिव भी उपस्थित रहते हैं। वहां कोई नहीं था। सिलीगुड़ी के मेयर ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय जनजाति मामलों के राज्यमंत्री दुर्गादास उइके इसलिए थे क्योंकि कार्यक्रम जनजाति समुदाय का था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह ऐसी पहली घटना है। ऐसा कभी नहीं हुआ जब कोई राज्य सरकार राष्ट्रपति के कार्यक्रम के लिए उपयुक्त जगह की अनुमति न दे, उनकी पूरी तरह अवहेलना करें और असंतोष व्यक्त करने पर प्रतिक्रिया ऐसी दे जैसे अपने किसी राजनीतिक प्रतिस्पर्धी से टकरा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शांत स्वभाव की मानी जाती है और कभी भी अशांत या गुस्सैल प्रतिक्रिया देते देखा नहीं गया। द्रौपदी मुर्मू ने यही कहा कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर कोई समस्या नहीं है कि कोई रिसीव करने आए या ना आए किंतु राष्ट्रपति पद के प्रोटोकॉल का पालन होना चाहिए। राष्ट्रपति देश के संवैधानिक अभिभावक होते हैं। सभी का उस पद की गरिमा और स्थापित परंपरा के अनुरूप सम्मान देना है। दूसरी और राष्ट्रपति का भी दायित्व है कि परंपरा गरिमा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आगाह करें। उन्हें सार्वजनिक रूप से ऐसा बोलने को विवश होना पड़ा तो निश्चित रूप से स्थिति अस्वीकार्य थी। क्या राष्ट्रपति मौन रहकर इस तरह के व्यवहार को प्रोत्साहित करने की भूमिका निभातीं? आज एक राज्य में ऐसा हुआ कल दूसरे में होगा और जो एक राष्ट्रपति के साथ हो रहा है वह दूसरे के साथ भी हो सकता है। इसलिए राष्ट्रपति के नाते इस विषय को पूरी गंभीरता से सामने रखना उनका दायित्व है।

अगर उन्हें इसकी जानकारी मिली कि यहां कार्यक्रम में संथाल जनजाति के लोग इसलिए नहीं नहीं आ पाए क्योंकि कार्यक्रम पहले दूसरी जगह निर्धारित था तो प्रशासन के सहयोग की पूरी जानकारी मिलने के बाद उनके वहां जाना भी स्वाभाविक था। क्या ममता मानती हैं कि उन्हें चुपचाप वापस आ जाना चाहिए था? उन्होंने यही कहा कि यह बड़ा मैदान था और मुझे जब मालूम हुआ कि आप लोग यहां हैं तो मैं सोची कि मुझे जाकर आपसे मिलनी चाहिए। मुझे नहीं पता कि ऐसा क्यों किया गया क्योंकि यह मैदान दिया जाता तो सब लोग आ जाते। राष्ट्रपति द्वारा इस तरह अपनी भावना व्यक्त करने को भी मुख्यमंत्री के नाते ममता बनर्जी को गंभीरता से लेना चाहिए था। उन्हें शांत और संतुलित प्रतिक्रिया व्यक्त कर अपने पद की भी गरिमा प्रदर्शित करनी थी। इसकी जगह वह राष्ट्रपति को ही कठघरे में खड़ा कर रहीं हैं। उन्होंने यहां तक कहा कि सम्मेलन के बारे में उनके पास कोई जानकारी नहीं थी, उसकी फंडिंग के बारे में, आयोजकों के बारे में उन्हें कुछ भी पता नहीं था। राष्ट्रपति के किसी प्रदेश में दौरा की सूचना राज्य सरकार के पास पहले जाती है। उसमें उनके सारे कार्यक्रम वर्णित होते हैं। राष्ट्रपति भवन के अधिकारी प्रदेश सरकार के साथ संपर्क में रहते हैं और लगातार बातचीत होती रहती है। उसके अनुसार उनका प्रोटोकॉल, कार्यक्रम में सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं होती हैं? क्या ममता बनर्जी के प्रशासन ने राष्ट्रपति के कार्यक्रम के बारे में उनको जानकारी ही नहीं दी? अगर ऐसा है तो इसकी जांच होनी चाहिए। किंतु ममता बनर्जी के व्यवहार से ऐसा लगता नहीं कि उन्हें कुछ पता नहीं था। पश्चिम बंगाल की मीडिया ने राष्ट्रपति की यात्रा और कार्यक्रम के बारे में पूर्व समाचार दिया था। सब कुछ सामने होते हुए इस तरह का व्यवहार और वक्तव्य साबित करता है कि ममता बनर्जी की हनक के समक्ष भारत देश के शीर्ष पद का भी कोई सम्मान नहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसे शर्मनाक और ममता सरकार द्वारा सारी हदें पार करने घटना बताना बिल्कुल सही है। प्रधानमंत्री या ऐसे शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों के सामने प्रतिक्रिया व्यक्त करने में भी मर्यादाएं सामने रहती हैं अन्यथा इसकी निंदा और विरोध के लिए कोई भी शब्द छोटे हैं। जनजाति समाज का कार्यक्रम और राष्ट्रपति की उपस्थिति के साथ जब ऐसा दर्दनाक व्यवहार है तो फिर सामान्य संगठन और राजनीतिक दलों के कार्यक्रम के साथ प्रशासन का कैसा व्यवहार होता होगा इसकी कल्पना करिए। पश्चिम बंगाल में जनजाति समुदाय की बड़ी संख्या है और उनकी परंपराओं ने केवल राज्य नहीं, भारत की संस्कृति को समृद्ध किया है स्वतंत्रता के संघर्ष में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वयं राष्ट्रपति जनजाति समुदाय से आती हैं। ममता बनर्जी स्वयं को आदिवासी समाज के लिए संघर्ष करने वाली और उनका हितैषी घोषित करतीं हैं। इस घटना के बाद क्या यह बताने की आवश्यकता है कि जनजाति समुदाय के प्रति उनके अंदर वाकई संवेदनशीलता और सम्मान है? वास्तविकता का साक्षात प्रमाण सामने है। विडंबना देखिए, सभी?

भाजपा विरोधी दल इस पर मौन हैं। इन दलों का व्यवहार हतप्रभ करने वाला है। राष्ट्रपति कह रही हैं कि ऐसी स्थिति पैदा की गई ताकि कार्यक्रम न हो और उन्हें वापस पड़े। देश के सभी विवेकशील लोगों को विचार करना पड़ेगा कि क्या सत्ता की राजनीति इस सीमा तक चली जाएगी जहां प्रशासन द्वारा राष्ट्रपति के कार्यक्रम की व्यवस्था करने की जगह उसे हर स्तर पर विफल कर देने का व्यवहार हो? अगर आपका उत्तर नहीं है तो यह विचार करिए ऐसे व्यवहार का प्रतिकार कैसे हो ताकि आगे कभी इसकी पुनरावृत्ति न हो सके। ऐसा नहीं हुआ तो देश इस तरह की भयानक अराजकता में फंसेगा जहां किसी पद या विधान की मर्यादा नहीं बचेगी। ममता बनर्जी के कार्यकाल में तृणमूल सरकार ने बंगाल को ऐसे राज्य में बदल दिया है जहां कानून, संविधान, चुनाव, संवैधानिक संस्थायें सब कुछ दांव पर लग चुका है।

अध्यात्म

## धन का सम्मान या दान का सम्मान

एक समय की बात है। एक नगर में एक कंजूस राजेश नामक व्यक्ति रहता था। उसकी कंजूसी सर्वप्रसिद्ध थी। वह खाने, पहनने तक में भी कंजूस था। एक बात उसके घर से एक कटोरी गुम हो गई। इसी कटोरी के दु :ख में राजेश ने 3 दिन तक कुछ न खाया। परिवार के सभी सदस्य उसकी कंजूसी से दुखी थे। मोहल्ले में उसकी कोई इज्जत न थी, क्योंकि वह किसी भी सामाजिक कार्य में दान नहीं करता था। एक बार उस राजेश के पड़ोस में धार्मिक कथा का आयोजन हुआ। वेदमंत्रों व् उपनिषदों पर आधारित कथा हो रही थी। राजेश को सद्बुद्धि आई तो वह भी कथा सुनने के लिए सत्संग में पहुँच गया। वेद के वैज्ञानिक सिद्धांतों को सुनकर उसको भी रस आने लगा क्योंकि वैदिक सिद्धान्त व्यावहारिक व् वास्तविकता पर आधारित एवं सत्य-असत्य का बोध कराने वाले होते है। कंजूस को और रस आने लगा। उसकी कोई कदर न करता फिर भी वह प्रतिदिन कथा में आने लगा। कथा के समाप्त होते ही वह सबसे पहले शंका पूछता। इस तरह उसकी रूचि बढती गई। वैदिक कथा के अंत में लंगर का आयोजन था इसलिए कथावाचक ने इसकी सूचना दी कि कल लंगर होगा। इसके लिए जो श्रद्धा से कुछ भी लाना चाहे या दान करना चाहे तो कर सकता है। अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुसार सभी लोग कुछ न कुछ लाए। कंजूस के हृदय में जो श्रद्धा पैदा हुई वह भी एक गठरी बांध सर पर रखकर लाया। भीड़ काफी थी। कंजूस को देखकर उसे कोई भी आगे नहीं बढ़ने देता। इस प्रकार सभी दान देकर यथास्थान बैठ गए। अब कंजूस की बारी आई तो सभी लोग उसे देख रहे थे। कंजूस को विद्वान की ओर बढ़ता देख सभी को हंसी आ गई क्योंकि सभी को मालूम था कि यह महाकंजूस है। उसकी गठरी को देख लोग तरह-तरह के अनुमान लगाते ओर हँसते, लेकिन कंजूस को इसकी परवाह न थी। कंजूस ने आगे बढ़कर विद्वान ब्राह्मण को प्रणाम किया। जो गठरी अपने साथ लाया था, उसे उसके चरणों में रखकर खोला तो सभी लोगों की आँखें फटी-की-फटी रह गई। कंजूस के जीवन की जो भी अमूल्य संपत्ति गहने, जेवर, हीरे-जवाहरात आदि थे उसने सब कुछ को दान कर दिया। उठकर वह यथास्थान जाने लगा तो विद्वान ने कहा, 'महाराज! आप वहाँ नहीं, यहाँ बैठिये।' कंजूस बोला, 'पंडित जी! यह मेरा आदर नहीं है, यह तो मेरे धन का आदर है, अन्यथा मैं तो रोज आता था और यही पर बैठता था, तब मुझे कोई न पूछता था।' ब्राह्मण बोला, 'नहीं, महाराज! यह आपके धन का आदर नहीं है, बल्कि आपके महान त्याग (दान) का आदर है। यह धन तो थोड़ी देर पहले आपके पास ही था, तब इतना आदर-सम्मान नहीं था जितना की अब आपके त्याग (दान) में है इसलिए आप आज से एक सम्मानित व्यक्ति बन गए है।

# पाठशालाओं में छात्रों को बाल जिहादी बनाने का खेल

**पाकिस्तान और गुलाम जम्मू-कश्मीर में जैश-ऐ-मोहम्मद और लश्करे-तैयबा की नई साजिश अब बाल जिहादी पैदा करने की शुरू हो गई है। आतंकी शिविरों, धार्मिक सम्मेलनों और जुलूसों के बाद अब पाठशालाओं में छात्रों को बाल जिहादी बनाने के लिए प्रशिक्षित करने का खेल शुरू हो गया है। इन आतंकी संगठनों ने इस्लाम, पीओके में जिहाद और शिक्षा के बहाने आतंकियां की नई फौज खड़ी करने के लिए छात्रों की भर्ती आरंभ की है। इसके लिए बकायदा विज्ञापन व पोस्टर जारी कर माता-पिताओं से कहा जा रहा है कि वे 7 से 13 साल तक के बच्चों को उनके द्वारा संचालित मदरसों में भर्ती करें।**

**प्रमोद भार्गव**

यहां उन्हें शिक्षा के साथ मुफ्त खाना, मासिक भत्ता और इस्लाम की मान्यताओं के अनुसार जंग में लड़ने की तालीम भी दी जाएगी। यही नहीं आतंकी संगठनों के उत्प्रेरक पीओके के सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में जाकर जिहादी भाषण दे रहे हैं। छात्रों के लिए इन स्कूलों में नाटकों के जरिए आतंकियों की वेशभूषा में प्रतियोगिताएं कराई जा रही हैं, जिससे बालपन से ही इन छात्रों में आतंकी मानसिकता विकसित हो जाए। यह खेल सितंबर 2025 से चल रहा है। ये संगठन मुख्य रूप से गरीब बच्चों के अभिभावकों को बरगला रहे हैं।

इन सब कारणों के चलते वैश्विक आतंकवाद सूचकांक-2026 के अनुसार पाकिस्तान सूचकांक के शीर्ष पर होने के साथ आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देश बना हुआ है। जबकि अफगानिस्तान में हालात सुधर रहे हैं। इस कारण यह देश अब शीर्ष 10 देशों की सूची से बाहर हो गया है। हालांकि दक्षिण एशिया अभी भी आतंकवाद से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र बना हुआ है। बावजूद भारत के लिए यह अच्छी बात है कि यहां आतंकी घटनाओं में 43 प्रतिशत की कमी आई है। दुनियाभर में 2025 में आतंकवाद से होने वाली मौतों में 28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। कुल मिलाकर आतंक से ग्रस्त 81 देशों में स्थिति सुधरी है, जबकि 19 देशों में बदतर हुई है। इनमें सबसे खराब स्थिति पाकिस्तान की है। क्योंकि वह आतंकी हालात से उबरने की बजाय अपने ही देश के बाल-गोपालों को जिहादी बना देने का क्रूरतम खेल खेलने में लंबे समय से लगा है। पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैष-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदि्न ने जम्मू-कश्मीर में सेना और सुरक्षा बलों पर जो भी आत्मघाती हमले कराए हैं, उनमें बड़ी संख्या में मासूम बच्चों और किशोरों का इस्तेमाल किया गया था। इस सत्य का खुलासा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की 'बच्चे एवं सशस्त्र संघर्ष' नाम से आई रिपोर्ट में भी किया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे आतंकी संगठनों में शामिल किए जाने वाले बच्चे और किशोरों को आतंक का पाठ मदरसों में पढ़ाया गया है। पुलवामा जिले में मुठभेड़ के दौरान 15 साल का एक नाबालिग मारा गया था और नाबालिग सज्जाद बट षामिल था, जिसे अगस्त-2020 में सुरक्षाबलों ने मार गिराया था। मुबंई के ताज होटल पर हुए आतंकी हमले में भी पाक द्वारा प्रशिक्षित नाबालिग अजमल कसाब शामिल था।

इस रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों ने ऐसे वीडियो जारी किए हैं, जिनमें किशोरों को आत्मघाती हमलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पाकिस्तान में सशस्त्र समूहों द्वारा बच्चों व किशोरों को भर्ती किए जाने और उनका इस्तेमाल आत्मघाती हमलों में किए जाने की लगातार खबरें मिल रही हैं। कुछ साल पहले तहरीक-ए-तालिबान ने एक वीडियो जारी किया था, जिसमें लड़कियों सहित बच्चों को सिखाया जा रहा है कि आत्मघाती हमले किस तरह किए जाते हैं। दरअसल पाक की अवाम में यह मंसूबा पल रहा है कि 'हंस के लिया पाकिस्तान, लड़के लेंगे हिंदुस्तान।' इस मकसदपूर्ति के लिए मुस्लिम कोम के उन गरीब और लाचार बच्चों, किशोर और युवाओं को इस्लाम के बहाने आतंकवादी बनाने का काम में किया जा रहा है, जो अपने परिवार की आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए आर्थिक सुरक्षा चाहते हैं। पाक सेना के भेष में यही आतंकी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण रेखा को पार कर भारत-पाक सीमा पर छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। कारगिल युद्ध में भी इन छद्म बहरुपियों की मुख्य भूमिका थी। इस सच्चाई से पर्दा संयुक्त राष्ट्र ने तो बहुत बाद में उठाया, पाक के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे, शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली अखबार' में पहले ही उठा दिया था। अजीज ने कहा था कि 'कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं।' इसे पाकिस्तान के बच्चों का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि वह आज भी आतंकी बनाए जाने के लिए 'गिनी-पिग' बनाए जा रहे हैं।

आतंकवाद के बहाने धार्मिक कट्टरवाद का जहर मुस्लिम समाज की भीतरी सतहों को संकीर्ण बनाने का काम कर रहा है। यह संकीर्णता मुसलिम बहुलता वाले देशों में रहने वाले अल्पसंख्याकों के लिए तो घातक साबित हो ही रही है, इस्लाम धर्म से जुड़ी विभिन्न नस्लों को भी आपस में लड़ाने का काम कर रही है। अफगानिस्तान, इराक, मिश्र, नाइजरिया, सीरिया, पाकिस्तान में अलकायदा और आईएस आखिरकार किससे लड़े थे ? यह लड़ाई सिया,सुन्नी,कुर्द अहमदिया और बहावी इस्लाम धर्मावलंबियों में ही तो परस्पर हुई थी। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध में हम देख रहे हैं कि ईरान मुस्लिम देशों को ही ध्वस्त करने में लगा है। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के काबुल में एक नशा-मुक्ति अस्पताल पर हवाई हमले करके 400 से भी अधिक लोगों को मार डाला। पाक में शिया-सुन्नियों के बीच भी हिंसक वारदातें निरंतर होती रहती है। पाक में सुन्नी-मुस्लिमों के हालात इसलिए ठीक नहीं हैं, क्योंकि ईरान पाकिस्तानी शियाओं के हित साधता रहा है। पाक को इस लाचारी का सामना इसलिए करना पड़ता हैं, क्योंकि ईरान अरबों रुपए पाकिस्तान को मदद के रूप में देता है।

लिहाजा आर्थिक लाभ मिले तो पाकिस्तान अपने ही देष की भिन्न नस्लों को आपस में लड़ाने से नहीं चूकता है। अतएव दुनिया के मुस्लिम देश यह नहीं कह सकते कि दुनिया के मुस्लिम एक हैं ? वैश्विक स्तर पर यह नारा इसलिए खोखला हो चुका है,क्योंकि मुस्लिम कौमों की आपसी लड़ाई ने कई मुस्लिम देशों के अस्तित्व को ही संकट में डाल दिया है। ईरान मध्य एशिया के इस्लामिक देशों पर हमले करके इस तथ्य को पुष्ट करने में लगा है। पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। फिलहाल विश्व में लोकप्रिय डिजिटल खेलों में मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल), फेंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म, माइनक्राफ्ट, रोबलॉक्स, ड्रीम-11, कोरियन लवर गेम और लूडो किंग हैं। ये सभी खेल पाकिस्तान में भी प्रचलन में हैं। इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं। कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन के चलते दुनिया के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी हो गया था। मनोविज्ञनी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। पालक बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। पालक बच्चों को मनोचिकित्सकों से उपचार कराने के बावजूद लत से मुक्ति दिलाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। दरअसल बच्चों का मोबाइल या टेबलैट की स्क्रीन पर बढ़ता समय आंखों की दृष्टि को खराब कर रहा है। साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में भी बच्चे आ रहे हैं। पोर्न फिल्में भी देखते बच्चे पाए गए हैं। ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। वैसे तो ये खेल सकारात्मक होते हैं, लेकिन ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज काम की वजह से तनाव हो सकता है। बीते दिन की तुलना में आपको आज कार्यक्षेत्र में परेशानी का अनुभव होगा। यात्रा के दौरान कीमती सामान ले जाने से बचें।

**वृषभ**
आप नया काम शुरू कर सकते हैं। सेहत के दृष्टिकोण से दिन बहुत अच्छा है। जल्दबाजी के बजाय गम्भीरता और धैर्यपूर्वक निर्णय लें।

**मिथुन**
अपना काम बेहतरीन तरीके से करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशनुमा रहेगा। समय व्यस्ततापूर्ण रहेगा। घर के नवनिर्माण पर धन खर्च करेंगे।

**कर्क**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर विवाद जन्म ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार मिल सकता है। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे।

**सिंह**
अपने घर के छोटे सदस्यों को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। वैवाहिक कार्यक्रमों आदि को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या**
अविवाहित लोगों के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है। मित्रों के साथ कहीं घूमने के लिये जा सकते हैं। बच्चे अत्यधिक आज्ञाकारी रहेंगे।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नया वाहन खरीदने का प्लान बना सकते हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर नियन्त्रण रखें। आपको पुरस्कार मिल सकता है।

**वृश्चिक**
अपने खानपान की आदतों में सुधार करें। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाही करेंगे। प्रेमीजन के साथ संवादहीनता हो सकती है।

**धनु**
अपने प्रयासों में कमी न होने दें। इसके कारण मन में हीनता की भावना आ सकती है। आपकी योजना किसी कारणवश अटक सकती है। परिवार में परेशानियाँ उत्पन्न होंगी।

**मकर**
विरोधी आपके सामने कमजोर होंगे। कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त कार्यभार रहेगा। रुका हुआ काम अचानक बन सकता है। बच्चों के साथ दोस्ताना सम्बन्ध रखें। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा।

**कुंभ**
कारोबारी यात्रा होने के योग बन रहे हैं। व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आप अनावश्यक समय बर्बाद न करें। क्रोधी स्वभाव वाले लोगों की आलोचना हो सकती है।

**मीन**
घरेलू मामलों को लेकर अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रेम तो रखेंगे, लेकिन आपको अपनी बात समझाने में थोड़ी परेशानी होगी।

# उदीयमान सूर्य को दिया गया अर्घ्य, चार दिवसीय अनुष्ठान संपन्न

## मसौढ़ी मणिचक धाम पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब ,दिखा विहंगम नजारा





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लोक आस्था का महापर्व चैती छठ के चार दिवसीय अनुष्ठान उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देकर बुधवार को समापन हुआ। ऐसे में मसौढ़ी के सुप्रसिद्ध मणीचक धाम पर आस्था का जनसैलाब उमडा, हजारों की संख्या में छठ व्रतियों ने मणिचक धाम पर छठ पूजा की, वहीं पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में 65 छठ घाट बनाए गए थे, जिसमें 20 छठ घाट को अति संवेदनशील घोषित किया गया था, जहां पर पुलिस प्रशासन की विशेष चौकसी देखी गई। घाटों पर हर जगह पर सीसीटीवी, ड्रोन कैमरा, वॉच टावर इसके अलावा तमाम चौक चौराहे पर पुलिस का पहरा दिखा,मसौढ़ी, धनरूआ और पुनपुन तीनों प्रखंड



में तकरीबन 65 घाटों पर छठ महापर्व संपन्न हुआ। मसौढ़ी मणिचक धाम पर पुर्व विधायक रेखा देवी,,थानाध्यक्ष, विवेक भारती,कार्यपालक पदाधिकारी राजु रंजन, और श्री विष्णु सूर्य मंदिर कमेटी के सभी पदाधिकारी, वालंटियर सुरक्षा के लिए तैनात रहे। तालाब के घाटों पर गोताखोरों की व्यवस्था भी की गई थी। मणीचक धाम के प्रबंध कार्यकारिणी के सचिव नवल भारती ने कहा की मसौढ़ी का मणिचक सूर्य मंदिर छठ धाम कई मायनो में पौराणिक और ऐतिहासिक है।जहाँ संतान सुख की प्राप्ति और कुष्ठ निवारण को लेकर दूर-दूर से लोग इस धाम पर आते हैं और छठ व्रत करते हैं। चैती छठ और कार्तिक छठ के महीने में हजारों का हूजूम यहां उमड़ता है। इसके अलावा मसौढ़ी के श्री रामजानकी ठाकुरवाडी मंदिर, बरनी सूर्य मंदिर तालाब के अलावा पुनपुन नदी के पावन तट पर सैकडो की संख्या में छठव्रती ने अपने छठ पूजा संपन्न किया।

## मसौढी के हसनपुरा श्री विष्णु मंदिर कमेटी के सचिव को मारी गोली, गंभीर अवस्था में पटना रेफर



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैती छठ महापर्व के अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध देकर लौट रहे छठवर्तियों के बिच उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया जब एक अज्ञात बाईक सवार युवकों ने हसनपुरा श्री बिष्णु मंदिर कमेटी के सचिव आजाद कुमार उर्फ चंद्रमा उर्फ चंदन को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार कर भाग निकला, हालांकि गोली कमर की निचले हिस्से में लगी है, जिसे आनन फानन में पटना निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर मसौढी पुलिस पहुंची है जहां पर घटनास्थल पर एक खोखा जप्त किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि लाल टी शर्ट पहने हुए एक युवक आया और अचानक गोली मार और भागने लगा जैसे ही गांव के लोग उसे पकड़ना चाहा फिर एक हवाई फायरिंग की और उसके बाद दहशत बनाकर वह भाग निकला। घटना का क्या कारण है अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस पुरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है जख्मी युवक लोदीपुर पटना डाकघर में डाकपाल का काम करता है।

# दनियावां सूर्य मंदिर तालाब में स्नान के दौरान डूबने से किशोर की मौत

## घटना के बाद परिजनों का रो-रो के बुरा हाल



**दनियावां(पटना) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां थाना क्षेत्र स्थित सूर्य मंदिर तालाब में बुधवार की सुबह छठ महापर्व के अंतिम अर्घ्य के समय स्नान करने गए एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी।घटना के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया।मृतक किशोर की पहचान छोटी केवई गांव निवासी अखिलेश यादव के 18 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में हुई है।ग्रामीणों के अनुसार आकाश अपने एक रिश्तेदार के घर छठ पूजा में शामिल होने दनियावां आया था।बुधवार सुबह वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सूर्य मंदिर तालाब घाट पर पहुंचा।अर्घ्य और पूजा के बीच वह तालाब में स्नान करने लगा।इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया जिसका पता किसी को नहीं चल पाया।पूजा संपन्न होने के बाद परिजन अपने-अपने घर लौट गए।जब काफी देर तक आकाश घर नहीं पहुंचा,तब परिजनों को किसी अनहोनी का संदेह हुआ।वे तुरंत घाट पर वापस पहुंचे और तालाब के पानी में उसकी तलाश शुरू की।काफी मशक्कत के बाद आकाश का शव पानी अंदर से कुछ युवकों ने तैर कर निकाला।शव की बरामदी के बाद घाट पर मौजूद परिजनों में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलते ही दनियावां पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया।थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि घटनास्थल पर पुलिस टीम भेजकर मामले की छानबीन की गई है।पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और आगे की कानूनी कारवाई की जा रही है।इस घटना के बाद छोटी केवई गांव और दनियावां स्थित मृतक के रिश्तेदार के घर में मातम छाया हुआ है।जिस घर में सुबह तक महापर्व के गीत गूंज रहे थे,वहाँ अब केवल परिजनों के मातम और रोने की आवाजें सुनाई दे रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### छठ व्रत पर रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर समीपवर्ती सूर्य मंदिर तालाब परिसर,हिलसा के प्रांगण में भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी उप जिला शाखा हिलसा के द्वारा चैती छठ महापर्व के शुभ अवसर पर दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का विधिवत उद्घाटन हिलसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमर कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रविशंकर प्रसाद एवं मुख्य पार्षद नगर परिषद हिलसा धनंजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से मंगलवार और बुधवार को 155 जरूरतमंद लोगों का इलाज कर उन्हें उपयुक्त दवाएं चिकित्सकों की टीम के द्वारा दी गई। चिकित्सीय कार्य में डॉ रविन्द्र कुमार सिन्हा, डॉ रितेश कुमार तरुण(सचिव), डॉ गौरी शंकर,चर्चित समाजसेवी डॉ0 आशुतोष कुमार मानव,सोसायटी के मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार उर्फ आलोक, अभिजीत कुमार उर्फ राम जी,अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा,सतेंद्र प्रसाद सिन्हा,रविन्द्र प्रसाद सिंह, प्रफुल्ल पटेल,गणेश कुमार,सुरेश प्रसाद,,संतोष कुमार पार्थ,बिन्नू कुमार के साथ अन्य का शिविर के सफल संचालन में सराहनीय योगदान रहा।इस पुनित कार्य के लिए सोसायटी के द्वारा आभार प्रकट किया गया।

### उगते हुए सूर्य को अर्घ्यदान



**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को चैती छठ पर्व को लेकर दूसरे दिन छठव्रतियों ने उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्यदान दिया। इस दौरान छठव्रतियों ने मनेर के हल्दी छपरा संगम स्थली, शेरपुर, व्यापुर, लोदीपुर, रामपुर दियारा, पतीला, सूअरमरवा समेत तालाब और पोखर में उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्यदान दिया। इस दौरान छठ पर्व को लेकर घाटों पर काफी लोगों की भीड़ जुटी रही। वही मनेर थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी गंगा और सोन घाटों पर तैनात रहे।

### वित्तीय साक्षरता को लेकर नुक्कड़ नाटक के जरिए बैंक योजनाओं के प्रति किया जागरूक



**मसौढी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी शहर के कई हिस्सों में बुधवार को नुक्कड़ नाटक के जरिए वित्तीय साक्षरता को लेकर स्थानीय लोगों को विभिन्न बैंकिंग योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया,जहाँ बताया कि वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना तथा विभिन्न बैंकिंग एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में कलाकारों ने गीत संगीत के जरिए स्थानीय लोगों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इन योजनाओं के लाभ, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपनी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। यह पहल वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है।

### मसौढी प्रखंड कार्यालय में विकास मित्रों की बैठक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कार्यालय मसौढी में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रसून की अध्यक्षता में बुधवार को विकास मित्रों की बैठक आयोजित की गई है। बैठकों में महादलित परिवारों के उत्थान हेतु सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने, विशेषकर मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, वृद्धा पेंशन, और शिक्षा संबंधी योजनाओं पर चर्चा हुई। इन बैठकों में लाभार्थियों के शत-प्रतिशत डेटा मिलान, डिजिटल साक्षरता और योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने पर जोर दिया गया,इसके अलावा बैठक में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ के बारे में यथा-पेंशन योजना, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार अधिनियम,बाल विवाह, दहेजप्रथा, विकास रजिस्टर वर्जन 3.0 पर चर्चा की गई। इस बैठक में सभी विकास मित्रों को योजनाओ को अनुश्रवण के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। विकास मित्रों के द्वारा अनुसूचित जाति परिवारों को योजनाओ को लाभान्वित करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

### अफवाहों पर न दें ध्यान,नागरिक, सौहार्दपूर्ण मनाएं, रामनवमी पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

35 जगहों पर पुलिस मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामनवमी पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था के संधारण एवं पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर मसौढी अनुमंडल प्रशासन ने कुल 35 जगहों पर पुलिस दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है।जहाँ सात वरिय दंडाधिकारी,53 सशस्त्र बल और 525 लाठी बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम अभिषेक कुमार ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। शोभा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र (तलवार आदि) के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी तथा मोटरसाइकिल के प्रयोग पर भी प्रतिबंध रहेगा। बाइकरों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।रामनवमी पर्व को लेकर विधि-व्यवस्था की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी संवेदनशील स्थलों पर बाइक गश्ती के निर्देश दिए गए हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। शोभा यात्रा के दौरान अश्लील एवं धर्म विशेष से संबंधित आपत्तिजनक गीतों के प्रसारण की अनुमति नहीं होगी। किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# छठ पूजा के दौरान महिला समेत चार डूबे, तीन को बचाने वाला खुद ही डूबकर लापता





**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ब्रह्मचारी गंगा नदी घाट पर बुधवार को अर्घ्यदान के दौरान एक महिला समेत तीन लोग डूबने लगे, इस घटना को देखते ही गांव के एक युवक ने हिम्मत दिखलाते हुए नदी में छलांग लगा दी। लेकिन विधि का विधान यह रहा कि डूबते उन तीनों को तो बचा लिया। लेकिन बचाने वाला युवक खुद ही सांस तोड़ डाला और नदी में डूबकर लापता हो गया। इधर गंगा नदी में एसडीआरएफ की टीम सर्च अभियान चला रही है। इस घटना के बाद परिवार वालों के बीच शोक का माहौल कायम हो गया। गंगा घाट पर काफी संख्या में स्थानीय लोग की भीड मौके पर जुटी रही। बताया जाता है कि पटना के मनेर स्थित शेरपुर पश्चिमी पंचायत के ब्रह्मचारी गाँव के समीप गंगा नदी घाट पर पर चैती छठ पर्व पर उगते हुए सूर्य भगवान को छठव्रती अर्घ्यदान के लिए पहुंचे थे। अर्घ्य के दौरान कुंती देवी और पास में ही नहा रहे कल्लू व रूपेश गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे। घटना को देख कर किसी ने हिम्मत नहीं दिखाई पर अपनी चाची के साथ अर्घ्य में आए लालबेगवा निवासी दिलीप ठाकुर का पुत्र बिट्टू कुमार नदी में छलांग लगा दिया। दोनों बच्चे एवं महिला को तो बहादुरी से उसने बचा लिया। लेकिन खुद ही नदी की तेज धार के कारण डूबकर लापता हो गया। सूचना के बाद उसके घर पर कोहराम मचा है। वही एसडीआरएफ की दो वोट नदी में सर्च अभियान चलाई।

# रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल में बिहार का पहला सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट, मरीज को मिली नई जिंदगी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज करते हुए रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल ने राज्य का पहला सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट कर एक मरीज को नया जीवन प्रदान किया है। इस जटिल सर्जरी में छोटे भाई ने अपने बड़े भाई को लिवर का हिस्सा दान कर मानवता और पारिवारिक समर्पण की मिसाल पेश की। 31 वर्षीय मरीज को गंभीर लिवर फेल्योर की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका बिलीरुबिन स्तर अत्यधिक (35 mg/dl) था तथा उन्हें पेट में पानी (एसाइटिस), छाती में तरल (प्ल्यूरल इफ्यूजन) और किडनी की गंभीर समस्या थी। चिकित्सकों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लिवर ट्रांसप्लांट को जीवनरक्षक विकल्प बताया। ऐसे में 23 वर्षीय छोटे भाई ने आगे आकर लिवर दान करने का निर्णय लिया। यह जटिल सर्जरी करीब 9 घंटे तक चली और इसे डॉ. मीलीन्द मांडवार (कंसल्टेंट, लिवर एवं किडनी ट्रांसप्लांट) और उनकी विशेषज्ञ टीम ने सफलतापूर्वक संपन्न किया। सर्जरी के बाद मरीज ने शीघ्र ही होश प्राप्त कर लिया, वेंटिलेटर सपोर्ट हटा दिया गया और 14 दिनों के भीतर बिना किसी जटिलता के उन्हें स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। वहीं, डोनर को भी ऑपरेशन के छठे दिन सुरक्षित रूप से छुट्टी दे दी गई। डॉ. राजु बाबू कुशवाहा, कंसल्टेंट, मेडिकल गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी ने बताया कि एंड-स्टेज लिवर डिजीज के मामलों में लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र प्रभावी उपचार होता है और कई बार यह मरीज के जीवन को बचाने का एकमात्र विकल्प बन जाता है। डॉ. मीलीन्द मांडवार ने कहा कि सफल ट्रांसप्लांट के लिए डोनर और रिसिपिएंट का सावधानीपूर्वक चयन अत्यंत आवश्यक होता है। आधुनिक तकनीकों के कारण अब लिवर ट्रांसप्लांट की सफलता दर 95% से अधिक हो चुकी है। उन्होंने बताया कि डोनर की पूरी जांच के बाद ही सर्जरी की जाती है और डोनर सामान्य जीवन बिना किसी दीर्घकालिक दवाओं के जी सकता है। वहीं, रिसिपिएंट को शुरूआती तीन महीनों तक विशेष सावधानी और नियमित फॉलो-अप की आवश्यकता होती है। इस उपलब्धि पर डॉ. सत्यजीत कुमार सिंह, प्रबंध निदेशक, रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल ने कहा कि यह सफलता बिहार में उन्नत चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि रुबन हॉस्पिटल हमेशा से नई तकनीकों और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को बिहार में सबसे पहले शुरू करने में अग्रणी रहा है, और यह उपलब्धि उसी निरंतर प्रयास का परिणाम है। साथ ही, उन्होंने अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि ब्रेन-डेड मरीजों से अंगदान को बढ़ावा देने के लिए मेडिकल कॉलेज, ट्रॉमा और न्यूरोलॉजिकल सेंटरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अंगदान के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। रुबन मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा शुरू किया गया लिवर ट्रांसप्लांट कार्यक्रम राज्य में विश्वस्तरीय चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक मजबूत पहल है। यह उपलब्धि बिहार में ऑर्गन ट्रांसप्लांट और उन्नत सर्जरी के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत का संकेत देती है।

# डाइकिन इंडिया ने नए और बिजली बचाने वाले रूम एसी और एआई आधारित वीआरवी अल्फा सीरीज के साथ कूलिंग की दुनिया में की नई शुरूआत

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डाइकिन एयरकंडीशनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जो जापान की डाइकिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 100% हिस्सेदारी वाली कंपनी है, ने आज साल 2026 के लिए अपने एसी के नए मॉडल्स लॉन्च करने की घोषणा की है। यह लॉन्च बेहतरीन कूलिंग और बिजली की बचत के मामले की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। इस नई रेंज के रूम एयर कंडीशनर्स, नयी बीईई 2026 के सभी मानकों पर पूरी तरह खरा उतारते हैं और तथा इसके साथ लांच हुई नयी वीआरवी अल्फा श्रंखला की एयर कंडीशनिंग भी शामिल है। यह इंडस्ट्रियल एयर कंडीशनर्स डाइकिन की पेटेंट वीआरवी तकनीक को आधुनिक आर्टिफिशल इंटेलेजन्स तथा आई ओ टी जैसी तकनीकियों से जोड़ता है। स्प्लिट एयर **कंडीशनर्स की दुनिया में बिजली बचत और भरोसे के नए पैमाने:** डाइकिन इंडिया के 2026 रूम कंडीशनर्स को इस तरह से बनाया गया है कि यह ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के नए और सख्त क्रएएफपैमानों से भी बढ़कर नतीजे दे। इसी के साथ, यह कंपनी की "जिम्मेदार कूलिंग" की सोच को सच साबित





करता है। इस सीरीज में डाइकिन की कुछ खास तकनीकें शामिल हैं- जैसे हवा को साफ रखने और बेहतर काम करने के लिए पेटेंटेड स्ट्रीमर डिस्चार्ज और स्विंग कंप्रेसर, स्मार्ट क्ङ्मळ कनेक्टिविटी, जंग लगने से बचाने वाली उ्रुठर कोटिंग, और 54त्ड की चिलचिलाती भारतीय गर्मी में भी शानदार कूलिंग देने वाली तकनीक। 5-स्टार इन्वर्टर मॉडल्स पर खास ध्यान देते हुए, इस नई रेंज में ऐसे कई स्प्लिट एसी पेश किए गए हैं जो बिलकुल शांत और बिना आवाज चलते हैं, कमरा जल्दी ठंडा करते हैं और बिजली की भारी बचत करते हैं। ये खूबियां नए इएए नियमों के एकदम अनुकूल हैं। इन नई तकनीकों से न सिर्फ एसी की उम्र और बिजली की बचत बढ़ेगी, बल्कि इस कड़ी टक्कर वाले स्प्लिट एसी बाजार में डाइकिन की पकड़ और भी मजबूत होगी। यह रेंज शहरी और प्रांतो के ग्राहकों और पहली बार एसी खरीदने वाले ग्राहकों को बहुत पसंद आएगी जो अपने घर के लिए एक ऐसा स्मार्ट एसी चाहते हैं जो लंबे समय तक उनका साथ निभाए।

# खाकी' का एक अच्छा प्रयास... पुनपुन थानाधयक्ष बेबी कुमारी ने मुसहरी के बच्चों को शिक्षा के प्रति किया जागरूक



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** परिस्थितियों और सुविधाओं के अभाव में ज्ञान की रोशनी से महरूम मुसहरी समाज के बच्चों को पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी के नेतृत्व में मुसहरी के बच्चों को उन्हें शिक्षा के प्रति न केवल जागरूक किया बल्कि उन सबों के बीच शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास भी कर रही हैं और प्रतिदिन उन्हें स्कूल जाने के लिए प्रेरित करती दिख रही हैं। पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताएं कि समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले मुसहरी समाज की बेटियां पढ़ाई से काफी महरूम है वह स्कूल नहीं जा पाते हैं उनके अभिभावकों से मिलकर बच्चों को पढ़ने और स्कूल भेजने के प्रति उन्हें जागरूक किया। ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा होकर इस अंधेरे से बाहर निकल कर समाज को रोशनी दे सकें। पुनपुन थाना अध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पुनपुन थाना क्षेत्र की कई मुसहरी में आज भी किसी कारणवश आज तक स्कूल नहीं जा पाए हैं, उन्हें पढ़ाई के प्रति जागरुक कर रहे हैं।

# सुदामा कथा प्रस्तुति से भावुक हुए श्रोता



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांधी मैदान में चल रहे भव्य रासलीला महोत्सव के सातवें दिन बरसाने वृन्दावन से आये व्यास नन्दकिशो की टीम द्वारा सुदामा के जीवन चरित्र का बहुत ही बेहतरीन प्रस्तुतीकरण की गई, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर करके रख दिया। सुदामा जी एक गरीब ब्राह्मण थे । उनका जीवन अत्यंत गरीबी में व्यतीत हो रहा था। उनकी पत्नी शुशीला जी उन्हें बार-बार उनके बचपन के परमप्रिय मित्र तथा द्वारका के राजा श्रीकृष्ण से मिलने के लिए प्रेरित करती थी। अंततः सुदामा जी श्रीकृष्ण जी से मिलने के लिए तैयार हो गए। सुदामा जी तथा श्रीकृष्ण जी सांदीपन मुनि के आश्रम में साथ-साथ शिक्षा ग्रहण किए थे। उसकी पत्नी द्वारिकाधीश को भेंट देने के लिए पड़ोसियों से थोड़े-से चावल मांगकर ले आईं। सुदामा जी बहुत से कष्ट झेल कर द्वारका पहुंचे। जैसे ही श्रीकृष्ण जी द्वारपाल से सुदामा का नाम सुने, वे नंगे पांव ही अपने परमप्रिय मित्र से भेंट करने के लिए दौड़ पड़े। दोनों का मिलन अद्भुत थे। प्रेम से एक-दूसरे से लिपट गए। दोनों के ही नेत्रों से झर-झर आंसू निकल रहे थे। चारो तरफ जयकारे होने लगे। द्वारिकाधीश ने उन्हें प्रेम से अपने महल में लाकर सिंहासन पर बैठाये। श्रीकृष्ण के नेत्रों से बहते आंसू ने सुदामा जी के चरण धो डाले। जब श्रीकृष्ण सुदामा से कुछ उपहार के बारे में पूछा तो सुदामा लज्जित हो गये । वे अपनी पोटली में रखे चावलों को निकालने में संकोच करने लगे। परंतु श्रीकृष्ण ने वह पोटली सुदामा के हाथों से छीन लिये तथा बड़े चाव से उसे खाये। श्रीकृष्ण ने रानियों के साथ सुदामा की बहुत सेवा किये । कुछ दिन बाद सुदामा जी वापस लौटे। उनकी टूटी झोंपड़ी के जगह पर एक विशाल महल था।

# बिहार के कला संस्कृति विभाग ने आयोजित की नाट्य कार्यशाला







**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** दिनांक 25 मार्च 2026 को अनुग्रह नारायण महाविद्यालय, पटना के सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग तथा कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय नाट्य कार्यशाला के अंतर्गत मोहन राकेश रचित प्रसिद्ध नाटक 'आषाढ़ का एक दिन' का सफल एवं प्रभावशाली मंचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने की। मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त श्री त्रिपुरारि शरण , विशिष्ट अतिथि कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार की निदेशक (सांस्कृतिक कार्य) श्रीमती रूबी और समकालीन हिंदी के वरिष्ठ कवि आलोक धन्वा जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्वागत भाषण में प्राचार्य प्रो. रेखा रानी ने नाटक की साहित्यिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'आषाढ़ का एक दिन' भारतीय रंगमंच की अमूल्य धरोहर है, जो मानवीय संवेदनाओं, प्रेम और त्याग के सूक्ष्म आयामों को प्रस्तुत करता है। मुख्य अतिथि श्री त्रिपुरारि शरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाटक समाज का दर्पण होता है और इस प्रकार के आयोजन युवाओं में सृजनात्मकता तथा सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं। श्रीमती रूबी ने कहा कि रंगमंच के माध्यम से हमारी सांस्कृतिक परंपराएं जीवंत रहती हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य होता है। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. उपेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि यह नाटक केवल ऐतिहासिक कथा नहीं, बल्कि मनुष्य के अंतर्द्वंद्व, प्रेम, महत्वाकांक्षा और संवेदनाओं की गहन अभिव्यक्ति है, जो आज के संदर्भ में भी अत्यंत प्रासंगिक है। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रेखा रानी थीं। आयोजन के समन्वयक प्रो. कलानाथ मिश्र तथा सह-समन्वयक डॉ. कुमार वरुण एवं डॉ. विद्याभूषण थे। तत्पश्चात कलाकारों द्वारा नाटक ह्लआषाढ़ का एक दिनह्व का मंचन अत्यंत मार्मिक एवं प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों में हिंदी विभाग की अंबिका (आराध्या), मल्लिका (शिवानी), कालीदास (सिद्धार्थ झा), विलोम (विशाल सिंह ), दंतुल (पीयूष ओझा), प्रियंगुमंजरी (सुपर्णा), मातुल (ओमप्रकाश मिश्रा), निक्षेप ( कृष्णा कुमार), रंगीनी (विद्या रानी), संगिनी (ज्योत्सना), अनुनासिक (पीयूष), अनुस्वार (महेश) की सशक्त अभिनय क्षमता, संवाद अदायगी एवं मंच-सज्जा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शकों ने प्रस्तुति की सराहना करते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### धड़ल्ले से चल रहा लॉटरी का धंधा

**रामपुर, ईस्ट कॉलोनी एवं दौलतपुर पर चौक पर चाय पान के दुकान नाश्ता की दुकान बिक रहा लॉटरी**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहे एवं बाजारों में अवैध लॉटरी का कारोबार जारी रहने से लोग पैमाल हो रहे हैं। शहरी क्षेत्र के अलावा अब इस अवैध कारोबार का धंधा रेल कलोनी मैं भी होने लगा है। इस अवैध कारोबार का संचालन रेल दौलतपुर, ईस्ट कॉलोनी एवं रामपुर कलोनी के मुख चौक के अलावे चाय पान नाश्ता के दुकानों में देखा जा सकता है। रेल क्षेत्र में इस अवैध कारोबार के संचालन होने से रेल परिवारों ने जिला एवं रेल प्रशासन से इस दिशा में अभिलंब कार्रवाई करने की मांग की है। रेल परिवार ने बताया कि रामपुर कलोनी के आर्य समाज चौक, वर्कशॉप रोड, अल्बर्ट रोड, दौलतपुर कलोनी मोर सुबह दोपहर शाम इस अवैध कारोबार के संचालन होने से आने जाने वाले रेल परिवार को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अवैध लॉटरी के संचालन होने से कलोनी में कई अनजान चेहरों का आवागमन होने लगा है जिससे रेल परिवार डरे समय दिख दिख रहे हैं।

### उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेल कालोनी दौलतपुर रामपुर एवं केशोपुर मसौमटिया तालाब, सूर्य मंदिर बीएमपी, के अलावे छठवंती अपने-अपने घरों के आंगन एवं छत पर चैती छठ महापर्व के चौथे दिन उदीयमान सूर्य भगवान को अर्घ्य संपन्न किया गया।इस दौरान व्रतियों ने सूर्य देव से सुख-समृद्धि की कामना की। चैती छठ मैया की भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की गई। महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और धार्मिक हर्षोल्लास के साथ पूजा-अर्चना की। उत्साही युवाओं ने आतिशबाजी भी की। रेल



कॉलोनी में जहां काफी उल्लास के साथ छठ पूजा मनाई गई। श्रद्धालु मनीष मंडल, राजू यादव,सन्नी,पीयूष,सोल्जर, विकास ने बताया कि साल में दो बार छठ पूजा मनाई जाती है लोक आस्था का महापर्व छठ होता है तो दूसरा चैती छठ दोनों में रीति रिवाज एवं आस्था से जुड़ा हुआ होता है। इसलिए आस्था के इस पर्व को भी पुराने रीति रिवाज के अनुसार ही मनाया जाता है।

### समकालीन अभियान मोतिहारी एवं बेतिया में 846 गिरफ्तार

**761 भेजे गए जेल 292 इस्तेहार व 192 कुर्की का निष्पादन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीआईजी हरकिशोर राय के निर्देश पर चंपारण रेंज में पुलिस ने समकालीन अभियान चलाकर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। समकालीन अभियान 22 व 23 मार्च को मोतीहारी, बेतिया व बगहा पुलिस जिला में चला। इस दौरान 846 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई, जिनमें 478 को कांडों में तथा 369 को वारंट के आधार पर पकड़ा गया। अभियान के दौरान गिरफ्तार 761 आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इनमें कांडों में गिरफ्तार 431 तथा वारंट के 330 आरोपित शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस ने लंबित मामलों में तेजी दिखाते हुए 292 इस्तेहारों का तामिला और 192 कुर्की की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस 240 ग्राम गांजा, 1415.46 लीटर देसी शराब और 122.854 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके अलावा एक देसी कट्टा, दो कारतूस,16 बाइक, एक ई-रिक्शा, चार गैस सिलिंडर, तीन चूल्हा और आठ तसला जब्त किए गए। जिलावार आंकड़ों पर नजर डालें तो मोतीहारी में सर्वाधिक 576 गिरफ्तारी हुईं, जिनमें 505 को जेल भेजा गया। बेतिया में 214 को गिरफ्तार कर 215 लोगों को जेल भेजा गया, जबकि बगहा में 56 गिरफ्तारियां और 41 आरोपितों को जेल भेजा गया। डीआईजी ने बताया कि अपराध और अवैध कारोबार पर नियंत्रण के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

### जानलेवा हमले का आरोपी धराया,जेल

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने इनरवा बाजार से जानलेवा हमले का एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि भटकौल के गैसूल मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त आरोपी नेपाल भागने के फिराक में था जिसे इनरवा से गिरफ्तार कर लिया गया है। विदित हो कि भटकौल गांव में घरेलू विवाद को लेकर हुई हिंसक झडप में मो नसीरूल्लाह के आवेदन पर गैसूल मियां सहित पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### गैस आपूर्ति को लेकर उपभोक्ता ने एजेंसी में की तोड़फोड़

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गैस आपूर्ति को लेकर जमालपुर में लगातार उपभोक्ता के द्वारा हंगामा किया जा रहा है। बुधवार को खेमका गैस एजेंसी में गैस को लेकर एक उपभोक्ता ने हंगामा करते हुए एजेंसी मालिक के साथ दुर्गा व्यवहार करते हुए तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया। एजेंसी में हुए तोड़फोड़ के बारे मे मालिक ज्योति खेमका ने बताया कि जिला प्रशासन के मिले निर्देश का पालन करते हुए हमारे एजेंसी में उपभोक्ता को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसका ख्याल रखते हुए गैस आपूर्ति किया जा रहा है। होम डिलीवरी हो या एजेंसी से गैस का कूपन काटने से लेकर गोदाम से गैस वितरण करने की प्रक्रिया पुलिस प्रशासन के निगरानी में किया जा रहा है। इसके बावजूद कुछ उपभोक्ता अपनी दबंगता दिखाते हुए गाली गलौज हंगामा करने लगते हैं। आज हुए हंगामा में जहां एजेंसी का दरवाजे का शीशा तोड़ा गया। इसकी जानकारी जमालपुर पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर उक्त उपभोक्ता को हिरासत में लेकर थाना ले गई। जहां माफी नाम देने के बाद उक्त उपभोक्ता को छोड़ दिया गया।

### ई शिक्षा कोष ऐप में तकनीकी खामियों से हुई परेशानी, शिक्षकों ने नोट कैम से तस्वीर खींची

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरकारी शिक्षकों की विद्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किये गये ई-शिक्षा कोष ऐप तकनीकी खामियों के कारण बुधवार को स्कूल की छुट्टी के समय कई शिक्षकों के मोबाइल पर नहीं खुल पाए। जिससे शिक्षकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उन्हें उक्त ऐप पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कर आउट होने के लिए विद्यालय में घंटों रुककर इंतजार करना पड़ा। अंत में कई विद्यालय के शिक्षकों ने विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए साक्ष्य के तौर पर नोट कैम ऐप से सामूहिक या फिर व्यक्तिगत रूप से फोटो खींचकर अपने मोबाइल में सुरक्षित कर लिया।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**बेतिया/मैनाटांड/मझौलिया/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले में बुधवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए दो सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस सूत्रों के अनुसार, पहली घटना मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के पकुहवा गांव के समीप इंडो-नेपाल सीमा सड़क पर हुई। अपाची बाइक पर सवार दो युवक इनरवा से अपने घर लौट रहे थे, तभी खराब सड़क के कारण बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने नौतन थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी रंजीत कुमार (28) को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल रंजन कुमार (25) को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बेतिया रेफर किया गया है। मामले की जांच जारी है।दूसरी घटना मझौलिया थाना क्षेत्र के बेतिया-सरिस्वा रामगढ़वा मुख्य मार्ग पर रामपुरवा पुल के समीप हुई, जहां तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान हरपुर गढ़वा पंचायत के बढ़िया टोला निवासी अमीउल्लाह अंसारी (28) के रूप में की गई है।घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया तथा लोगों को समझाकर जाम हटवाया। साथ ही ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया गया है।पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अमर कुमार ने बताया कि दोनों मामलों में कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## मां दुर्गा का पट खुलते ही मंदिरों एवं पूजा पंडालों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि को जोगी बाबा दुर्गा स्थान रामपुर, दौलतपुर एवं गौरीपुर, नयागांव दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा के पट खुलते ही मंदिरों और पूजा पंडालों में भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी है। इस दिन माता के कालरूपा (काली) या अन्य दिव्य स्वरूपों की पूजा की जाती है और 'जय माता दी' के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है। पुजारी प्रकाश पाठक ने बताया कि सप्तमी की सुबह माता का पट भक्तों के लिए खोला जाता है, जो देवी के जागरण का प्रतीक है।पट खुलते ही श्रद्धालु साक्षात मां के दर्शन के लिए आतुर हो जाते हैं और पंडालों में दर्शन करने उमड़ पड़ते हैं।सप्तमी के दिन



माता के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है, साथ ही माता की आंखों का अनावरण (चक्षुदान) भी किया जाता है।यह दिन नवपत्रिका पूजा और महासप्तमी के अनुष्ठानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इधर मंदिर में पाठ खुलने के बाद उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित एवं नियंत्रण करने को लेकर पूजा समिति के पदाधिकारी सदस्य विपिन सिंह, सनी कुमार,टुनटुन सिंह,अजय सिंह,संजय सिंह किसान, सतीश सिंह, राम सिंह,संतोष कुमार, राजा,राहुल कुमार,सानू कुमार के अलावा कई मौजूद थे।

## लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ भक्तिपूर्ण माहौल में हुआ संपन्न

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में बुधवार को उदीयमान सूर्य को सुबह का अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चार दिवसीय चैती छठ भक्तिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की पूजा-अर्चना की। इस दौरान ब्लॉक रोड स्थित दुर्गा मंदिर चौक के समीप छठ घाट सहित प्रखंड के विभिन्न गांवों में नदी-तालाबों और छठ घाटों पर व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। व्रतियों के साथ उनके परिजनों ने भी विधिवत पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस क्रम में व्रतियों ने वहां उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया तथा महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर छठी मैया से सदा सुहागन बने रहने का आशीर्वाद मांगा। बता दें कि यह महापर्व वर्ष में दो बार चैत्र और कार्तिक माह में मनाया जाता है। चैत्र माह में मनाए जाने वाले चैती छठ में कार्तिक छठ की तुलना में कम लोग शामिल होते



हैं। इसी कारण कई व्रतियों ने अपने घर के आंगन में ही छोटे तालाब बनाकर इस महापर्व को संपन्न किया। यह व्रत नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ था। चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत का समापन चौथे दिन उदयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समाप्त हुआ।

## यात्रियों की सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान




**इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में चलाया गया प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। :** रेलवे सुरक्षा बल यार्ड पोस्ट जमालपुर के इंस्पेक्टर राजीव नयन के नेतृत्व में रेल सुरक्षा एवं यात्री जागरूकता को लेकर प्लेटफार्म पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान इंस्पेक्टर की टीम ने स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों को चलती ट्रेन में न चढ़ने-उतरने, ट्रैक पार न करने, और हेल्पललाइन नंबर 139 का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया है। साथ ही ट्रेन पर पत्थरबाजी रोकने और अनधिकृत वेंडरों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। अभियान के बारे में इंस्पेक्टर ने यात्रियों को सलाह देते हुए बताया कि ट्रेन की छत या पायदान पर यात्रा न करें और पटरी पार करने के लिए पैदल उपरिगामी पुल का उपयोग करें।अपराध और पत्थरबाजी को रोकने के लिए आरपीएफ ने यात्रियों को जागरूक किया। वहीं महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से यात्रियों को महत्वपूर्ण जानकारी दिए।इसके अलावे स्टेशनों के आसपास अतिक्रमण हटाने और ट्रैक के किनारे रहने वालों को सावधान रहने के लिए प्रेरित किया।अंत में इंस्पेक्टर ने यात्रियों को अनजान व्यक्तियों से खाने-पीने की वस्तुएं न लेने और यात्रा के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई। मौके पर एएसआई मोतीलाल,कांस्टेबल मनीष कुमार, अरुण कुमार, अजय कुमार, सुमन लता मीणा सहित रेल पुलिस के जवान मौजूद थे।

## उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**सिकरहना( पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दो प्रखंडों को जोड़ने वाली अरुण नदी के पावन तट पर लोक आस्था सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ बुधवार को सैकड़ो छठ वर्तियों द्वारा भगवान भाष्कर को अर्घ्य के साथ शंतिपूर्ण सम्पन्न हुआ वही छठ वर्तियों ने अपने पुत्र पौत्र धन्य धान्य और सुहाग के लिए पूजा अर्चना की छठ घाट को दुल्हन की तरह सजाया गया था जिसमे लाईट साउंड डिकोरेशन बिजबनी दक्षिणी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ अध्यक्ष अमित कुमार उर्फ प्रेमकिशोर यादव दे द्वारा लाईट साउंड की सजावट किया गया पूर्वी छोड़ पर घोड़ासहन



नवयुवक कमिटी के सदस्यों द्वारा मुख्य द्वार बनाया गया साथ हि लाईट साउंड का पुख्ता व्यवस्था भी किया गया ब्लैक फॉरेस्ट के प्रोपराइटर अशोक कुमार के द्वारा निशुल्क पानी की व्यवस्था की गई वही हजारों की संख्या मे श्रद्धांलुओं की भीड़ देखने को मिली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई घोड़ासहन पुलिस और जितना थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार के नेतृत्व मे पुलिस महिला पुलिस बल की तैनाती की गई जो भीड़ को नियंत्रण करने मे लगे रहे जिसे किसी श्रद्धांलुओं को आने जाने मे कोई परेशानी नहीं हो।

## इंडो-नेपाल सीमा सर्वेक्षण को लेकर रक्सौल में पहली संयुक्त बैठक, कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान और सटीक सीमांकन को लेकर सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, रक्सौल के




कॉन्फ्रेंस हॉल में इंडो-नेपाल जॉइंट फील्ड सर्वे टीम की पहली बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दोनों देशों के सीमावर्ती जिलों के शीर्ष प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी शामिल हुए। बैठक में भारतीय पक्ष से सुपौल, मधुबनी, सीतामढ़ी, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक मौजूद रहे। वहीं नेपाली पक्ष से सिराहा, धनुषा, महोत्तरी, सलार्ही, सप्तरी, रौतहट, बारा, परसा और चितवन जिलों के चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर (सीडीओ) ने भाग लिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल ने किया, जबकि नेपाल की ओर से सिराहा के सीडीओ सुरेंद्र पौडेल ने नेतृत्व संभाला। बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी श्री जोरवाल ने सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर जोर दिया। बैठक के दौरान 7वीं बाउंड्री वर्किंग ग्रुप के मैंडेट और 12वीं सर्वे ऑफिशियल कमेटी की सिफारिशों के आधार पर फील्ड सर्वे टीम के कार्यों को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रमुख एजेंडे में सीमा स्तंभों की मरम्मत, नए स्तंभों का निर्माण, लापता स्तंभों का पुनर्स्थापन तथा क्षतिग्रस्त स्तंभों का पुनर्निर्माण शामिल रहा। इसके साथ ही आधुनिक तकनीक के उपयोग पर भी जोर दिया गया।

### वरीय पदाधिकारियों की मनाही के बाद भी थाना की गाड़ी बेधड़क चला रहे प्राइवेट ड्राइवर

**चांदन (बांका)नवबिहार टाइम्स संवादाता।** थाना में इन दिनों प्राइवेट ड्राइवर रखने का प्रेम सिर चढ़कर कर बोल रहा है। वरीय पदाधिकारियों की मनाही के बावजूद प्राइवेट ड्राइवर बेधड़क चांदन थाना की गाड़ी सड़कों पर हुए चलाते दिख रहे हैं।थाना में आधा दर्जन से अधिक सरकारी ड्राइवर रहने के बावजूद थाना में रंजन मंडल, मो०असगर अंसारी, बिट्टू यादव व जितू यादव प्राइवेट ड्राइवर कार्यरत हैं।ज्ञात हो कि एक सप्ताह पूर्व मध निषेध चैक पोस्ट करूवा पत्थर के समीप एक मालवाहक मैजिक वैन के चालक के साथ प्राइवेट ड्राइवर द्वारा मारपीट करने को लेकर पिड़ित ने चांदन थाना में आवेदन देकर कार्रवाई करने की मांग किया था।पिड़ित ड्राइवर को किसी तरस से समझा बुझाकर कर आवेदन को वापस करा लिया गया था।इसके बावजूद थानाध्यक्ष की मेहरबानी थाना में कार्यरत सभी प्राइवेट ड्राइवर पर बनी हुई है।सड़क पर चर्चा यह है कि ,बालू खनन,शराब तस्कर व ओवरलोडिंग गाड़ियों के लाइनर से इनकी सेटिंग अच्छी है।

## जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने संचालित योजनाओं पर की चर्चा

**मुंगेर/नवबिहार बिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति मुंगेर की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को संग्रहालय सभागार में संजय कुमार मंत्री गन्ना उद्योग विभाग बिहार-सह-प्रभारी मंत्री मुंगेर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ भारत अभियान, जीविका, मनरेगा, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, उर्जा, राजस्व एवं भूमि सुधार, उद्योग, नगर विकास एवं आवास, श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर बिंदुवार चर्चा करते हुए उसकी समीक्षा की गई। इसके पूर्व मुख्य मंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षा की गई, जिसमें जिले के विकास के लिए संचालित एवं कार्यान्वित योजनाओं के गुणवत्ता पूर्ण कार्य करते हुए उसे ससमय पूर्ण करने का निदेश दिया गया। बैठक में सदस्य बिहार विधान परिषद समीर कुमार सिंह, जिलाधिकारी



निखिल धनराज निप्पाणीकर, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद, जमालपुर विधायक नचिकेता, समिति के उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त पार्थ गुप्ता दीक्षित, अपर समाहर्ता मनोज कुमार, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह सहित समिति के सदस्य एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि मुंगेर जिला प्रभारी मंत्री बनने के पश्चात आज जिले में पहली बार मुझे यह बैठक करने का मौका मिला है। सभी लोगों को कार्य का मौका मिला है और मुंगेर का विकास हम सब की जिम्मेवारी है। आज की बैठक में समीक्षोपरांत जितनी भी बातें समस्याएं सामने आई है, उसका शीघ्रताशीघ्र समाधान किया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करें तथा शीघ्र ही बैठक कर आज की समीक्षा में जितने भी मामले आएं हैं, उसकी समीक्षा कर अद्यतन प्रतिवेदन तैयार करें। तीन महीने बाद मेरे द्वारा दूसरी बैठक कर सभी समस्याओं के समाधान अथवा अग्रेतर कार्रवाई से संबंधी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से भी कहा कि आप सभी किसी भी समस्याओं को छिपाएं नहीं, बल्कि उसे सामने रखें, ताकि उसका ससमय और उचित समाधान कर आमजनता को उसका लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि समीक्षा में जो भी जानकारी अथवा निदेश दिए गए हैं उसकी कार्रवाई सिर्फ कागजों पर ही सीमित न हो, यही ख्याल रखें। उस कार्य को हर हाल में जमीनी स्तर पर कराएं ताकि योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन हो सकें तथा विकास में गति दिखे।

## स्टेशन पर 3 घंटे गुल हुई बिजली लिफ्ट एस्कलेटर हुए बंद यात्री रहे परेशान

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर स्टेशन पर लगातार यात्री सुविधा का अनदेखी किया जा रहा है। बुधवार को स्टेशन पर अचानक बिजली गुल हो गई। लगभग 3 घंटे तक गुल रहे बिजली के कारण लिफ्ट एवं एस्कलेटर बंद हो गया जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बिजली गुल रहने से स्टेशन की एस्कलेटर भी पूरी तरह बंद पड़ी रही। इससे बुजुर्ग, महिलाएं व पुरूषों और छोटे बच्चों के साथ सफर कर रहे यात्रियों की मुश्किलें काफी बढ़ गईं।बिजली नहीं रहने के कारण यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) का सहारा लेना पड़ा। भारी सामान के साथ सीढ़ियां चढ़ना-उतरना लोगों के लिए बेहद कठिन साबित हुआ। कई यात्रियों ने बताया कि ट्रेन पकड़ने की जल्दी में उन्हें दौड़भाग करनी पड़ी, जिससे अफरातफरी का माहौल बना रहा। यात्रियों में नसीम खान, पुरुषोत्तम, चंदन कुमार, सुधा देवी, अरुण पासवान, नीतीश कुमार, अक्षय,गोपाल प्रसाद ने कहां स्टेशन पर सुविधाएं पहले से ही सीमित हैं, ऐसे में लिफ्ट खराब होने और बिजली गुल रहने से स्थिति और बिगड़ गई। उनका कहना था कि मरम्मत कार्य के दौरान एस्कलेटर को बंद नहीं किया जाना चाहिए था। प्लेटफॉर्म नंबर 3 की एक लिफ्ट पूरी तरह बंद थी, जबकि दूसरी का गेट जाम हो गया था। बताया गया कि लिफ्ट की क्षमता 12 लोगों की है, लेकिन अक्सर 20 तक लोग सवार हो जाते हैं, जिससे तकनीकी खराबी उत्पन्न होती है।

## टेक्नोस्पोर्ट ने भागलपुर में लॉन्च किया अपना विशेष ब्रांड स्टोर

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत का तेजी से उभरता एक्टिववियर ब्रांड टेक्नोस्पोर्ट ने बिहार के भागलपुर में अपना एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट। यह स्टोर डॉ. राजेंद्र प्रसाद रोड, वार्ड नंबर 38, जोन 1 में स्थित है और लगभग 3,000 वर्गफुट में फैला हुआ है। यह लॉन्च उभरते बाजारों में संगठित रिटेल उपस्थिति को मजबूत करने की कंपनी की रणनीति का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नए स्टोर के साथ टेक्नोस्पोर्ट का राष्ट्रीय स्टोर नेटवर्क अब 45 विशेष ब्रांड स्टोर्स तक पहुंच गया है। कंपनी अपने रिटेल विस्तार के तहत टियर-2 और टियर-3 शहरों में लगातार अपनी मौजूदगी बढ़ा रही है। एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट मॉडल के जरिए ब्रांड को बेहतर पहचान, ग्राहकों से मजबूत जुड़ाव और उत्पादों की बेहतर प्रस्तुति व स्टोर के भीतर अनुभव पर अधिक नियंत्रण मिलता है, जो इसकी ऑफलाइन विस्तार रणनीति का अहम हिस्सा है। भागलपुर का यह आउटलेट ग्राहकों को एक आधुनिक और आकर्षक रिटेल अनुभव प्रदान करता है, जहां टेक्नोस्पोर्ट के हाई-परफॉर्मेंस एक्टिववियर की पूरी रेंज उपलब्ध है। ये उत्पाद भारतीय परिस्थितियों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। कलेक्शन में कोटफ्लेक्स (4-वे स्ट्रेच और मेमोरी फंक्शन), टेक्नो ड्राई (जल्दी सूखने की क्षमता) और मैटपिक (सॉफ्ट फील और मैट टेक्सचर) जैसे इनोवेटिव फैब्रिक शामिल हैं। लॉन्च अवसर पर कार्यक्रम में कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें संतोष कुमार, जिला अध्यक्ष, भाजपा, भागलपुर, डॉ. बसुंधरा लाल, मेयर, भागलपुर, डॉ. एन के यादव, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद, तथा संजय यादव, पूर्व एमएलसी शामिल रहे। इन गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। लॉन्च के मौके पर टेक्नोस्पोर्ट के सीईओ पुस्पेन मैती ने कहा कि भागलपुर में हमारा विस्तार उच्च-विकास वाले क्षेत्रीय बाजारों में मजबूत रिटेल उपस्थिति बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। मेट्रो शहरों के बाहर परफॉर्मेंस वियर की बढ़ती मांग के बीच यह स्टोर हमें ग्राहकों से और करीब जुड़ने का अवसर देगा और पूर्वी भारत में हमारे रिटेल विस्तार को गति देगा। उन्होंने कहा कि भागलपुर के बाद कंपनी राज्य के अन्य संभावित शहरों में भी विस्तार के अवसर तलाशेगी, जो उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है। टेक्नोस्पोर्ट वित्त वर्ष के अंत तक पूरे भारत में 50 विशेष ब्रांड स्टोर्स खोलने के अपने लक्ष्य पर कायम है। कंपनी का विस्तार क्लस्टर-आधारित रणनीति के तहत स्थापित और उभरते दोनों तरह के बाजारों में जारी रहेगा।

## नगर परिषद जमालपुर में छाया पेयजल संकट का मुद्दा

**जनता को पानी मिले इसको लेकर बोर्ड की बैठक में पार्षद सुदेश मंडल ने किया हंगामा।**

**हंगामा के बाद बैठक छोड़ बाहर निकले वार्ड पार्षद।**

**जमालपुर (मुंगेर) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद जमालपुर बोर्ड की बैठक बुधवार को हंगामा भर रहा। बैठक में जनता के मूलभूत समस्या को दरकिनार कर उनके सुविधा के राशि में हो रहे बंदरबन के सवाल पर वार्ड नंबर 27 के वार्ड पार्षद सुदेश मंडल ने विरोध करते हुए बैठक से बाहर निकल गए। बैठक बोर्ड की बैठक में जनहित के सवाल को उठाने से अगर किसी को तकलीफ होती है तो ऐसी तकलीफ हम पदाधिकारी को बार-बार देने का काम करेंगे। क्योंकि जनता ने ही अपना कीमती वोट देकर हमें नगर परिषद पहुंचा है। उक्त बातें वार्ड पार्षद सुदेश मंडल ने बोर्ड की बैठक से बाहर निकाल कर बताया। उन्होंने यह भी कहा कि पानी के लिए एक करोड़ से अधिक रुपए खर्च हो गए पर जनता को आज तक पानी नहीं मिल रहा। यही सवाल बोर्ड में उठाना पदाधिकारी सहित अन्य पार्षद के आंख का किरकिरी हम बन गए। बोर्ड की बैठक में जनता का कम लूट की बातें ज्यादा होती है इसलिए अगर हम विरोध नहीं कर सकते तो उसका समर्थन भी नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के सवाल पर बोर्ड की बैठक में कई पार्षदों की बोलती बंद करवा दिया जाता है। सरकार के जो भी फंड जनहित के लिए लाया लाया जाता है इसका इस्तेमाल यहां नहीं होता है। बिना बोर्ड के बैठक में पास किया ही नगर परिषद के विभाग भवन का रेट तय कर दिया जाता है जिस शहर के गरीब जनता इसका उपयोग कभी नहीं कर पाएंगे। क्योंकि इनका रेट जो निर्धारित किया गया है वह जरूर से ज्यादा है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ आस्था में डूबा ओबरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**ओबरा (औरंगाबाद)।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर ओबरा प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न छठ घाटों पर श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और पवित्र छठ व्रत का समापन किया। शाम होते ही घाटों का दृश्य अत्यंत मनोहारी हो उठा, जहां व्रतियों ने जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य की उपासना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह से ही छठ घाटों की साफ-सफाई और सजावट का कार्य किया गया था। विशेष रूप से श्री आदित्य छठ पूजा समिति, खरांटी द्वारा घाटों पर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की गई। समिति के अध्यक्ष रवि कुमार, उपाध्यक्ष दिलीप चौधरी और कोषाध्यक्ष रॉकी साव के नेतृत्व में सदस्य अमित कुमार, विकास कुमार,



प्रिंस कुमार, रंजीत पासवान, दीपक कुमार, शुभम कुमार और पन्नालाल साव सहित अन्य लोगों ने व्रतियों की सुविधा के लिए प्रकाश, स्वच्छता और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की। पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा। थाना अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में सभी प्रमुख छठ घाटों पर पुलिस बल की तैनाती की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। छठ पर्व की इस पावन बेला पर पूरा ओबरा क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर दिखा। घाटों पर गूंजते छठ गीत, जलते दीपक और श्रद्धालुओं की आस्था ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।

## हसपुरा-मेंहदिया पथ पर पीरू गांव के समीप का पुल दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के हसपुरा प्रखंड के पीरू गांव के समीप मुख्य पथ पर नाले पर निर्मित पुल के पास एक तीखा मोड़ है। यह सड़क मेंहदिया होते हुए पटना जाती है। हसपुरा से लगभग दर्जन भर यात्री वाहन एवं सैंकड़ों अन्य वाहन इसी पुल से होकर पटना जाती है। पुल के दोनों तरफ घेराबंदी और लाइट के अभाव में यह जानलेवा बन गया है। यहां कब कौन वाहन पुल से नीचे गिर जाएगा यह कहना मुश्किल है। खासकर रात के समय अनजान लोगों को वाहनों के दुर्घटना होने की संभावना अधिक रहती है। भगवान का शुक्र है कि अबतक यहां कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है परंतु कुछ दिनों में यहां दुर्घटनाएं घटती रहती है।

# बदरपुर गांव जाने वाली सड़क जर्जर होने से ग्रामीण परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के सिमला मोड़ से बदरपुर गांव जाने वाली सड़क की स्थिति इन दिनों काफी बदहाल हो गई है। करीब 12 किमी की सड़क इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। बता दें कि सड़क का निर्माण करीब नौ वर्ष पहले मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बड़ी लागत के साथ कराई गई थी। वर्षों से सड़क जर्जर अवस्था में है। इससे आवागमन के दौरान लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव स्थित विद्यालय में शिक्षा को ले आने जाने वाले छात्रों को झेलनी पड़ रही है। इतना ही नहीं सड़क जर्जर सड़क से स्कूली बच्चे जर्जर सड़क का शिकार होकर चोटिल हो रहे है परंतु लोगों की समस्या जस की तस है। इससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। सड़क जर्जर होने से ग्रामीण ही नहीं गांव में आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं अब तो ग्रामीणों के रिश्तेदारों ने गांव भी आना छोड़ दिया है। वह कहते है कि ऐसी जर्जर सड़क से इंसान के साथ वाहन की हालत तक खराब हो जाती है। जब गांव की सड़क सही हो जाएगी उसके बाद ही वह उनके यहां आएंगे। जर्जर सड़क से होकर कियाखांप, मेघुआ, साहो कर्मा, कुम्हैनी, सिमला सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आवागमन होता है। दोपहिया व साइकिल सवार को सड़क से होकर आवागमन करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वर्षा के दिनों में अधिक परेशानी होती है। ग्रामीण प्रतिदिन सड़क पर उभरे गड्ढों में गिरकर घायल होते रहते हैं। कुम्हैनी गांव के युगेश्वर यादव, मंगेर यादव, निरंजन सिह, इंद्रदेव दास सहित बताते हैं कि जर्जर सड़क से होकर छात्र प्रतिदिन विद्यालय कासमा पढ़ने जाते हैं परंतु सड़क की हालत के कारण हम लोगों को चोटिल होकर शारीरिक नुकसान के साथ शिक्षा का नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इतना होने के बावजूद भी अधिकारी सड़क निर्माण के प्रति गंभीर नहीं हैं।

# छठ व्रतियों से जबरन वसूली का मामला, कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आस्था के महापर्व छठ के दौरान श्रद्धालुओं से जबरन पैसे वसूले जाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद जिला के देव में छठ पर्व करने जाने वाले व्रतियों के वाहनों से रफीगंज थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शुल्क लिया जा रहा है।

बताया गया है कि हर वर्ष शांति समिति की बैठक में यह निर्णय लिया जाता है कि छठ पर्व के दौरान इस मार्ग से गुजरने वाले ट्रैक्टर, पिकअप, टेम्पू सहित अन्य वाहनों से नगर पंचायत द्वारा किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके बावजूद, वाहन चालकों को रोककर प्रति वाहन 20 रुपये की वसूली की जा रही है। स्थानीय व्यक्ति द्वारा मौके पर जांच करने पर यह बात सही पाई गई। वाहन चालकों ने भी पुष्टि की कि उनसे जबरन पैसे लिए जा रहे हैं। वसूली के दौरान दी जा रही रसीद पर नगर पंचायत रफीगंज का नाम अंकित है, साथ ही बंदोबस्तीधारी के रूप में उपेंद्र यादव का नाम दर्ज बताया गया है। संबंधित व्यक्ति ने रसीद की प्रति आवेदन के साथ संलग्न करने और घटना का वीडियो भी उपलब्ध कराने की बात कही है। इस संबंध में आवेदन देकर संबंधित विभाग से मांग की गई है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। कार्यपालक पदाधिकारी मैमून निशा ने आश्वासन दिया है कि पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे तथा बंदोबस्ती को आवश्यक होने पर तत्काल रद्द किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## स्टोन डस्ट लदा ट्रैक्टर-ट्रेलर बरामद, अवैध खनन पर कार्रवाई तेज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को रफीगंज थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। जिला खनन विभाग के खान निरीक्षक मोहम्मद इकबाल हुसैन एवं रफीगंज पुलिस की संयुक्त टीम ने भदवा रोड स्थित माड़ीपुर गांव के समीप एक ईंट-भट्ठा के पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान टीम ने स्टोन डस्ट लदे एक ट्रैक्टर-ट्रेलर को जब्त कर थाना लाया। बरामद वाहन ब्लू रंग का सोनालिका ट्रैक्टर है, जो ट्रेलर के साथ अवैध रूप से खनिज पदार्थ का परिवहन कर रहा था।

# उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बिहार बोर्ड इंटर के रिजल्ट में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि विज्ञान संकाय में विद्यालय में नामांकित कुल 16 छात्राओं में से 15 प्रथम और एक द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। वहीं कला संकाय की छात्रा नंदनी कुमारी ने 388 (77.6 %) अंक लाकर विधालय में प्रथम और प्रखंड स्तर पर शीर्ष दस में जगह बनाई है। नंदनी के पिता अशोक बैठा मध्य विद्यालय बहादुरपुर में शिक्षा सेवक और माता रीना देवी आशा कार्यकर्ता



हैं। परीक्षा में बेहतरीन परिणाम के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता, संगीत शिक्षक यतीश पाठक समेत सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी है।

# लुक्कागढ़ के छात्र शैक्षणिक परिभ्रमण पर पटना के लिए रवाना




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के जयप्रकाश उच्च विद्यालय, लुक्कागढ़ के छात्र शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए पटना रवाना हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण छात्रों के लिए काफी उपयोगी होता है और इससे उन्हें विभिन्न स्थानों की जानकारी मिलती है। प्रधानाध्यापक विवेक कुमार ने कहा कि सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को लेकर दृढ़ संकल्पित है। छात्रों को बेहतर शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति और पोशाक जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि उनका बौद्धिक और मानसिक विकास हो सके। उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक परिभ्रमण में 50 छात्रों का दल शामिल है, जिसके साथ विद्यालय के शिक्षक भी गाइड के रूप में गए हैं, ताकि छात्रों को विभिन्न स्थानों के बारे में जानकारी दी जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक रामकुमार सिंह, संजय यादव, राजीव कुमार, राजेश कुमार, जितेंद्र द्विवेदी, बासुकिनाथ और इम्तेयाज आलम समेत अन्य शिक्षक एवं विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# धर्मशीला देवी अस्पताल की जांच, पारदर्शिता पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद की शिकायत पर नवादा नगर परिषद क्षेत्र के केंदुआ स्थित धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल की जांच के लिए बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की गठित टीम पहुंची। टीम के अस्पताल पहुंचते ही मुख्य गेट बंद कर दिया गया और मीडिया सहित किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई, जिससे जांच प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे।

गौरतलब है कि हाल ही में राजबल्लभ प्रसाद के छोटे पुत्र अखिलेश कुमार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बताया जाता है कि उनके आवास के समीप थार वाहन पेड़ से टकरा गया था। इसके बाद उन्हें तत्काल धर्मशीला देवी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां गंभीर आंतरिक चोट की




आशंका के बावजूद करीब सात घंटे तक समुचित इलाज नहीं किया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें पटना रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर राजबल्लभ प्रसाद ने मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही और दुर्भावना का आरोप लगाया है। उन्होंने अस्पताल का लाइसेंस रद्द कर संचालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच कमिटी गठित कर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

हालांकि, जांच के दौरान टीम द्वारा गेट बंद कर जांच करने से पीड़ित पक्ष और स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। लोगों का आरोप है कि जांच प्रक्रिया में न तो पीड़ित परिवार को शामिल किया गया और न ही मीडिया को जानकारी दी गई। मौके पर बड़ी संख्या में समर्थक और ऐसे लोग भी जुटे, जिन्होंने पूर्व में इस अस्पताल में अपने परिजनों को खोया है। सभी ने अस्पताल प्रबंधन और जांच टीम के खिलाफ नाराजगी जताई। करीब दो घंटे बाद जब जांच टीम बाहर आई तो उन्होंने इलाज करने वाले डॉक्टर की अनुपस्थिति की बात कही। टीम ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को सीसीटीवी फुटेज और इलाज से जुड़े सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

वहीं, आक्रोशित लोगों ने इस जांच को अपर्याप्त बताते हुए अस्पताल का लाइसेंस तत्काल रद्द करने और संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। लोगों का आरोप है कि अस्पताल में न तो विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं और न ही आवश्यक जांच उपकरण। यहां तक कि जीवन रक्षक एंबुलेंस की भी व्यवस्था नहीं है, फिर भी गंभीर मरीजों को भर्ती कर लिया जाता है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराते हुए अस्पताल को तत्काल सील करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

## रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा अनुमंडल पदाधिकारी सदर अमित अनुराग की अध्यक्षता में कौआकोल थाना परिसर में रामनवमी के अवसर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने पर विस्तार से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की कि पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं शांति बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि जुलूस के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित मार्ग एवं समय का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, जुलूस में लगाए गए झंडे एवं पताकाओं को जुलूस समाप्ति के 24 घंटे के अंदर हटा लिया जाए।

# 300 वर्ष पुराने बाबा भूतनाथ आश्रम की देखरेख अब परमपुरी संस्थान के जिम्मे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के पोगर गांव स्थित ऐतिहासिक बाबा भूतनाथ आश्रम के संरक्षण एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर बुधवार को ग्रामीणों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिरेंद्र प्रसाद ने की, जबकि संचालन पूर्व अध्यक्ष राम ईश्वर सिंह ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आश्रम एवं मंदिर की संपूर्ण देखरेख 25 मार्च 2026 से परमपुरी संस्थान को सौंपी जाएगी। इस निर्णय के तहत अब मंदिर की सुरक्षा, सौंदर्यीकरण, पूजा-पद्धति की व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी संस्थान द्वारा निभाई जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि



बाबा भूतनाथ आश्रम लगभग 300 वर्ष पुराना है और यह क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रत्येक वर्ष हजारों श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में आश्रम के बेहतर प्रबंधन, संरक्षण और विकास को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। बैठक में मुखिया शंकर दयाल यादव, ग्राम कचहरी सचिव धीरज कुमार, गणपत सिंह, हरी सिंह, नरेश पाल, निरंजन प्रसाद, राजबल्लभ प्रसाद, अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार, कामता प्रसाद, रामेश्वर सिंह, लखन प्रसाद सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना के दिशा-निर्देश में जिला प्रशासन, नवादा एवं जिला उर्दू भाषा कोषांग, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में उर्दू भाषी विद्यार्थी प्रोत्साहन राज्य योजना अंतर्गत वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन समाहरणालय स्थित डी.आर.डी.ए. सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पाण्डेय एवं वरीय उप समाहर्ता-सह-प्रभारी पदाधिकारी, जिला उर्दू भाषा कोषांग, नवादा, ए.डी.एम.ओ., नवादा एवं अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ से




स्वागत कर उन्हें शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि उर्दू भाषा एक सुंदर एवं समृद्ध भाषा है, जो कई भाषाओं के मेल से बनी है। इसका विकास मुख्य रूप से भारत के उत्तरी हिस्सों में हुआ, जहाँ विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं का आपसी संपर्क हुआ। उर्दू पर सबसे अधिक प्रभाव फारसी, अरबी एवं तुर्की भाषाओं का पड़ा है, जबकि इसकी बुनियाद हिंदी (खड़ी बोली) पर आधारित है। उर्दू वास्तव में मिठास एवं भाईचारे की भाषा है और अनेकता में एकता का प्रतीक है। उन्होंने उर्दू भाषा कोषांग द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन की सराहना की तथा ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं विद्यालय स्तर पर भी किए जाने पर बल दिया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के सदस्यों में डॉ. एजाज रसूल, डॉ. हाजिक फरीद, डॉ. मो. फारुक आलम, मो. जावेद इकबाल एवं मुफ्ती इनायातुल्लाह कासमी उपस्थित थे।

# कमर्शियल वाहनों के लिए 'इको एश्योर' कवर लॉन्च, मरम्मत खर्च में मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पुणे।** सड़कों पर दौड़ने वाले कमर्शियल वाहन न केवल परिवहन का माध्यम हैं, बल्कि लाखों लोगों की आजीविका का आधार भी हैं। ऐसे में किसी खराबी या दुर्घटना की स्थिति में मरम्मत का बढ़ता खर्च वाहन मालिकों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। इसी समस्या के समाधान के लिए बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने कमर्शियल वाहनों के लिए नया ऐड-ऑन कवर 'इको एश्योर' लॉन्च किया है। कंपनी के अनुसार, यह कवर इस तरह तैयार किया गया है कि वाहन मालिकों को मरम्मत पर होने वाले खर्च से राहत मिले और वाहन कम समय में दोबारा सड़कों पर उतर सकें। लॉन्च के अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी एवं सीईओ) डॉ. तपन सिंघल ने कहा कि कमर्शियल वाहन देश की सप्लाई चेन और दैनिक आवाजाही की रीढ़ हैं। 'इको एश्योर' एक ऐसा समाधान है, जो मरम्मत प्रक्रिया को सरल, किफायती और तेज बनाता है, जिससे वाहन मालिक जल्द से जल्द अपना काम फिर से शुरू कर सकें। इस कवर के तहत दो विकल्प—'इको एश्योर एसेंशियल' और 'इको एश्योर एडवांटेज'—उपलब्ध हैं। इसकी प्रमुख विशेषता यह है कि मरम्मत के दौरान यदि नए पार्ट्स के स्थान पर रिपेयर किए गए पार्ट्स का उपयोग किया जाता है, तो डेप्रिसिएशन पर 100 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। वहीं, नए पार्ट्स लगाए जाने की स्थिति में चयनित प्लान के अनुसार 25 प्रतिशत तक की छूट दी जाती है, जिससे कुल मरम्मत लागत में कमी आती है। इसके अलावा, इस ऐड-ऑन में क्लेम के समय लगने वाला अनिवार्य डिडक्टिबल भी हटा दिया गया है, जिससे वाहन मालिकों को तत्काल अधिक राशि अपनी जेब से खर्च नहीं करनी पड़ती। साथ ही, पेंट, लाइट, बंपर, बोनट और साइड पार्ट्स जैसे जल्दी क्षतिग्रस्त होने वाले हिस्सों के लिए भी व्यापक कवरेज प्रदान किया गया है।

# जैकसन ग्रुप ने सौरव गांगुली के साथ मिलकर सतत विकास की दिशा में बढ़ाया कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत की जानी-मानी ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी-जैकसन ग्रुप, पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान और जाने-माने लीडर सौरव गांगुली के साथ मिलकर बेहतर कल की ओर कदम बढ़ा रही है। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब भारत तेजी से नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके जरिए जैकसन यह सुनिश्चित करता है कि वह इनोवेशन, स्केल और सस्टेनेबल सॉल्यूशंस के जरिए देश के ऊर्जा बदलाव में बेहतर भूमिका निभा रहा है। आठ दशकों से ज्यादा समय से जैकसन ग्रुप ने हमेशा भरोसे और इनोवेशन के दम पर अपनी पहचान बनाई है। सौरव गांगुली की लीडरशिप और नए तरीके अपनाने की क्षमता से




प्रेरित होकर, कंपनी अब अपनी पहचान को और मजबूत करने पर काम कर रही है, ताकि वह आने वाले समय के लिए तैयार ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े समाधान देने में एक भरोसेमंद साथी बनी रहे। इस साझेदारी के तहत सौरव गांगुली जैकसन ग्रुप के प्रमुख ब्रांड कैंपेन और खास पहलों का हिस्सा होंगे। इसके जरिए कंपनी स्वच्छ और सतत ऊर्जा के अपने विज़न को और ज्यादा लोगों तक पहुंचाने का काम करेगी। इस मौके पर बोलते हुए, जैकसन ग्रुप के चेयरमैन समीर गुप्ता ने कहा, "हमें जैकसन परिवार में 'दादा' का स्वागत करते हुए गर्व हो रहा है। सौरव गांगुली को लीडरशिप, मजबूती और बेहतरीन प्रदर्शन का जीवंत उदाहरण हैं और ये सभी मूल्य हमारी सोच से बखूबी मेल खाते हैं। यह साझेदारी हमारे उस विश्वास को दर्शाती है, जिसमें हम हमेशा आगे रहने और लगातार बेहतर देने पर जोर देते हैं। हमें भरोसा है कि उनकी पहचान और विश्वसनीयता से हमारे ब्रांड को मजबूती मिलेगी और हमारे सस्टेनेबल सॉल्यूशंस भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में तेजी से अपनाए जाएँगे।" उन्होंने आगे कहा, "हमारी ग्रोथ मजबूत लीडरशिप पर आधारित है, जिसमें वाइस चेयरमैन सुंदीप गुप्ता और वाइस चेयरमैन एवं ग्लोबल सीईओ (जैकसन ग्रीन) बिकेश ओगरा का अहम् योगदान है। इसके साथ ही नई पीढ़ी भी ग्रुप को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।" इस साझेदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, सौरव गांगुली ने कहा, "जैकसन का दृष्टिकोण डिस्ट्रीब्यूटेड पावर, सोलर एनर्जी, ग्रीन फ्यूल और इंफ्रास्ट्रक्चर, जैसे- बिजली, मेट्रो, सिविल और पानी, पूरी वैल्यू चेन में फैला हुआ है, जो आज के समय के हिसाब से बेहद प्रासंगिक और असरदार है। ऐसे ब्रांड के साथ जुड़ना मेरे लिए खुशी की बात है, जो भारत के ऊर्जा बदलाव और एक स्वच्छ व हरित भविष्य की दिशा में अहम् योगदान दे रहा है।" यह पहल जैकसन ग्रुप के उस अद्वितीय बिज़नेस मॉडल को और मजबूती देती है, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग से लेकर प्रोजेक्ट डेवलपमेंट, ईपीसी और ओ एंड एम सर्विसेस शामिल हैं। भविष्य की अपनी योजना के तहत कंपनी लोगों और तकनीक पर भी लगातार ध्यान दे रही है, ताकि लंबे समय तक बेहतर और सतत विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## धूमधाम से मनाया गया चैती छठ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** लोक आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। इसी क्रम में पंजाब नेशनल बैंक (नगर शाखा) में कार्यरत बैंक कर्मी राजेश कुमार सिन्हा उर्फ राजू सिन्हा (चित्रगुप्त नगर कॉलोनी, वार्ड 19) के परिवार द्वारा भगवान भास्कर की आराधना की गई। शुद्धता और समर्पण के साथ परिवार के सदस्यों ने भास्कर नगर स्थित दुमुहान घाट पर पहुंचकर अस्ताचलगामी और उदयगामी भगवान सूर्य को जल अर्पित किया। इस पवित्र अनुष्ठान के दौरान घाट का वातावरण 'कांच ही बांस के बहंगिया' जैसे पारंपरिक गीतों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर मगध प्रमंडल के युवा पत्रकार आकाश प्रियदर्शी, सुधा दूध कारोबारी कुसु सिन्हा, अंजली कुमारी, इन्दु सिन्हा ,नेहा सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे।



**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

खुली निविदा सं.: 47-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26 जो पूर्व में वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल द्वारा प्रकाशित की गई थी, के संबंध में शुद्धिपत्र। **बयाना राशि** रु. 2,60,300/- के बदले **रु. 4,41,000/-** पढ़ी जाएगी। निविदा के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। निविदा सूचना और निविदा कागजात वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in/** पर भी उपलब्ध हैं।

ASN-406/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# राजस्व कर्मी सरकार के विरुद्ध करेंगे उग्र आंदोलन

**सरकार पर भड़क उठे कर्मचारी 25 मार्च को सभी जिलों में देंगे धरना**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ (संयुक्त संघर्ष मोर्चा) ने अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को समाहरणालय पर धरना प्रदर्शन किया। राजस्व कर्मचारियों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। संघ ने स्पष्ट कहा है कि केवल मौखिक आश्वासन से अब काम नहीं चलेगा और जब तक सरकार पूर्व के लिखित समझौतों को लागू करते हुए ठोस आदेश जारी नहीं करती, तब तक अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश जारी रहेगा। संघ के अनुसार, 11 फरवरी से राज्यभर के करीब 3500 राजस्व कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर हैं। इसके कारण दाखिल-खारिज, परिमार्जन, नामांतरण समेत करीब 68 प्रकार के राजस्व कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं। इस स्थिति से आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर सरकार की ओर से यह आरोप लगाया जा रहा है कि कर्मचारियों की हड़ताल के कारण करीब 46 लाख परिमार्जन और नामांतरण के आवेदनों का निष्पादन बाधित हो रहा है। इस पर संघ ने कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा है कि कर्मचारियों को बिना संसाधन दिए इतने बड़े पैमाने पर काम पूरा करने का दबाव बनाया जा रहा है, जो व्यवहारिक नहीं है।संघ के नेताओं का कहना है कि वर्ष 2025 में 27 दिनों की हड़ताल के बाद तत्कालीन अपर मुख्य सचिव (राजस्व) और मुख्य सचिव स्तर पर 2 जून 2025 को लिखित समझौता हुआ था, जिसे बाद में विभागीय स्तर पर भी मान्यता दी गई थी।लेकिन हाल ही में विभाग के प्रधान सचिव द्वारा उस समझौते को रद्दी की टोकरी में फेंकने जैसा बयान दिए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। हालांकि 23 फरवरी को मंत्री स्तर पर हुई वार्ता में कुछ मांगों—जैसे स्थानांतरण नीति में सुधार, ग्रेड पे 2800, भत्ते, प्रोन्नति और अन्य सुविधाएंपर सकारात्मक संकेत दिए गए थे, लेकिन अब तक इन पर कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। यही वजह है कि कर्मचारी सरकार के रवैये पर सवाल उठा रहे हैं।संघ ने यह भी आरोप लगाया है कि विभाग एक ओर कर्मचारियों से 46 लाख लंबित आवेदनों के निष्पादन की अपेक्षा करता है, वहीं दूसरी ओर उन्हें काम के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराता। कर्मचारियों का कहना है कि ऑनलाइन कार्य के लिए लैपटॉप, इंटरनेट, डोंगल, प्रिंटर, कागज, फर्नीचर, बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दी गई हैं। इसके अलावा, क्षेत्रीय जांच और कार्य निष्पादन के लिए वाहन और ईंधन की व्यवस्था भी नहीं है।जिससे समय पर जांच करना मुश्किल हो जाता है। संघ का कहना है कि एक-एक कर्मचारी पर 4 से 5 हल्कों का अतिरिक्त प्रभार डाल दिया गया है। जिसके कारण वे किसी भी क्षेत्र में पूरी तरह समय नहीं दे पा रहे हैं और आम रैयत को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।कर्मचारियों का कहना है कि विभाग का रवैया ऐसा है मानो उनसे कर्मचारी नहीं बल्कि गुलाम की तरह काम लिया जा रहा हो। इसी के विरोध में 25 मार्च को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।

# आमजन की सुरक्षा ही सर्वोच्च प्राथमिकताः डीएम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बलिया।** साहेबपुर कमाल प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरहट, मल्हीपुर का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें तथा मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने साफ-सफाई, अभिलेख संधारण एवं आपातकालीन सेवाओं की तत्परता पर विशेष बल दिया। इसके उपरांत साहेबपुर कमाल क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित इलाकों एवं बांध का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं, तटबंध की स्थिति एवं संवेदनशील स्थलों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संभावित बाढ़ की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व से ही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। तटबंधों की सतत निगरानी, कमजोर स्थलों की पहचान कर त्वरित मरम्मत तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी संसाधनों को तैयार रखने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, सहित अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं प्रखंड स्तरीय कर्मी उपस्थित थे।

# बीपीसीएल की गैस आपूर्ति की स्थिति नहीं है संतोषजनक

**67 वितरकों के माध्यम से एलपीजी हो रही आपूर्ति, 58,918 बुकिंग प्रक्रियाधीन**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिले में कार्यरत तेल विपणन कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल, एवं एचपीसीएल के परिचालन एवं आपूर्ति व्यवस्था की जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही है। बुधवार तक जिले में घरेलू गैस की उपलब्धता, बुकिंग एवं वितरण की वर्तमान स्थिति का आकलन किया गया। जिसमें जिले में कुल 67 वितरकों के माध्यम से एलपीजी आपूर्ति का संचालन किया जा रहा है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि वर्तमान में कुल 58,918 बुकिंग प्रक्रियाधीन हैं। इनमें सर्वाधिक 30,695 बुकिंग आइओसीएल से संबंधित हैं जबकि बीपीसीएल की 19,308 एवं एचपीसीएल की 8,915 बुकिंग हैं। बुधवार को कुल 11,945 उपभोक्ताओं को गैस की आपूर्ति की गई। जिले में औसत बैकलॉग 4.5 दिन का है। आइओसीएल का 3.6 दिन, बीपीसीएल का 5.0 दिन एवं एचपीसीएल का 4.9 दिन दर्ज किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सभी तेल विपणन कंपनियों एवं उनके वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे बुकिंग के अनुरूप डिलीवरी की गति में तेजी लाएं ताकि बैकलॉग की अवधि को न्यूनतम किया जा सके। उपभोक्ताओं को समयबद्ध एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही एलपीजी सीलिण्डर्स की कालाबाजारी, व्यवसायिक कनेक्शन पर घरेलू सिलिन्डर के उपयोग आदि जैसे मामले की सतत निगरानी सभी अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के धारा 7 के तहत कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा स्टॉक की उपलब्धता, बुकिंग की स्थिति एवं दैनिक वितरण की सतत निगरानी की जा रही है साथ ही उप जिलाधिकारी द्वारा लगातार टीम बनाकर गैस एजेंसियों की निगरानी कराई जा रही है। जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और आपूर्ति व्यवस्था पूर्णतः पारदर्शी एवं प्रभावी बनी रहे।

# शांति, सौहार्द के साथ मनेगी रामनवमी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** चैती दुर्गा एवं रामनवमी पर्व के मद्देनज़र जिले में शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु डीएम एवं एसपी ने बुधवार को एक विस्तृत संयुक्त आदेश जारी किया है। इस वर्ष बासंती नवरात्र 19 से 28 मार्च तक तथा रामनवमी का मुख्य पर्व 27 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व के दौरान विधि व्यवस्था संधारण हेतु पूरे जिले में कुल 225 स्थानों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया है कि रामनवमी शोभायात्रा एवं प्रतिमा विसर्जन जुलूस के लिए आयोजकों को लाइसेंस प्राप्त करना होगा। जुलूस केवल पूर्व निर्धारित मार्गों से ही निकाले जाएंगे तथा किसी नए मार्ग की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस के दौरान डीजे पर भड़काऊ या आपत्तिजनक संगीत बजाने, उन्मादी नारेबाजी करने तथा किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र या जानवर के प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पूजा पंडालों में भीड़ नियंत्रण हेतु महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश एवं निकास द्वार तथा अलग दीर्घा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्युत सुरक्षा के मद्देनज़र सभी अस्थायी कनेक्शनों की जांच अनिवार्य होगी तथा अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। महिला सुरक्षा के लिए महिला पुलिस बल एवं स्वयंसेवकों की विशेष तैनाती की गई है। जिससे किसी भी प्रकार की छेड़खानी या अवांछित गतिविधि पर तत्काल रोक लगाई जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रशासन द्वारा सतत निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना, अफवाह या भड़काऊ पोस्ट प्रसारित करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें और उसे आगे प्रसारित न करें। पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी हेतु समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला नियंत्रण कक्ष 27 की सुबह से 28 मार्च की शाम तक कार्यरत रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06243-222835 निर्धारित किया गया है। जिला स्तर पर पर्यवेक्षण के लिए उप विकास आयुक्त एवं अपर समाहर्ता को वरीय प्रभार सौंपा गया है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से निर्धारित घाटों एवं जलाशयों का ही उपयोग किया जाएगा। इन स्थलों पर एसडीआरएफ की टीम एवं प्रशिक्षित गोताखोर तैनात रहेंगे। नदियों में अवैध नावों के परिचालन तथा क्षमता से अधिक लोगों के बैठने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। सभी नागरिकों से अपील किया गया है कि वे पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं मर्यादित वातावरण में मनाएं तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

## एक नजर

### सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप की हुई पूजा

**नावकोठी।** क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा मंदिरों में वासंतिक नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तगण मां के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना में लीन नजर आए और पूरे वातावरण में भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा। सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गयी। पंडित रामाकांत ठाकुर ने कहा कि मां कालरात्रि की आराधना से भय और बाधाएं दूर होती है। मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन श्रद्धालु विशेष रूप से मां के उग्र रूप की उपासना कर जीवन से भय, संकट और नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने की कामना करते हैं। नावकोठी क्षेत्र के नावकोठी और समसा दुर्गा मंदिरों में इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शाम को नावकोठी दुर्गा मंदिर में बनारस से आए पंडितों के द्वारा संध्या आरती भी कराई जा रही है। इस संध्या आरती को देखने के लिए सैकड़ो श्रद्धालु शाम को उमड़ पड़ते हैं।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**भगवानपुर।** तेघड़ा थाना क्षेत्र के चिल्हाई घाट के समीप सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के कटहरिया वार्ड संख्या 17 निवासी मो जफर आलम के पुत्र शाहनवाज आलम के रूप में हुई।उसका शव बुधवार को कटहरिया स्थित आवास पर पहुंचने पर परिजनों के क्रंदन से माहौल गमगीन बन गया। बताया जाता है कि मंगलवार की शाम अपने पल्सर बाइक से घर से निकला। रात में उसके सड़क हादसा में उसकी मौत की खबर आई। मृतक ने 27 महीने पूर्व गांव की ही अन्नू प्रिया के साथ प्रेम विवाह किया था। उसकी तीन माह की पुत्री जुनैसा परवीन के सिर पर पिता का साया उठ गया। मृतका कोलकाता में पर्स फैक्ट्री मजदूरी करता था। तेघड़ा पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न

**बलिया।** भाजपा ग्रामीण उत्तरी मंडल का पंडित दीनदयाल प्रशिक्षण महाअभियान बरबिघी शिव मंदिर के पास मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार उर्फ जितेंद्र साहू अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें समकक्ष्या प्रशिक्षण दी गई। प्रथम कक्षा कार्य पद्धति पर राकेश पांडे जिला महामंत्री ने अपना बोधन किया। दूसरा कक्षा सोशल मीडिया पर गहन चर्चा जिला मीडिया प्रभारी सह कार्यालय प्रभारी आलोक कुमार बंटी जी तीसरी कक्षा भारतीय जनता पार्टी का इतिहास और विकास पे राजेश अम्बेस्ट जी ने विस्तार से समझाया। चौथी कक्षा सरकार की उपलब्धि पर चर्चा हुआ वक्त के रूप में सुनील चौधरी जिला कार्य समिति के सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राकेश पांडे, आइटी सेल के आलोक बंटी, जिला उपाध्यक्ष राकेश रोशन, मुन्ना, जनार्दन पटेल, गौरी शंकर, पोद्दार सुनील चौधरी, रंजन चौधरी, गणपति पटेल, प्रमोद राम, देवेंद्र सिंह, दिनेश साहनी, रिंकू देवी, जीतू साहू, संतोष महतो, धीरज गुप्ता, राजीव सिंह आदि भाजपा के सभी गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**आरा (भोजपुर)।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के समीप अप मेन लाइन पर ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात अधेड़ की मौत ट्रेन की चपेट में आने एवं शरीर दो भाग में कट जाने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि खबर लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# वीर देवी ओझा के स्मृति दिवस पर गूंजा शाहपुर जल्द प्रकाशित होगी जीवनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**शाहपुर (भोजपुर)।** स्थानीय प्रखंड परिसर में 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा वीर देवी ओझा की स्मृति दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन देवी ओझा मेमोरियल ट्रस्ट एवं शाहपुर जागरण क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षाविद श्यामनंदन ओझा, वरिष्ठ भाजपा नेता शंभु शरण मिश्र, पूर्व जिप सदस्य नंदकुमार ओझा, डीलर संघ अध्यक्ष गुलाब सिंह, डा. एस. कुमार व मुखिया संघ के जिला सचिव मनोज ठाकुर ने किया। इस अवसर पर ट्रस्ट व क्लब की ओर से सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष उमेश चंद्र पांडे व सचिव अभिनव कुमार ओझा ने बताया कि वीर देवी ओझा के जीवन पर आधारित एक स्मारिका शीघ्र ही प्रकाशित की जाएगी, जिससे नई पीढ़ी उनके शौर्य और योगदान से परिचित हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्यामनंदन ओझा ने कहा कि अंग्रेजी शासन काल में देवी ओझा का नाम सुनते ही भय का माहौल बन जाता था। वहीं शंभु शरण मिश्र ने कहा कि अपने अद्भुत युद्ध कौशल के कारण देवी ओझा, बाबू कुंवर सिंह के बेहद करीबी थे और कारीसाथ छावनी के प्रमुख भी रहे। पूर्व जिप सदस्य नंदकुमार ओझा, सत्यदेव राय व सुरेमन चौधरी ने कहा कि देवी ओझा हमारी अमूल्य धरोहर हैं। जिनकी स्मृतियां आज भी जनमानस में जीवंत हैं। उन्होंने सहजौली गांव में उनकी स्मृति में स्मृति द्वार एवं लाइब्रेरी निर्माण की घोषणा की। वक्ताओं ने बताया कि अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें पकड़ने के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया था। लेकिन अपनी रणकौशल के कारण वे कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आए। सहजौली गांव के रेमन चौबे ने देवी ओझा उनके पैतृक गांव सहजौली पर आधारित कविता सुनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षाविद पिंटू भैया, पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, सत्यदेव पांडे, मुकेश मिश्र, रबिन्द्र ओझा, हीरालाल ओझा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि ऐसे वीरों की स्मृतियों को सहेजना ही सच्ची देशभक्ति है। संचालन मुक्तेश्वर मिश्र उर्फ सरजी ने किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष चंचल ओझा, नन्हकू ओझा, मैना ओझा, मंटू दुबे, रबिन्द्र चौधरी, वृजराज चौधरी, जदयू जिला सचिव संजय चौधरी, सुरेश राय सहित कई उपस्थित रहे।

### जन समाधान पोर्टल" का हुआ विधिवत विमोचन

**आरा (भोजपुर)।** समहारणालय सभागार में जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में "जन समाधान पोर्टल" का विधिवत विमोचन किया गया। यह पोर्टल भोजपुर जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से विभिन्न माध्यमों से प्राप्त परिवादों एवं शिकायतों के ऑनलाइन मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग के उद्देश्य से विकसित किया गया है। वर्तमान में जिले के 150 से अधिक कार्यालयों को इस पोर्टल से जोड़ा जा चुका है, जिससे शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पहल नागरिकों के सशक्तिकरण, पारदर्शिता एवं ईज आफ लिविंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से आमजन अपनी शिकायतों की स्थिति को आसानी से ऑनलाइन देख सकेंगे तथा प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही बढ़ेगी। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, आरा सदर, अपर समाहर्ता, भूमि एवं राजस्व उप समाहर्ता, आरा सदर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# नहाने के दौरान चार दोस्त डूबे, दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के बधु छपरा (विशुनपुर) छोटी गंगा घाट पर बुधवार की सुबह गंगा नदी में नहाने के दौरान चार दोस्त डूब गए। इनमें दो की मौत हो गई, जबकि दो अन्य बाल-बाल बच गए घटना को लेकर लोगों में अफरा-तफरी मची रही। करीब 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों शवों को एसडीआरएफ की टीम ने निकाला। तत्पश्चात पुलिस ने दोनों शवो का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतकों में बबुरा थाना क्षेत्र के विशुनपुर गांव निवासी नागेंद्र पाठक का 22 वर्षीय पुत्र निशांत पाठक उर्फ मुगलु एवं उसी गांव के निवासी नारायण कहार का 19 वर्षीय पुत्र सागर कुमार है। इसमें मृतक के निशांत पाठक उर्फ मुगलु वेद का कोर्स कर चार माह पहले वाराणसी से वापस गांव आया था। जबकि सागर कुमार इंटर का छात्र था। इधर, मृतक निशांत के रिश्ते में लग रहे चचेरे बाबा हरीराम पाठक ने बताया कि चैत्र छठ को लेकर सभी लोग बंधु छपरा (विशुनपुर) छोटा गंगा घाट पर छठ का दूसरा अर्घ्य देने के लिए आए हुए थे। बताया जाता है कि मृतक निशांत पाठक उर्फ मुगलु एक भाई व तीन बहन में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां सीमा देवी व तीन बहन सलोनी, निक्की एवं निधि है जबकि मृतक सागर कुमार भी अपने एक भाई व तीन बार में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था।

# सप्तमी तिथि पर आरण्य देवी मंदिर में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि के मौके पर बुधवार को शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भक्तों ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर मत्था टेका। इस दौरान "मां आरण्य देवी की जय" और "सच्चे दरबार की जय" के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। चैत्र नवरात्र के सप्तमी तिथि के मौके पर बुधवार की सुबह से ही मां आरण्य देवी मंदिर में श्रद्धाल-भक्तों का तांता लगा रहा। महिला पुरुष भक्तों ने कतारबद्द होकर मां के दरबार में पूजा-अर्चना की तथा अपने परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की। यह सिलसिला रात तक चलता रहा। शाम में मां की संध्या आरती की गई। इस दौरान उन्हें पंचमेवा व दूध से निर्मित खीर का भोग लगाया गया। तत्पश्चात भोग का प्रसाद श्रद्धाल-भक्तों के बीच वितरित किया गया। भक्तों की



भीड़ को देखते हुए अष्टमी तिथि को भैरव बाबा मंदिर के बगल के रास्ते से श्रद्धालुओं का प्रवेश कराया जाएगा और मुख्य द्वार से श्रद्धालुओं की निकासी की जाएगी। इसके लिए बैरिकेटिंग की गई है। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगाह रखने के लिए सीसीटीवी लगाया गया है।

# छत की कुंडी से लटका मिला युवक का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मोती टोला मोहल्ले में मंगलवार की रात छत के कुंडी से लटका एक युवक का शव बरामद हुआ। उसके गले पर हल्का काला रंग का निशान पाया गया है। परिजन द्वारा डिप्रेशन में रहने के कारण खुद से फांसी लगाकर खुदकुशी करने की बात कही जा रही है। घटना को लेकर आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर टाउन थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतक टाउन थाना क्षेत्र के मोती टोला वार्ड नंबर-23 निवासी रंजीत सिंह का 28 वर्षीय पुत्र विकास कुमार है। जानकारी के अनुसार मृतक के एक बहन एवं मां की पहले ही मौत हो चुकी है। वह कुछ महीनो से डिप्रेशन में रह रहा था। मंगलवार की रात जब उसका बड़ा भाई दुकान पर था। वह घर में अकेले था। इस बीच उसने अपने कमरे का दरवाजा बंद कर छत के कुंडी में रस्सी बांध गले में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब पड़ोस के लोगों ने उसे छत की कुंडी से लटका देखा, तो इसकी सूचना उसके परिजन एवं टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर परिजन एवं पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। सूत्रों से जानकारी के अनुसार मृतक बिहार रेजीमेंट आर्मी जवान था। किसी कारण उसे तीन वर्ष पूर्व आर्मी से निकाल दिया गया था। जिसे लेकर वह डिप्रेशन में रहता था। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में पिता रंजीत सिंह एवं एक भाई नमित कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। उसके परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छात्र-छात्राओं दिया गया प्रमाण पत्र



**आरा (भोजपुर)।** समृद्धि यात्रा के दौरान बुधवार को सुबह के सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम का निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज में आगमन हुआ,जिसमें सात निश्चय योजना के अंतर्गत स्थापित सात योजनाओं के संदर्भ में स्टॉल लगाया गया। इस अवसर पर युवा रोजगार संघ कौशल विभाग के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके पांच छात्र-छात्राओं विशाखा, पीयूष, अंजली, संयम, पूजा को प्रमाण पत्र दिया गया एवं स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ लेकर रोजगार प्राप्त करने वाले बीपीएससी शिक्षिका आफरीन आलमी, डॉ. उत्कर्षणी, अंजली, जय गोविंद एवं रेनू को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन एवं टूल किट का वितरण भी किया गया। इस मौके पर डीएम तनय सुल्तानिया, डीडीसी डॉ. गुंजन सिंह,जिला नियोजन पदाधिकारी प्रणव प्रतीक, जिला कौशल प्रबंधक राकेश कुमार, संजय कुमार, अमृता मैनेजर रवि शंकर, कुशल युवा कार्यक्रम केंद्र संचालक सत्य प्रकाश एवं डॉ. विकास कुमार आदि उपस्थित रहें।

# सनातनी बनकर शोभायात्रा में भाग लें : देवराहाशिवनाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा (भोजपुर)।** परमपूज्य त्रिकालदर्शी परमसिद्ध विदेह संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज की अध्यक्षता में मैना सुंदर धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में शामिल हुए सभी रामभक्तो को और रामनवमी शोभायात्रा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी को संबोधित करते हुए संत श्रीदेवराहाशिवनाथ दासजी महाराज ने कहा कि हमारी आकाशवाणी हुई थी कि अयोध्या में लगा हुआ क भगवान राम का विग्रह धीरे धीरे पूरे विश्व में लगेगा।आज वही राम की मूर्ति धीरे-धीरे पूरे विश्व में लोग अपने घरों में लगाकर उसकी पूजा कर रहे हैं। संत श्री ने आगे कहा कि यह प्रभु श्रीराम की ही कृपा है कि रामनवमी के अवसर पर लोगों



को भगवा गमछी से सम्मानित किया जा रहा है। जो प्रभु किन्हीं सेर से धुना।ताके भवन कवन बिधि सूना। संत श्री ने आगे कहा कि हमलोग सनातनी हैं और सनातन धर्म का पालन करने वाले हैं। इसलिए सभी रामभक्तो से आग्रह है कि सनातनी बनकर शोभायात्रा में अधिक से अधिक शामिल हों। जिससे यह शोभायात्रा ऐतिहासिक हो जाए। वहीं समिति के महासचिव श्री शंभू प्रसाद चौरसिया ने कहा कि इस बार हमलोग भगवान श्रीराम का 26 वां जन्मोत्सव हमलोग मनाने जा रहे हैं। इसलिए हम सभी लोगों से आग्रह कर रहे हैं कि जात-पात की करो विदाई।हम सब हिन्दू भाई भाई। वहीं इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू सिंह बबुआन, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह सह कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, स्टार प्रचारक सरोज पांडेय, प्रचार रथ ड्राइवर अभय सिंह, ग्रामीण अध्यक्ष सन्नी पांडे, विक्की उपाध्याय, उपाध्याय नवीन प्रकाशजी, सचिव सुधीर सिंह, सदस्यता शुल्क प्रभारी अजय कुमार सिन्हा, सजावट प्रमुख बादल जालान, झांकी प्रमुख शंभू सिंह सह प्रमुख हरिओम सिंह, हर्ष राज मंगलम, आदित्य प्रकाश, शैलेन्द्र कुमार सुमन, शैलेन्द्र सिंह, हर्ष राज मंगलम सहित सभी रामभक्त थे।

# भागलपुर की बेटी नैना उपाध्याय राष्ट्रीय किसान कुंभ में बढ़ाएंगी जिले का मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कहलगांव (भागलपुर)।** गंगा तट की सोंधी मिट्टी और नवाचार की शक्ति ने एक बार फिर भागलपुर को राष्ट्रीय मंच पर गौरवान्वित करने का अवसर दिया है। कहलगांव अनुमंडल के पीरपैंती प्रखंड की प्रगतिशील महिला किसान नैना उपाध्याय आगामी 30 एवं 31 मार्च को आईआईटी दिल्ली परिसर में आयोजित राष्ट्रीय किसान कुंभ में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। सीमित संसाधनों के बावजूद नैना उपाध्याय ने जैविक खेती को अपनाकर एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने विशेष रूप से जैविक गुड़ के उत्पादन और बाजारोन्मुख कृषि मॉडल के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाई है। आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपनाते हुए उन्होंने न केवल अपनी आय में वृद्धि की, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनी हैं। राष्ट्रीय किसान कुंभ में नैना अपने जमीनी अनुभवों को देशभर के वैज्ञानिकों और कृषि उद्यमियों के साथ साझा



करेंगी। साथ ही, वे भागलपुर की पांच प्रमुख पहचान—जर्दालू आम, कतरनी धान, मखाना, जैविक गुड़ और रेशम—को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करने की तैयारी में हैं।

### श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में फुलवारी लीला का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**चरपोखरी (भोजपुर)।** प्रखण्ड मुख्यालय से गुजर रहे आरा सासाराम स्टेट हाइवे के किनारे थाना भवन के समीप चल रहे श्री दुर्गा प्राण प्रतिष्ठा सह पंचकुण्डीय महायज्ञ में रामलीला के कलाकारों ने फुलवारी लीला का मंचन किया। फुलवारी लीला में राम और लक्ष्मण गुरु की आज्ञा से पुष्प वाटिका में पुष्प लेने के जाते हैं जहॉ सहेलियों संग सीता को देखते हैं। लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किशोर सुहाए देखि रूप लोचन ललचाने। हरषे जनु निज निधि पहिचाने । वहीं मंच पर विराजमान रामायणी के सधे स्वर का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया । कलाकारों के बेहतरीन संवाद, संगीत और अभिनय से लीला मंचन में चार चांद लग गया। रामलीला मंचन के दौरान कलाकारों में महंत पिंटू मिश्रा, ब्यास श्रीकांत राय,अमित कुमार, कमलेश जी, रामानंद राय सहित कई लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### रामनवमी शोभा यात्रा को सफल बनाने को लेकर शहर के प्रमुख रूटों का निरीक्षण

**कटिहार (नबिटासं)।** रामनवमी शोभा यात्रा के पावन अवसर पर नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित मार्गों का महापौर उषा देवी अग्रवाल के नेतृत्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया । आगामी शोभा यात्रा के सफल



एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर निगम द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपमहापौर मंजूर खान , नगर आयुक्त संतोष कुमार, बजरंग दल एवं श्री राम सेना के पदाधिकारी कार्यकर्ता गण एवं निगम के पदाधिकारी गण मौजूद रहे। व्यवस्था से जुड़े सभी कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि शोभा यात्रा के दौरान स्वच्छता, सुगमता एवं सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। नगरवासियों से अपील किया गया कि इस पावन अवसर को श्रद्धा, अनुशासन एवं सौहार्द के साथ मनाएं।

### सुबह के अर्घ्य के साथ चैती छठ पूजा संपन्न

**मनसाही/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र में चार दिवसीय चैती छठ पूजा उदयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न हो गया। इस मौके पर छठव्रती महिलाएं चंपा धार, कारी कोसी नदी,गाड़ी घाट, गहेली



घाट,रोता घाट आदि नदी में खड़े होकर भगवान भास्कर की पूजा अर्चना किए एवं सूर्योदय होने पर श्रद्धालु उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किए । चैत मास में चैती छठ पूजा का आयोजन हर साल की तरह इस साल भी मनसाही प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम के साथ हुआ। छठव्रती महिलाएं छठ पर्व से पूर्व गंगा स्नान किए पहले दिन कद्दू भात,दूसरे दिन खरना,तीसरे दिन अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य एवं चौथे एवं अंतिम दिन उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पण किए। वहीं छठ घाट पर छठ पूजा के गीत बज रहे थे जो की आकर्षण का केंद्र था,छठव्रती महिलाएं सहित श्रद्धालु गण नए वस्त्र पहन कर छठ घाट पहुंचकर पूजा अर्चना किए एवं श्रद्धालुगण छठव्रती महिलाओं को अर्घ्य अर्पण किए । वहीं छठ व्रती महिलाएं प्रसाद का वितरण किए एवं प्रसाद ग्रहण किये ।

### पीर पहाड़ स्थित मजार पर सालाना ऊर्स का आयोजन 14 अप्रैल को

**कटिहार ग्रामीण (नबिटासं)।** मनिहारी पीर पहाड़ स्थित मजार शरीफ पर परम्परागत हर्ष उल्लास के साथ सालाना ऊर्स का आयोजन होता है। मनिहारी पीर पहाड पर खादिम मंजर शफी की अगुवाई में ऊर्स के आयोजन को लेकर बैठक बुलाई गयी। बैठक में नगर पंचायत के मुख्य पार्षद लाखो यादव ने भी शिरकत की। अपनी ओर से पुर अमन सहयोग का भरोसा ईंतजामिया कमिटी को दिलाया, जल संकट दूर करने का भी भरोसा दिलाया। मजार शरीफ के खादिम मंजर शफी ने बताया कि मजार शरीफ पर चादर पोशी कर वतन की अमन चैन व आपसी मेल व मिल्लत के लिए दुआएं की जाती हैं। मिलादुन नबी का आयोजन भी किया जाना है। मजार शरीफ के पास स्कूल के मैदान मे कौव्वाली के



आयोजन का भी निर्णय इंतजामिया कमिटी ने लिया है ।जिसमें भाग लेनेवाले देश मशहूर कव्वालों को दावते सुखन भेजी जानी है । उक्त मौके पर दूर दराज से यहां आनेवाले जायरीनों की सुविधा के लिहाज से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने जाने को लेकर भी मशविरा किया गया.इस मौके पर आलमगीर, मुस्ताक हुसैन, अलीमूल,बेचन सिंह वार्ड पार्षद, तौफेज, सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### धार्मिक आयोजनों को लेकर बुद्धवार का दिन प्रखंड के लिए रहा खास

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटासं)।** बुधवार का दिन प्रखंड क्षेत्र में पर्वों को लेकर खास रहा।सुबह छठव्रतियों ने उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य देकर चार दिवसीय व्रत का समापन किया।छठ व्रत को लेकर मंगलवार से हीं शुरू हुए छठ गीतों की गूंज बुद्धवार को सुनाई दिया। घाटों के बदले अपने परिसर में हीं कृत्रिम घिट बनाकर अर्घ्य दिये जाने के कारण सामूहिक जुटान और काफी भीड़-भाड़ कहीं दिखाई नहीं दिया। वहीं महेशपुर पंचायत के बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा मध्याह्न में कदवा प्रखंड के बेंगठी शिवमंदिर से शोभा यात्रा निकाल कर पूरे पंचायत का भ्रमण किया।पूरा जुलूस जहॉ भगवा झंडे से लैस था तो वहीं एक हीं नारा,एक हीं नाम-जय श्री राम,जय श्री राम जैसे नारे घंटों पंचायत एवं आसपास के गांवों में गूंजता



रहा।सबसे अधिक श्रद्धा और उत्साह का वातावरण डुमरिया गांव में देखा गया। जहां बासंती दुर्गा मंदिर में नवपत्रिका स्थापना को लेकर भक्तों ने गाजे-बाजे, मैया के जयघोष और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ युग्म बेल की डाली सहित नवपत्रिकाओं को मंदिर में प्रवेश कराया।जहॉ नवपत्रिका स्थापना और प्रतिमा के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया। मंदिर का पट खुलते हीं जय माता दी के नारों से परिसर गुंजायमान हो गया।फिर दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी।नवरात्रि व्रत करने वालों के साथ आमजनों ने भी भगवती की पूजा, आरती और पुष्पांजलि देकर अपने और अपने परिजनों के लिए मंगलकामना की। यहॉ 1937 से हीं प्रतिवर्ष बंगला विधि आधारित बासंती दुर्गा पूजन के पांच दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन होता है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चार दिनों का मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होना है। प्रशासन के चौकस रहने से सभी आयोजन का शांतिपूर्वक संपन्न होने की सूचना है।

### विधायक ने क्षतिग्रस्त फसल की क्षतिपूर्ति दिये जाने की मांग की

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** मनिहारी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने गत दिनों सूबे के अलग अलग क्षेत्रों में चक्रवात व बेमौसम बरसात से किसानों की हुई व्यापक फसल क्षति के प्रति चिंता जाहिर की है। श्री सिंह ने आपदा प्रबंधन पदाधिकारी कटिहार को पत्र प्रेषित कर मनिहारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत आंधी, पानी से किसानों की हुई फसल क्षति का आकलन कराने व क्षतिग्रस्त फसल को लेकर प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति की मांग की है. अपने पत्र के माध्यम से श्री सिंह ने जानकारी दी है कि गत दिनों की आंधी - बारिस में खेत मे किसानों की तैयार गेहूं, मक्का, आलू की फसलें व्यापक पैमाने पर तबाह हुईं हैं। अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र के अनेक किसानों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है, तो दूसरी ओर फसलों पर आधारित उनकी आर्थिक विकास पर बज्रपात सा हो गया है।

# हसनगंज में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

## ग्रामीणों को मिली जांच और परामर्श की सुविधाएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** हसनगंज प्रखंड क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर रटनी में बुधवार को स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके नजदीक ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। आयोजन के दौरान लोगों में खासा उत्साह देखा गया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के लिए लंबी कतारें भी नजर आईं।इस अवसर पर मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर जांच की व्यवस्था की गई, वहीं टीबी की पहचान के लिए स्क्रीनिंग भी की गई।




स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लोगों को बीमारियों के शुरूआती लक्षणों के प्रति सजग रहने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके।मेले में हेल्थ काउंसलिंग के माध्यम से लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, साफ-सफाई और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों और उनके महत्व के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे लोग जागरूक होकर सही निर्णय ले सकें।स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि जिन लोगों में किसी प्रकार की बीमारी के लक्षण पाए गए, उनका फॉलो-अप सुनिश्चित किया गया है। इसके अलावा जरूरतमंद मरीजों के बीच आवश्यक दवाइयों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी आयुष भारद्वाज, स्वास्थ्य प्रबंधक धनंजय कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सम्पत राज, एएनएम और क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मक्का फसल नष्ट होने से किसानों की टूटी कमर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों में विगत शुक्रवार की रात एवं शनिवार को पूरा दिन तेज हवा के साथ भारी बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया। बेमौसम बारिश से खासकर मक्का फसल को व्यापक क्षति पहुंचाई है।यहाँ के किसान आर्थिक रूप से कमजोर होने की वजह किसी भी फसलों की तैयारी के लिए पूरी तरह साहूकारों के कर्ज पर निर्भर रहता है। जो भी किसान कर्ज लेकर मक्का की खेती किया था उसका फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाने से कर्ज के दलदल में पूरी तरह धस गया है।

खेत में तेज हवा के कारण गिरे मक्का फसल को देखकर किसान माथा पीटने को मजबूर है। कियूंकि वर्तमान समय में अधिकांश मक्का फसलों में बाली निकलना शुरू हो गया था। जो गिर जाने के बाद केवल पशुओं का चारे में तब्दील होकर रह गया है।किसानों का भारी आर्थिक नुकसान को लेकर लिविंग फॉर हॉप फाउंडेशन नाम की संस्था के



द्वारा अंचलाधिकारी एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी को क्षेत्र के किसानों की समस्या से अवगत कराते होते जांचोपरान्त क्षतिपूर्ति दिए जाने को लेकर आवेदन सौंपा है। जिसमें किसानों का के सी सी ऋण माफ किए जाने के साथ साथ आगामी फसल के लिए मुफ्त बीज अनाज सहित अन्य कृषि सामग्री उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है। वहीं विषय पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी कृष्ण मोहन तिवारी ने बताया कि इस आवेदन को आवश्यक दिशानिर्देश के लिए जिला के वरीय पदाधिकारियों को भेज दी जाएगी।

# ज्ञान केन्द्र सह पुस्तकालय का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के केवाला पंचायत में बुधवार को ज्ञान केन्द्र सह पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन पंचायत की मुखिया गीता देवी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सनत कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना एक सराहनीय पहल है। इससे सुदूरवर्ती इलाकों में रहने वाले विद्यार्थियों को अब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री आसानी से उपलब्ध हो



सकेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र शिक्षा के स्तर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

वहीं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी सोनू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की यह महत्त्वाकांक्षी योजना ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने आमजन एवं विद्यार्थियों से पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने और इसे सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की। इस दौरान राजस्व पदाधिकारी राम सागर पासवान, पंचायत सचिव, मुन्ना रजक सहित कई गणमान्य लोग एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद लोगों ने पुस्तकालय का अवलोकन किया

### नाबालिक के साथ दुष्कर्म मामले में दस वर्ष की सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार कोर्ट।** जिला व्यवहार न्यायालय के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह पॉस्को अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार पाण्डेय की अदालत ने नाबालिक के साथ दुष्कर्म का दोषी पाते हुए कदवा थाना अंतर्गत कुम्हरवा निवासी चमरू ऋषि पिता दशरथ ऋषि को दस वर्ष सश्रम करावास की सजा सुनायी है। मामले में पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड देने का आदेश भी दिया गया है। अर्थदंड नहीं देने पर तीन माह अतिरिक्त कारावास का आदेश भी दिया गया है। सजा सुनाने के बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया है। इस वाद में अभियोजन की ओर से पास्को अधिनियम की विशेष लोक अभियोजक मीना शर्मा थी।

# टीबी उन्मूलन में गुरुमेला पंचायत के मुखिया को डीएम ने किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** टीबी मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत गुरुमेला पंचायत को जिला स्तर पर सम्मान प्रदान किया गया। क्षय रोग टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर कटिहार के डीएम ने पंचायत के युवा मुखिया राजकुमार यादव को सम्मानित किया है।कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन ने पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि टीबी जैसी गंभीर बीमारी को खत्म करने के लिए लोगों की भागीदारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। गुरुमेला पंचायत द्वारा चलाए गए जागरूकता



अभियान, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित कराने की पहल को प्रेरणादायक बताया गया। मुखिया राजकुमार यादव ने इस सम्मान पर खुशी जताते हुए कहा कि पंचायत क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने के लिए आगे भी निरंतर प्रयास किए जाएंगे और लोगों को जागरूक करने का अभियान जारी रहेगा।

# कटिहार रेल मंडल में पहली बार नाइट टी-टेन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

## खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से छाया उत्साह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एनएफ रेलवे मजदूर यूनियन कटिहार शाखा वन के तत्वावधान में पहली बार कटिहार रेल मंडल में दिग्विजयनाथ पांडेय मेमोरियलह्व की स्मृति में अंतर विभागीय टी-टेन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आयोजन रेलवे ग्राउंड में किया जा रहा है। इस आयोजन ने पूरे रेल मंडल में खेल और उत्साह का माहौल बना दिया है।

टूर्नामेंट में रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और प्रतिदिन शानदार मुकाबले खेले जा रहे हैं। दिनभर की ड्यूटी के बाद रेलकर्मी बड़ी संख्या में मैदान पर पहुंचकर मैच का आनंद ले रहे हैं, जिससे पूरे परिसर में उत्साह और खेल भावना का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है। इस संबंध में यूनियन के शाखा वन के सचिव सुमन मिश्रा ने बताया कि नाइट टी-टेन टूर्नामेंट में रोजाना दो अलग-अलग टीमों के बीच मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। खेले गए मुकाबलों में मेडिकल बनाम स्टोर तथा कंस्ट्रक्शन बनाम अकाउंट्स



विभाग की टीमों के बीच जोरदार टक्कर हुई। दोनों ही मैच बेहद रोमांचक रहे, जहां खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। जिसमे अकाउंट्स के तरफ से सीनियर डीएफएम जितेंद्र कुमार स्वयं आयोजित ट्राउनमेंट में खेलकर शानदार प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ियों के हौसले को बुलंद करते नजर आए। आयोजक सुमन मिश्रा ने बताया कि नाइट -10 टूर्नामेंट का फाइनल एवं समापन आगामी 31 मार्च को होगा। जिसे लेकर खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

# अखबार वेंडर की बेटी ने इंटर साइंस में लहराया परचम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के बघवाबाडी ड्राईवर टोला निवासी न्यूज पेपर बिक्रेता मोहम्मद शमशेर अली की दुसरी बेटी ने इंटर साईन्स की परीक्षा में परचम लहराया है। जिससे परिजन, स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका, मुहल्लेवासी और हाकर में खुशी का माहौल है। बहुत ही साधारण परिवार की बेटी शदब प्रवीण ने 500 में 440 अंक प्राप्त कर दुसरे लड़कियों के लिए मिशाल बनी।

एमबीटी इस्लामिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा शदब ने बताया कि आगे उसे इंजीनियरिंग की पढाई कर देश और समाज की सेवा करना है ।इसकी बड़ी बहन भी



इंटर में बेहतर परिणाम लाकर नीट की तैयारी कर रही है । परिजन हासीम अंसारी और शमशेर अली ने बताया कि शदब बचपन से ही पढने में मेधावी रही है। गरीबी इसकी पढ़ाई में बाधा नहीं बनी है। बिहार सरकार की ओर से बच्चियों के लिए चलायी जा रही योजना आर्थिक रूप से मददगार साबित हुआ है। आगे भी सरकारी योजना का लाभ लेकर अपनी भविष्य बेहतर कर अन्य लड़कियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। शदब की सफलता पर न्यूज पेपर एजेंट एसके आंनद,संजय झा,शंकर झा,रंजीत गुप्ता,कनक दत्ता, मनोज साह, टीटीआई करूणेश्वर नाथ पांडेय, सत्येन्दु सुमन, सुभाष चौधरी, पंकज कुमार,अभिषेक कुमार सिंह, समाजसेवी राजेश कुमार सिंह,पप्पू चौबे,मो.बाबुल,अजय कुमार साह, टंकनाथ झा,विपुल राहुल, सुब्रत गुहा आदि मिडियाकर्मियों ने शुभकामना और बधाई दी है।

# अर्घ्य के साथ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र सहित राजवाड़ा में बुधवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही लोक आस्था का महापर्व चैती छठ पूरे श्रद्धा, आस्था और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हो गया। इस दौरान क्षेत्र स्थित विभिन्न नदी तालाबों में व्रतियों ने भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। छठ घाटों पर व्रती सहित उनके परिजनो ने भी विधिवत पूजा अर्चना किया।

यह महापर्व वर्ष में दो बार चैत और कार्तिक माह में मनाया जाता है। हालांकि चैत माह में मनाया जाने वाले चैती छठ में अपेक्षाकृत कम लोग ही मनाते हैं। इसी कारण कई



व्रतियों ने अपने घर आंगन में ही छोटे तालाब बनाकर नहाय खाय से शुरू हुए इस महापर्व को पूरी श्रद्धा के साथ सम्पन्न किया। चार दिनों तक चोन वाले इस व्रत का समापन चौथे दिन उदयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में छठ व्रत को लेकर भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# जिला पंचायत संसाधन केन्द्र में एक दिवसीय प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिला पंचायत संसाधन केंद्र में पंचायती राज विभाग बिहार सरकार के द्वारा एक दिवसीय पंचायत सचिव एवं संबंधित वार्ड सदस्य का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव एवं वार्ड सदस्य को मोक्ष धाम, शव दाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान के संचालन रख - रखाव एवं मृत्यु प्रमाण पत्र विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया तथा पंचायत सचिव एवं वार्ड सदस्य को प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी दिया गया। अब वार्ड सदस्य अपने वार्ड के अंतर्गत मोक्ष धाम, शव दाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान का संचालन रख - रखाव करेंगे तथा वार्ड में हुए जन्म एवं मृत्यु का आवेदन भरकर पंचायत भवन में पंचायत सचिव को जमा करेंगे। वे तुरंत मृत्यु प्रमाण पत्र मृतक के



परिजनों को उपलब्ध करा देंगे जिससे अनावश्यक विलंब नहीं होगा। इस मौके पर मरंगी पंचायत के वार्ड संख्या 11 नारायणपुर के वार्ड सदस्य जेबा खातून ने बताया कि पहले लोगों को जन्म प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए काफी परेशान होना पड़ता था। लेकिन यह सुविधा अब जिला पंचायत संसाधन केंद्र कटिहार के द्वारा वार्ड सदस्य को मिल गया हैं।

जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए वार्ड सदस्य आवेदन भरकर पंचायत सचिव को जमा करेंगे, वे तुरंत ही जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर परिजन को सुपुर्द करेंगे तथा अब वार्ड अंतर्गत मोक्ष धाम, शवदाह गृह, श्मशान घाट, कब्रिस्तान के संचालन रख -रखाव वार्ड सदस्य करेंगे। इस अवसर पर वार्ड सदस्य जेबा खातून, सवेरा खातून, विनोद पंडित,मो. मुस्ताक, मो. नसीम, मो.इकबाल, मो. आलमगीर, मो. गुलाम रब्बानी, मो. इब्राहिम, हसीदा खातून, मो. रियासुद्दीन, इमरान खान आदि उपस्थित रहे।

# भगाकर ले जा रही नाबालिग बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मनसाही थाना क्षेत्र में एक मुस्लिम समुदाय के युवक ने एक महादलित समाज की नाबालिक लड़की को प्रेम प्रसंग में फंसा कर उसे घर से भागकर कश्मीर ले जाने के क्रम में कटिहार एवं मनिया के बीच में रेलवे के कर्मियों एवं गार्ड के द्वारा संदेश होने पर रेल ट्रैक पर ही पकड़ लिया। रेलवे के कर्मी एवं गार्ड के द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त नाबालिक लड़की ने अपना नाम पिता का नाम एवं पता सब कुछ सही-सही बता दिया मगर उनके साथ जो युवक था।

उन्होंने अपना साक्ष्य छुपाते हुए पता एवं नाम गलत बता दिया। इसी दौरान पूछताछ करने के क्रम में युवक भागने में सफल रहा। इस दौरान उक्त लड़की ने अपने प्रेमी का नाम मोहम्मद अब्बू समा उर्फ समीम अख्तर पिता स्व. मोहम्मद रबुल साकिन लहसा ,पंचायत फुलहारा थाना मनसाही का रहने वाला बताया जो लड़की को छोड़कर मौका देखकर भागने में सफल रहा। जबकि उक्त लड़की को रेलवे के गार्ड एवं कर्मियों द्वारा कब्जे में लेकर उनके गांव के प्रतिष्ठ लोगों से संपर्क कराया। इसके बाद उनके परिजनों तक यह बातें पहुंची एवं लड़की को कटिहार से गांव लाया गया। इधर प्रेमी युगल मौका देखकर जहां भागे थे। वहीं अभी भी घर से फरार हैं। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उक्त लड़की की उम्र करीब 15 से 16 वर्ष बताया । जिनका माता पिता दादन के रूप में यूपी में मजदूरी कर घर वापस आने के बाद लड़की को लेकर कहीं गुप्त जगह चले गए हैं। ग्रामीणो द्वारा बताया जा रहा हैं, उक्त लड़के के परिजन एवं उनके सहयोगी द्वारा पीड़ित परिवार को धमकाया गया । जिस कारण अब तक पुलिस को घटना की सूचना नहीं दिया गया हैं। इस घटना से लोगों मे आक्रोश व्याप्त हैं। बता दें की घटना के बाद से ही दोनों का फोटो सोसल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के ऐतिहासिक सूर्यनगरी देव में बुधवार को उदीयमान भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया गया। इसी के साथ चार दिवसीय चैती छठ संपन्न हो गया। देव सूर्य मंदिर और सूर्यकुंड-रुद्रकुंड तालाब पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के लिए देर रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। सुबह 4 बजे तक 3 से 4 लाख व्रती घाटों पर पहुंच चुके थे। हर गली, सड़क और घाट श्रद्धालुओं से पट गया। कई श्रद्धालु डेढ़ से 2 किलोमीटर पैदल चलकर सूर्यकुंड तक पहुंचे। अर्घ्य के दौरान भीड़ के बावजूद व्यवस्था बनी रही और व्रतियों को किसी प्रकार की बड़ी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे। मेला परिसर में करीब 400 दंडाधिकारियों और 1600 से अधिक



पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा एनसीसी और स्काउट-गाइड के कैडेट भी श्रद्धालुओं की सहायता और भीड़ प्रबंधन में सक्रिय रहे। ड्रोन से पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही थी जिससे किसी भी स्थिति पर तुरंत नियंत्रण किया जा सके। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल खुद रात भर मेला परिसर में मौजूद रहकर व्यवस्था का जायजा लेते रहे। अधिकारियों की ओर से लगातार तैनात कर्मियों को दिशा-निर्देश दिए जाते रहे। तीन शिफ्ट में दंडाधिकारी और पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी, जिससे 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रही। अर्घ्य के बाद श्रद्धालु देव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। मंदिर परिसर में देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही। विशेष रूप से बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। मंदिर के गर्भगृह को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से भर उठा। धार्मिक मान्यता के अनुसार देव सूर्य मंदिर में भगवान सूर्य 3 स्वरूप ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में विराजमान हैं, जो इस स्थल की विशेषता को और भी अद्वितीय बनाता है। यही कारण है कि बिहार ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां छठ पर्व मनाने पहुंचते हैं।

# ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर अवस्थित रफीगंज स्टेशन के समीप गुमटी पोल संख्या 506/10 के पास नई दिल्ली हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृत युवक की पहचान मई गांव निवासी फिरोज अंसारी के 21 वर्षीय पुत्र तनवीर अंसारी के रूप में की गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तनवीर अपने घर से कोलकाता जाने के लिए पूर्वा एक्सप्रेस ट्रेन से यात्रा कर रहा था। उसका टिकट बी-4 कोच में बना हुआ था। यात्रा के दौरान किसर तरह वह ट्रेन से गिर गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि तनवीर अंसारी अपने तीन भाइयों



में सबसे बड़ा था। उसके पिता सऊदी में रहकर रोज़गार काम करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना रेलवे एवं प्रशासन को दी गई। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद जवान को भेजा गया तब तक शव परिजन लेकर चल गए थे।

# ट्रैक्टर से गिरकर किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर थाना क्षेत्र के शिव सागर गांव के पास ट्रैक्टर से गिरकर किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान झारखंड के पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर थाना क्षेत्र के घरतिया गांव निवासी विनय राम के बेटे कुंदन कुमार के रूप में की गई है। कुंदन कुमार अपने माता-पिता के साथ कोईरीडीह स्थित एक ईंट भट्ठा पर मजदूरी का काम करता था। करीब 45 दिन पहले ही उसका परिवार रोजी-रोटी की तलाश में झारखंड से औरंगाबाद आया था। आर्थिक तंगी के कारण कुंदन भी कम उम्र में ही अपने माता-पिता का सहारा बन गया था और ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर परिवार चलाने में मदद करता था। बुधवार को कुंदन ट्रैक्टर पर ईंट लोड कर अनलोड करने के लिए जा रहा था। इसी दौरान नवीनगर थाना क्षेत्र के शिव सागर गांव के पास तेज रफ्तार होने के कारण अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रैक्टर से नीचे सड़क पर गिर पड़ा। गिरने के कारण उसे गंभीर चोटें आईं और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है।

# आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण बना देव छठ मेला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ऐतिहासिक एवं धार्मिक नगरी देव में आयोजित देव चैती छठ मेला-2026 सहित जिले के विभिन्न स्थलों पर जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में चैती छठ महापर्व शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं मूलभूत व्यवस्थाओं को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं प्रभावी प्रबंध सुनिश्चित किया गया जिससे पर्व आस्था, अनुशासन एवं श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। देव स्थित सूर्यकुंड, रूद्रकुंड सहित जिले के अन्य छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, बैरिकेडिंग, आवासान स्थल हेतु टेंट सिटी, ट्रैफिक नियंत्रण, स्वास्थ्य सेवा, आपातकालीन सहायता, गोताखोर दल, एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ सहयोग, नियंत्रण कक्ष एवं सतत निगरानी की समुचित



व्यवस्था की गई। सभी स्थलों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी, जिसके फलस्वरूप संपूर्ण आयोजन अवधि में विधि-व्यवस्था की स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं नियंत्रण में रही। जिला प्रशासन द्वारा घाटों की नियमित साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था की सतत निगरानी, भीड़ प्रबंधन, मार्ग निर्धारण, चिकित्सा शिविर, एम्बुलेंस सेवा तथा अग्निशमन दस्ता की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत अस्थायी शौचालय, पेयजल टैंकर, टेंट सिटी, सहायता केंद्र एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से आवश्यक सूचनाओं का प्रसारण कराया गया। संबंधित विभागों के पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा निर्धारित दायित्वों का निर्वहन गंभीरता एवं तत्परता के साथ किया गया, जिसके परिणामस्वरूप श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। जिला प्रशासन द्वारा समुचित समन्वय एवं प्रभावी निगरानी के माध्यम से संपूर्ण आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा चैती छठ महापर्व के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु आमजन, स्वयंसेवी संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। जिला प्रशासन ने पर्व के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा प्रदर्शित अनुशासन एवं सहयोगात्मक भावना की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता एवं सांस्कृतिक आस्था का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है।

# सीएम नीतीश कुमार को जदयू का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर जताई खुशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जनता दल यूनाइटेड का चौथी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने पर औरंगाबाद जिला जदयू नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका स्वागत किया है। जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विश्वनाथ सिंह, वरीय नेता तेजेन्द्र कुमार सिंह तथा जिला जदयू के वरीय उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य सत्येन्द्र सिंह चन्द्रवंशी ने उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी है। नेताओं ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि नीतीश कुमार एक कुशल एवं सफल संगठनकर्ता हैं जिन्होंने अपने नेतृत्व और दूरदर्शिता के बल पर पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पण के साथ जनता के बीच सरकार की उपलब्धियों को पहुंचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में जब नीतीश कुमार ने बिहार की बागडोर संभाली थी, उस समय राज्य की स्थिति अत्यंत खराब थी लेकिन उन्होंने अपनी विकासोन्मुख नीतियों के माध्यम से बिहार को नई दिशा दी और विकास की मजबूत आधारशिला रखी, जो अपने आप में एक स्वर्णिम अध्याय है। जदयू नेताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी नीतीश कुमार के नेतृत्व में पार्टी और राज्य दोनों नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

# जागरूकता अभियान चला दिया स्वच्छता का संदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नमामि गंगे परियोजना के तहत गंगा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत बुधवार की सुबह वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। जागरूकता रैली का आयोजन शहर के अनुग्रह मध्य विद्यालय से किया गया जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रमेश चौक पहुंची और पुनः विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली के दौरान विद्यार्थियों एवं स्थानीय लोगों को गंगा नदी को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों को जल



संरक्षण एवं गंगा स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इसके उपरांत सूर्य मंदिर, ठाकुरबाड़ी रोड स्थित अदरी नदी घाट पर श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें घाट की सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में शहर के सत्येंद्र नारायण सिंह पार्क में वन प्रमंडल कार्यालय एवं जिला गंगा समिति, नमामि गंगे के सहयोग से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति की जिला परियोजना पदाधिकारी प्रिया कुमारी ने कहा कि नदी नहीं लौटेगी शीर्षक से प्रस्तुत इस नाटक के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि यदि समय रहते नदियों की स्वच्छता एवं संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। नाटक के माध्यम से आम जनमानस को गंगा एवं उसकी सहायक नदियों को निर्मल एवं स्वच्छ बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में अशोक कुमार, पुष्पमाला, वनपाल अवतार कुमार, वनरक्षी मो. साबिर, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने उदीयमान सूर्य को दिया अर्घ्य



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** चैती छठ मेला के अवसर पर देव के सूर्यकुंड तालाब में श्रद्धालुओं के साथ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल द्वारा भगवान भास्कर को प्रातःकालीन अर्घ्य अर्पित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति रही तथा पूरे वातावरण में आस्था और श्रद्धा का भाव व्याप्त रहा। जिला प्रशासन द्वारा देव चैती छठ मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई थी ताकि श्रद्धालु पूर्ण श्रद्धा एवं आस्था के साथ भगवान भास्कर की उपासना कर सकें।

# राजस्व कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राजस्व कर्मचारी 11 फरवरी से राज्यव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर हैं। बुधवार को शहर के दानी बिगहा में जिलास्तरीय धरना-प्रदर्शन आयोजित कर कर्मचारियों ने अपनी 17 सूत्री मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। कर्मचारियों ने बताया कि मई 2025 में 17 सूत्री मांगों को लेकर 27 दिनों तक चली हड़ताल के बाद 2 जून 2025 को तत्कालीन अपर मुख्य सचिव के साथ लिखित समझौता हुआ था। समझौते में 1900 ग्रेड पे से बढ़ाकर 2800 ग्रेड पे करने, पदनाम बदलकर सहायक राजस्व अधिकारी करने, निकटवर्ती जिलों में स्थानांतरण, क्षेत्रीय भत्ता, इंटरनेट व कार्यालय संसाधन उपलब्ध कराने सहित अन्य मांगों पर सहमति बनी थी। बावजूद इसके अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से कर्मचारियों में असंतोष है। हड़ताल के कारण राजस्व विभाग के 68 प्रकार के कार्य पूरी तरह बाधित हैं। प्रमुख रूप से दाखिल-खारिज (नामांतरण), परिमार्जन, भू-अभिलेख सुधार, भूमि मापी, एलपीसी निर्गमन, जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र जारी करना, जमीन से जुड़े ऑनलाइन आवेदन का सत्यापन, अंचल कार्यालय में लंबित वादों का निष्पादन, भूमि विवाद संबंधी प्रतिवेदन, सरकारी जमीन की जांच रिपोर्ट, भू-राजस्व वसूली, दाखिल-खारिज अपील की प्रक्रिया, आपदा मुआवजा से जुड़े सत्यापन कार्य सहित अन्य सेवाएं बंद हैं। इन कार्यों के ठप रहने से आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धरना को संबोधित करते हुए संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक 17 सूत्री मांगों पर विधिवत सरकारी आदेश जारी नहीं किया जाता, तब तक हड़ताल जारी रहेगी और कोई भी कर्मचारी कार्य पर वापस नहीं लौटेगा। धरना में बड़ी संख्या में राजस्व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान इंद्रजीत कुमार, अशोक कुमार, पुष्पमाला, वनपाल अवतार कुमार, वनरक्षी मो. साबिर, राहुल कुमार, प्रिंस कुमार सिंह सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर इलाके में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मदनपुर बाजार स्थित एनएच-19 के किनारे एमएस मॉल के पास बुधवार सुबह सड़क किनारे युवक का शव मिला। मृतक की पहचान झिकटिया गांव के रहने वाले लक्ष्मी सिंह के 48 वर्षीय पुत्र प्रमोद सिंह के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक शख्स को सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा देखा गया था। पास जाकर देखने पर पता चला कि उसकी मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना तुरंत मदनपुर थाना की पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के पास से मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया जिसके आधार पर उसकी पहचान की गई और परिजनों को सूचना दी गई। मदनपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक से मौत का प्रतीत होता है लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मृतक पिछले दो दिनों से घर नहीं गया था और उसकी पत्नी ममता देवी के साथ उसका विवाद चल रहा था।

# उपभोक्ताओं को समय पर उपलब्ध कराएं एलपीजी : अभिलाषा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला अंतर्गत विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में कुल 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7565 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6550 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को



उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 06186-295027 क्रियाशील है, जिस पर आमजन अपनी समस्या या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिले के कुल 37 गैस एजेंसियों में से 06 संवेदनशील गैस एजेंसियों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। नियंत्रण कक्ष में 25 मार्च को प्राप्त कुल 12 शिकायतों में से 11 शिकायतों का निष्पादन कर दिया गया है तथा 01 शिकायत का निष्पादन प्रक्रियाधीन है। कालाबाजारी एवं जमाखोरी की रोकथाम हेतु सतत निगरानी की जा रही है। इस संबंध में औचक निरीक्षण किया जा रहा है तथा अब तक कोई वाद दर्ज नहीं किया गया है। विदित हो कि भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि रिफिल बुकिंग की समय-सीमा में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यह शहरी क्षेत्रों के लिए 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिन पूर्ववत बनी हुई है। मंत्रालय द्वारा राज्यों को कमर्शियल एलपीजी का आवंटन बढ़ाकर पूर्व-संकट स्तर का 50 प्रतिशत कर दिया गया है। सभी कमर्शियल एवं इंडस्ट्रियल उपभोक्ताओं को आवंटन हेतु ओएमसी के साथ पंजीकरण करना और पीएनजी हेतु आवेदन करना अनिवार्य होगा। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित गैस एजेंसी अथवा जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें।

# एनडीपीएस मामले में एक को सश्रम कारावास और दो लाख जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय में जिला जज द्वितीय की अदालत ने एनसीबी अपराध मामला संख्या-12/22, जीआर-16/22, यूनियन ऑफ इंडिया बनाम विनय पांडेय व अन्य मामले में सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए एक अभियुक्त को सजा सुनाई। न्यायालय ने प्राथमिक अभियुक्त विनय पांडेय को एनडीपीएस अधिनियम के तहत दोषी करार देते हुए कठोर दंड निर्धारित किया। स्पेशल लोक अभियोजक परवेज अख्तर ने बताया कि विनय पांडेय, निवासी मुफ्फसिल आरा, को 09 मार्च 2026 को दोषी ठहराया गया था। सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश ने एनडीपीएस अधिनियम की दो धाराओं में दस-दस वर्ष का सश्रम कारावास और एक-एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में छह महीने का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक अन्य अभियुक्त भजन मेयर को साक्ष्य के अभाव में 09 मार्च 2026 को दोषमुक्त कर दिया गया था। मामले के संबंध में बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर एनसीबी अधिकारियों ने 09 अप्रैल 2022 को 127.9 किलोग्राम गांजा के साथ वाहन चालक विनय पांडेय को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से ही अभियुक्त न्यायिक हिरासत में था। सजा सुनाए जाने के बाद उसे पुनः जेल भेज दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)

सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)

पिन - 824101

मो.-9431223574,9572550076

व्हाटसप नं.-7295863300

ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com

Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**

31, कॉपरेटिव कॉलोनी.

बोकारो स्टील सिटी, बोकारो

मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**

मो.- 09818366269

# विभिन्न मामलों में आठ लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 37 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 8 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में 2, हत्या के प्रयास में 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 29 लोगों की गिरफ्तारी की गई। वाहन जांच अभियान के तहत 1088 वाहनों की जांच की गई जिसमें 52000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 160 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# बिना प्रशासनिक अनुमति के रामनवमी पर नहीं होगा कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, जुलूसों के संचालन तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले सभी जुलूसों का शत-प्रतिशत लाइसेंसी होना अनिवार्य होगा। बिना अनुज्ञप्ति किसी भी प्रकार का जुलूस निकालने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जुलूस हेतु अनुज्ञप्ति निर्धारित शर्तों के साथ निर्गत की जाएगी तथा अनुज्ञप्ति



में अंकित समय, मार्ग एवं अन्य शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। जुलूस के दौरान डीजे के उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा तथा किसी भी प्रकार का हथियार प्रदर्शन, तलवारबाजी अथवा शक्ति प्रदर्शन पूर्णतः वर्जित रहेगा। बिना प्रशासनिक अनुमति किसी भी प्रकार का सांस्कृतिक अथवा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जुलूसों के साथ दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी प्रति नियुक्त रहेंगे। पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए ड्रोन कैमरा से निगरानी की जाएगी तथा सभी जुलूसों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। साथ ही विधि-व्यवस्था भंग करने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा डीजे एवं तलवार जप्त करने की कार्रवाई किया जा रहा है, ताकि रामनवमी के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। बैठक में उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मोहम्मद सादुल हसन खां, अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, वरीय उपसमाहर्ता रितेश यादव, वरीय उपसमाहर्ता बेबी प्रिया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, निदेशक डीआरडीए अनुपम कुमार, सभी पुलिस उपाधीक्षक उपस्थित रहे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना अध्यक्ष एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी बैठक से जुड़े रहे।